नई दिल्ली, मंगलवार 9 सितंबर 2025 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 29, अंक : 146 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29 न्यून.23 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



संसरशिप पर ओली सरकार के खिलाफ

## ‘विद्रोह’

भारत के खिलाफ ‘आग’ उगलने वाले पड़ोसी देश बांग्लादेश व नेपाल... अब खुद की ‘आग’ से ही बेहाल

# नेपाल में सोशल मीडिया बैन...सड़कों पर उतरे ‘युवा’ संसद पर बोला धावा, पुलिस फायरिंग में 22 की मौत

स्कूली यूनिफॉर्म में सड़कों पर उतर आए विद्यार्थी, समाज का हर वर्ग इन युवाओं के साथ आया

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल सरकार द्वारा 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में सोमवार को युवाओं के नेतृत्व में यहां हिंसक प्रदर्शन हुए, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग घायल हो गए। हालात को नियंत्रित करने के ▸▸ शेष पेज 5 पर

» नेपाल सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध 2023 में सोशल नेटवर्क प्रबंधन के लिए बनाए गए कुछ नियमों के आधार पर लगाया

» काठमांडू व पोखरा में कर्फ्यू, प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश 4 पत्रकारों की मौत, 500 से ज्यादा घायल, नेपाल के गृहमंत्री ने दिया इस्तीफा

- पुलिस को लाठियां चलानी पड़ी, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां भी दागी
- विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय सुरक्षा बलों ने सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी





### ‘हामी नेपाल’ के बैनर तले प्रदर्शन

दमक में प्रदर्शनकारियों ने दमक चौक से नगरपालिका कार्यालय की ओर मार्च किया, जहां उन्होंने नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पुतला फूंका और कार्यालय के द्वार तोड़ने का प्रयास किया। हालात और न बिगड़ें, इसके लिए सेना को मोर्चे पर उतार दिया गया है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 5 साल पहले सुप्रीम कोर्ट में लगी थीं याचिकाएं

*नेपाल में दिसंबर 2020 में एडवोकेट बीपी गौतम और अनीता बजगैन ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी और इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए विदेशी कंपनियों के विज्ञापन बेरोकटोक दिखाए जाने पर प्रतिबंध की मांग की थी। इसी कड़ी में नेपाल केबल टेलिविजन फेडरेशन के महासचिव मनोज गुरुंग ने भी एक रिट याचिका दायर की थी। कोर्ट ने तब सरकार से इस संबंध में नियम बनाने के लिए कहा था। अब पांच साल बाद तीन सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस टेक प्रसाद धुनगना और शांति सिंह थापा की बेंच ने इन रिट याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं के पक्ष में मैंडामस जारी किया। यह सर्वोच्च न्यायालय का ऐसा आदेश है, जिसके जरिए सरकारी अधिकारी,* ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### होसबाले को एम्स में कराया गया भर्ती



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दत्तात्रेय होसबाले को सोमवार को उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बीमार पड़ने के बाद एम्स-जोधपुर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की एक टीम आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले का इलाज कर रही है।

### मुंबई से आ रही एयर इंडिया फ्लाइट में तकनीकी खराबी



**नई दिल्ली।** मुंबई से आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट सोमवार शाम तकनीकी कारणों से दिल्ली एयरपोर्ट पर पहली कोशिश में लैंडिंग से चूक गई। हालांकि, 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में फ्लाइट नंबर एआई- 2910 की सुरक्षित लैंडिंग हुई। पहले ही ऐसे मामले आ चुके हैं।

### दिवाली-छठ पर बिहार में चलेंगी विशेष ट्रेनें



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने ‘एक्स’ लिखा कि इस वर्ष विशेष ट्रेन की कुल संख्या 12739 होगी।

**सुबह 10 बजे से वोटिंग :** दोनों सदनों में कुल 781 सदस्य, जीत के लिए चाहिए 391 वोट, एनडीए के पास इससे ज्यादा वोट

» **एनडीए के** सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया के जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला

# ठीक 50 दिन बाद : आज ‘शाम 6 बजे’ देश को मिल जाएगा ‘नया’ उपराष्ट्रपति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा। इसी दिन शाम 6 बेज तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह 15 वां नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। मतदान 9 सितंबर, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन में होगा। वोटों की गिनती शाम 6 बजे से और तुरंत परिणाम घोषित होंगे। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि, संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस बीच, केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन ▸▸ शेष पेज 5 पर

*केसीआर की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सदस्य*

» ***इस चुनाव में सांसदों को व्हिप जारी नहीं किया जाता है***

» ***संविधान के अनुच्छेद 66 में बताई गई है उपराष्ट्रपति चुनाव की पूरी प्रक्रिया***



सीपी राधाकृष्णन (एनडीए) | सुदर्शन रेड्डी (इंडिया ब्लॉक)

*विपक्ष ने कहा कि यह चुनाव दल पर नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर होगा*

*भाजपा बोली चारा घोटाले के आरोपी से मिलकर रेड्डी देश की कौनसी आत्मा बचाएंगे?*

### उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में क्यों नहीं होता ईवीएम का इस्तेमाल?

इस चुनाव की प्रक्रिया, जहां राज्यसभा और लोकसभा के सांसद वोट डालते हैं और वह भी अनुपातिक मूल्यांकन और वरीयता आधारित प्रणाली से। यही कारण है कि यहां मतपत्र का ही सहारा लिया जाता है। उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान के दौरान हर मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने 1, 2, 3, 4 जैसी ▸▸ शेष पेज 5 पर

रविशंकर ने उठाया सवाल

### आप (रेड्डी) किस तरह के रिटायर जज हैं?

सोमवार को विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी की लालू यादव से मुलाकात पर भाजपा की तरफ से प्रहार किया गया है। भाजपा के नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सुदर्शन रेड्डी ने देश की आत्मा को बचाने के लिए वोट मांगा है, बहुत बड़ी-बड़ी बातें की गई हैं। देश की आत्मा को बचाने के लिए वो लालू प्रसाद यादव से मिल रहे हैं। लालू प्रसाद यादव चारा घोटाला मामले में दोषी हैं। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि आप किस तरह के रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट के जज हैं, जो व्यक्ति दोषी है ▸▸ शेष पेज 5 पर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र सेनाओं का पहला बड़ा सम्मेलन

# 15 सितंबर को कोलकाता में प्रधानमंत्री करेंगे संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन



- रक्षा मंत्री, एनएसए, सीडीएस और तीनों सेनाप्रमुख करेंगे शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर को हाल ही में चार महीने पूरे हो चुके हैं। सीमाओं पर सेनाओं की सुरक्षा तैयारियां चाक-चौबंद बनी हुई हैं। इन सबके बीच अगले सप्ताह की शुरुआत में 15 से 17 सितंबर तक कोलकाता में पहला सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 (सीसीसी) आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पहलगाम हमले में मारे गए 26 लोग

*गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने बड़ी ही क्रूरता के साथ धर्म पूछकर कुल 26 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का रहने वाला नागरिक शामिल था। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। जिसके तहत सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 100 से अधिक आतंकियों को पलक झपकते ही मौत के घाट उतार दिया था। साथ ही पाकिस्तान के पर कतरने के लिए उस पर कई प्रकार की कूटनीतिक पाबंदियां भी लगाई गई हैं। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर अभियान अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। अगर पड़ोसी दुश्मन देश द्वारा फिर से भारत के खिलाफ कोई आतंकी हमला किया गया। तो उसे उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।*

## जनगणना 2027: पूरी तरह होगी डिजिटल, मोबाइल से होगा डेटा संग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत में 2027 में होने वाली अगली जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल रूप में आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि इस बार लगभग 34 लाख गिनतरीकर्मी और पर्यवेक्षक अपने-अपने निजी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर घर-घर जाकर डेटा इकट्ठा करेंगे। गृह मंत्रालय और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के अधिकारियों के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन तैयार किया गया है। यह ऐसा ऐप होगा जो हर तरह के मोबाइल को सपोर्ट करेगा। एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा और सीधे डेटा को केंद्रीय सर्वर पर अपलोड करेगा।

**2021 की जनगणना से शुरू हुई थी तैयारी :** दरअसल, यह मोबाइल ऐप सबसे पहले 2021 की जनगणना के लिए विकसित किया गया था, लेकिन कोविड महामारी और अन्य कारणों से उस समय जनगणना टल गई थी। अब इस ऐप को नए तकनीकी मानकों के अनुसार अपडेट और ‘री-कैलिब्रेट’ किया जा रहा है ताकि यह ▸▸ शेष पेज 5 पर

252 ड्रोन पायलटों व 136 तकनीशियनों को मिला प्रमाण पत्र

## हिसार के सिसाय में बनेगा दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा ड्रोन हबः नायब सिंह सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा को ड्रोन टेक्नोलॉजी, नवाचार और नई तकनीक का हब बनाने की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को चंडीगढ़ में हरियाणा निवास में आयोजित ड्रोन पायलटों और तकनीशियनों के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से प्रमाणित 252 ड्रोन पायलटों और 136 ड्रोन तकनीशियनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा की ड्रोन टेक्नोलॉजी में लंबी छलांग है। हिसार जिले के गांव सिसाय में देश का पहला ड्रोन विनिर्माण टेक्नोलॉजी हब स्थापित किया जा रहा है, जो दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा हब होगा। इसमें ड्रोन के विनिर्माण, मरम्मत और प्रशिक्षण की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेना और सशस्त्र बलों के लिए 5 ड्रोन का ई-लोकार्पण तथा गांव सिसाय में बने एवीपीएल इंटरनेशनल के ▸▸ शेष पेज 5 पर

किसान-केंद्रित नवाचार, लघु-उत्पादक फसलों, पोषण एवं खाद्य प्रणालियों तथा अगली पीढ़ी की कृषि सफलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रीत रहेगी चर्चा

## वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर नई दिल्ली में ‘डायलॉगनेक्स्ट’ सम्मेलन शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर नई दिल्ली में 8-9 सिंतबर, 2025 तक दो दिवसीय ‘डायलॉगनेक्स्ट’ सम्मेलन का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कन्वेंशन सेंटर में किया गया। वर्ल्ड फ़ूड प्राइज़ फाउंडेशन द्वारा सीआईएमएमआईटी, बोरलॉग इंस्टीट्यूट फ़ॉर साउथ एशिया (बीआईएसए) तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के साथ साझेदारी में इस सम्मेलन का आयोजित किया गया। प्रमुख सत्रों में किसान-केन्द्रित नवाचार, लघु-उत्पादक फसलों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, पोषण एवं खाद्य प्रणालियों, मूल्य श्रृंखलाओं तथा अगली पीढ़ी की कृषि सफलताओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सोमवार को सम्मेलन के पहले दिन देश भर से जुटे वरिष्ठ नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर गहन चिंतन-मंथन किया। इस दो दिवसीय उच्च स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व के खाद्य भविष्य को ▸▸ शेष पेज 5 पर

# मुंबई में रेलयात्रियों से जबरन वसूली पर रेल मंत्रालय सख्त, 13 सस्पेंड

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मुंबई रेलवे पुलिस पर यात्रियों से जबरन वसूली करने के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले पाँच महीनों में इस मामले में कुल 13 पुलिसकर्मी निलंबित किए जा चुके हैं। ताज़ा घटनाओं ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि यात्री सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएँ उत्पन्न की हैं। रेलमंत्रालय ने सख़्त रुख़ अख़्तियार कर भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिया है। मामला चूँकि जीआरपी सुरक्षाकर्मियों से जुड़ा है संबंधित जीआरपी पुलिस राज्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बॉम्बे सेंट्रल का मामला

*10 अगस्त को राजस्थान से आए एक ज्वेलर और उसकी नाबालिग बेटी से बॉम्बे सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के तीन पुलिसकर्मियों ने बैगेज चेकिंग के बहाने करीब 30 हजार रुपये वसूले। यात्रियों के पास से सोने की पट्टी और 31 हजार 900 रुपये नकद पाए गए थे, लेकिन केवल 1 हजार 900 रुपये लौटाए गए। इस मामले में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अनिल राठौड़ और हेड कॉन्स्टेबल ललित जगताप व राहुल भोसले पर नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। घटना को लेकर पहले राजस्थान के रतगढ़ थाने में शिकायत हुई थी, जिसे बाद में मुंबई जीआरपी को ट्रांसफर किया गया। तीनों आरोपी पुलिसकर्मी फिलहाल निलंबित हैं और फरार बताए जा रहे हैं।*

पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों से किया दिवाली तक ‘स्वदेशी मेला’ लगाने का आह्वान

उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों की बैठक को किया संबोधित

# मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही ‘स्वदेशी मंत्र’

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

*उपराष्ट्रपति चुनाव में किन बातों का ध्यान रखना है? पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों को बताया*



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एनडीए सांसदों की बैठक में ‘वोकल फॉर लोकल’ के नारे पर जोर देते हुए सांसदों से दिवाली तक ‘स्वदेशी मेला’ आयोजित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। सूत्रों के अनुसार मोदी ने यह भी कहा कि सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापारियों से मुलाकात करें और जीएसटी दरों में कटौती को लेकर सरकार की पहल का संदेश जनता तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले नई दिल्ली में हुई संसदीय दल की बैठक में सांसदों को समझाया कि ‘स्वदेशी मेला’ से छोटे कारीगरों, हस्तशिल्पकारों और स्थानीय उद्योगों को नया मंच मिलेगा। उन्होंने एनडीए सांसदों को मंगलवार 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव पर भी मार्गदर्शन दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन करीब 40 मिनट का था। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सांसदों को नसीहत दी और भारत के आगे आने वाले दिनों में क्या चुनौतियां हैं, उसका भी जिक्र किया। उपराष्ट्रपति चुनाव में किन बातों का ध्यान रखना है? पीएम मोदी ने यह भी बीजेपी सांसदों को बताया। पीएम मोदी का कहना था कि निर्वाचन अधिकारी जो कलम दे उसी का सतर्कता से इस्तेमाल किया ▸▸ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली 'कलश' चोरी मामला

# उप्र के हापुड़ से एक व्यक्ति गिरफ्तार, कलश बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पुलिस ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने का कलश बरामद कर लिया है, जो यहां लालकिले के पास आयोजित एक धार्मिक समारोह के दौरान चोरी हो गया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। लालकिले के निकट 15 अगस्त पार्क में तीन सितंबर को जैन धार्मिक समारोह से 760 ग्राम सोने और 150 ग्राम हीरे, माणिक और पन्ने से जड़ा लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य का यह 'कलश' चोरी हो गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच उत्तरी जिला पुलिस और अपराध शाखा की एक टीम संयुक्त रूप से कर रही है। इसने कहा कि सुराग के आधार पर एक टीम हापुड़ भेजी गई और आरोपी भूषण वर्मा को पकड़कर हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ कलश भी बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि वर्मा की पृष्ठभूमि, उसके साथियों और चोरी के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है।

सिविल लाइंस निवासी व्यवसायी सुधीर जैन ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस कार्यक्रम से कलश चोरी हुआ, वह 28 अगस्त को शुरू हुआ था और नौ सितंबर को समाप्त होगा। जैन ने पुलिस को बताया कि वह अनुष्ठान के लिए हर दिन 'कलश' अपने साथ लाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कलश उस समय चुराया जब लोग लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के स्वागत में व्यस्त थे। इसने पहले बताया था कि संदिग्ध कई दिन से कार्यक्रम स्थल पर लगातार आ रहा था और टोह ले रहा था। पुलिस ने बताया था कि उसने पारंपरिक कपड़े पहने और आयोजकों के साथ घुल मिलकर मंच पर बैठ गया, जहां 'कलश' रखा गया था। सूत्रों ने कहा कि आरोपी ने वहां से कुछ अन्य महत्वपूर्ण सामान भी उठाया था और उसने चोरी की सोची-समझी योजना बनाई थी। जांचकर्ताओं ने कहा कि वर्मा ने पहले से ही कार्यक्रम स्थल की टोह ली हुई थी और चोरी करने से पहले पारंपरिक धोती-कुर्ता पहने एक भक्त के रूप में भीड़ में घुल-मिल गया था। पुलिस के सूत्र ने कहा कि जैन धर्म के दस दिवसीय धार्मिक आयोजन दसलक्षण महापर्व के दौरान तीन सितंबर को चोरी हुई थी। शुरुआती पूछताछ में वर्मा की निशानदेही पर एक कलश बरामद होने की पुष्टि हुई है। लेकिन जांच से पता चला है कि तीन कलश चोरी हुए हैं, जिनकी कुल कीमत संभवतः 1.5 करोड़ रुपये से ज़्यादा है। बाकी सामान का पता लगाने और किसी भी सहयोगी की गिरफ़्तारी के प्रयास जारी हैं।

## गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने 24 वर्षीय युवक को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार शाम को उस समय हुई जब अब्दुल वाहिद नामक व्यक्ति गांधी नगर स्थित अपनी दुकान बंद करके अपने रिश्ते के भाइयों के साथ स्कूटर पर घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार जगजीत नगर निवासी वाहिद अपने भाई कलाम (24) और जाहिद (13) के साथ स्कूटर पर जा रहा था, तभी दूसरे पुश्ता के पास दो लोग उनके पास आए। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमलावरों ने कथित तौर पर उस पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं और फरार हो गए। गोली लगने के बाद वाहिद के परिवार के सदस्य उसे जेपीसी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है।'' पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि अपराध एवं फॉरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया और महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। साथ ही, हमलावरों की पहचान करने और हमले के मकसद का पता लगाने के लिए कई टीमों को तैनात किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# ऑनलाइन कसीनो गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस ने एक ऑनलाइन कसीनो गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इस सिलसिले में गिरोह के सरगना समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पांच सितंबर को दिल्ली के बाहरी जिले के सुल्तानपुरी में डीडीए मार्केट के पास अवैध ऑनलाइन जुए के बारे में एक गुप्त सूचना के बाद संयुक्त टीम ने अभियान को अंजाम दिया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (बाहरी) सचिन शर्मा ने बताया, ''टीम ने मौके पर छापा मारा और ऑनलाइन जुआ खेलते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें काबू कर लिया गया। घटनास्थल से 85,320 रुपये नकद, छह कंप्यूटर सिस्टम और जुआ से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की गई।'' पुलिस ने कहा कि उन्होंने भुवेंदर उर्फ भूपेंद्र (48), सूरज (26), मयंक (20), राहुल (26), रोहन (23), राजेंद्र गुप्ता (40), धर्मवीर (33), दिलशाद अहमद (33) और राजेश गुप्ता (32) को सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने कहा, ''भूपेंद्र इस गिरोह का सरगना है और वह पहले भी दिल्ली पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत पांच अन्य मामलों में संलिप्त रहा है। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।₹ संदिग्धों से पूछताछ के दौरान, यह पता चला कि गिरोह कथित तौर पर एक अवैध ऑनलाइन कसीनो ऐप संचालित करता था, जिसे आधिकारिक ऐप स्टोर के बाहर होस्ट किए गए संदिग्ध डाउनलोड लिंक के माध्यम से प्रसारित किया जाता था। पुलिस ने बताया कि ये लिंक अक्सर क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संभावित लोगों के साथ साझा किए जाते थे। डीसीपी ने कहा, ''पीड़ितों द्वारा कोड स्कैन करने के बाद उन्हें ऐप इंस्टॉल करने और एक्सेस प्राप्त करने के लिए एक ओटीपी दर्ज करने को कहा जाता था। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन जुए में भाग लेने के लिए असली पैसे से प्वॉइंट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करता था।'' पुलिस ने बताया कि इस व्यवस्थित तरीके से आरोपी लगातार बदलते प्लेटफॉर्म के पीछे अपनी पहचान छिपाते हुए नए शिकारों को फंसाते रहे। इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है।

## दिल्ली सरकार खादी और ग्रामीण उद्योग बोर्ड के माध्यम से शुरू करेगी एक नई स्किल योजना : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार खादी और ग्रामीण उद्योग बोर्ड दिल्ली (डीकेवीआईबी) के जरिए 50 करोड़ रुपये की एक नई स्किल योजना शुरू करेगी। यह योजना बेरोजगार युवाओं, कारीगरों और जरूरतमंद लोगों को ट्रेनिंग देने पर फोकस करेगी। इस बात की जानकारी सोमवार को उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में एक समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मंत्री सिरसा ने कहा कि इस योजना का मकसद नौकरियां पैदा करना है साथ ही भारत की पुरानी शिल्प परंपराओं को जिंदा रखना है। 2025-26 में एनएसडीसी, एनआईईएसबीयूडी और गैर सरकारी संगठनों जैसे पार्टनर्स की मदद से 13 हजार 900 से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग मिलेगी। योजना में 20 प्रतिशत सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट और 50 प्रतिशत पेड जॉब्स की गारंटी है। कोर्स में अपैरल मर्चेंडाइजिंग, लॉजिस्टिक्स वर्क, आईटी हेल्प डेस्क, सेल्फ-एम्प्लॉयड टेलरिंग और खादी फैशन मेकिंग जैसे प्रैक्टिकल स्किल्स शामिल हैं। ट्रेनी रोजाना एआई, डिजिटल टूल्स, मार्केटिंग और सॉफ्ट स्किल्स के हुनर सीखेंगे। उन्हें 5 महीने तक 400 रुपये प्रति महीना मिलेगा, साथ ही ट्रेनिंग के बाद लोन और सर्टिफिकेट की मदद भी मिलेगी। उद्योग मंत्री सिरसा ने कहा कि हमारी सरकार खादी और ग्रामीण उद्योगों की सदियों पुरानी कला को बचाने के लिए समर्पित है, साथ ही युवाओं को भविष्य के टूल्स से लैस कर रही है। यह योजना विरासत शिल्प को एआई और डिजिटल ट्रेनिंग से जोड़कर नौकरियां बनाएगी।

### 10 सदस्यों को किया गिरफ्तार

# अंतर्राज्यीय बाल तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, छह शिशु बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय बाल तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक साल से कम उम्र के छह शिशुओं को बचाया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बच्चों की अवैध खरीद-फरोख्त में कथित रूप से शामिल गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तस्करी कर लाए गए छह महीने के एक शिशु को अभियान के दौरान 48 घंटे के भीतर सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में नेटवर्क संचालित होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया, ₹गिरोह के सदस्य बच्चों की तस्करी के लिए कमजोर परिवारों और अस्पतालों को निशाना बनाते थे। पुलिस की समय पर कार्रवाई से इन बच्चों को बचा लिया गया।₹ यह गिरोह कथित तौर पर अवैध रूप से गोद लेने और पैसों के लिए शिशुओं की बिक्री का धंधा करने में सक्रिय था। जांच अधिकारियों ने बताया कि आरोपी गरीब परिवारों को लालच देते थे और अपने संपर्कों के जरिए अस्पतालों से नवजात शिशुओं को खरीदने की भी कोशिश करते थे। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस के कर्मियों द्वारा की गई निगरानी और प्राप्त सूचनाओं के बाद इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारियों के बाद, गिरोह के अन्य सदस्यों और बच्चों की खरीद करने वाले लाभार्थियों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है। इस अभियान के बारे में आगे की जानकारी दिल्ली पुलिस सोमवार को अपने मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में साझा करेगी।

# चोरी के 82 मोबाइल बरामद, दो लोग पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के नेब सराय इलाके में मोबाइल चोरी और झपटमारी के सिलसिले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन आरोपियों के पास चोरी और झपटमारी के 82 मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि ये दोनों आरोपी फैयाज (28) और 31 वर्षीय एक महिला हैं जबकि मुख्य आरोपी मुस्ताक उर्फ बंटी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, गांधी नगर क्षेत्र में निगरानी के दौरान अजय नाम का एक संदिग्ध पकड़ा गया, जिसने बताया कि उसका सिम कार्ड फैयाज इस्तेमाल कर रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस की एक टीम ने छापा मारा और फैयाज को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर चोरी के 25 मोबाइल फोन बरामद किए गए। कड़ी पूछताछ के दौरान, फैयाज ने खुलासा किया कि वह अपने बहनोई मुस्ताक और अपनी बहन के साथ मिलकर चोरी के फोन थोक में खरीदता था। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने मुस्ताक के घर पर छापा मारा, लेकिन वह फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने उसकी पत्नी के पास से 57 अतिरिक्त मोबाइल फ़ोन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि चोरी के कुल 82 मोबाइल फोन जब्त किए गए और दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में 16 मामले सुलझाए गए। आरोपियों ने कथित तौर पर चोरों से लूटे या छीने गए मोबाइल फोन खरीदे थे और उन्हें दिल्ली से बाहर बेचने के लिए ले जाने में मदद की, जिससे अवैध बाजार में उनका प्रचलन बढ़ गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इरफान, पुत्र मोहम्मद इलियास निवासी ए-244-245, तृतीय तल, जे.जे. कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 176/2015, भा.द.सं. की धारा 354 के तहत, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 176/2015, भा.द.सं. की धारा 354 के तहत, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद इरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी (प्रथम श्रेणी)
महिला कोर्ट-01, (उत्तर-पश्चिम)
कमरा नं. 106, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/11714/NW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिम्मत सिंह पुत्र** किशन सिंह **निवासी** न्यू बी–599, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 173/19, U/S 33/38 D. Ex. Act, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिम्मत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिम्मत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 173/19, U/S 33/38 D. Ex. Act, पुलिस स्टेशन राजौरी गार्डन, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हिम्मत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,
पश्चिम जिला, कमरा नं0–356,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11981/WD/2025
(Court Matter)

## उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी मंत्री नियुक्त हुए कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा को उत्तर-पूर्व संसदीय क्षेत्र का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। वह नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रखेंगे और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेंगे। इस बात घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों और प्रस्तावों की समीक्षा बैठक करने के दौरान की। इस बैठक में बैठक में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली के मेयर राजा इक़बाल सिंह, एमसीडी स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, विधायकगण एवं पार्षदों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद, विधायक और पार्षद अपने-अपने प्रस्ताव और समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत करें, तभी उन पर तेजी से कार्यवाही संभव होगी। इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी पार्षद अपने द्वारा प्रस्तावित कार्यों की जानकारी सांसद और विधायक को लिखित में उपलब्ध कराएं, ताकि कार्यों में दोहराव न हो और जिम्मेदारी स्पष्ट बनी रहे।

# मांग मानने के बाद वकीलों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की, आज से लौटेंगे काम पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हड़ताल दूसरी बार शुरू हुई वकीलों की हड़ताल के पहले ही दिन पुलिस द्वारा मांग मान लेने के बाद हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी है। इस मामले पर दिल्ली की सभी जिला बार एसोसिएशन की संयुक्त समिति के अध्यक्ष वीके सिंह व सेक्रेटरी अनिल बसोया ने बकायदा बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की अदालतों में पुलिसकर्मियों के फिजिकली (सशरीर) आने की मांग पुलिस ने मान ली हैं, ऐसे में सर्वसम्मति से न्यायिक बहिष्कार का फैसला वापस लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब अदालतों में मंगलवार से वकील काम पर वापस लौटेंगे। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण त्यागी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने आज ही अपने पुराने सर्कुलर में संशोधन करते हुए कहा कि दिल्ली की अदालतों में किसी भी पुलिस अधिकारी की पुलिस थानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये गवाही नहीं होगी। अब पहले की तरह ही संबंधित पुलिस कर्मी अथवा अधिकारी कोर्ट में पेश होकर कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। प्रवीण ने बताया कि इस मुद्दे पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा 13 अगस्त 2025 को जारी की गई अधिसूचना का विरोध करते हुए समिति के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने 22 अगस्त से 28 अगस्त तक हड़ताल की थी। लेकिन 4 सितंबर 2025 को दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर क्राईम देवेश चंद्र श्रीवास्तव केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ हुई समिति की बैठक के खिलाफ जाकर सभी निचली अदालतों और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर कहा था कि पुलिस थानों से केवल औपचारिक पुलिस गवाह की गवाही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये करायी जाएगी। जबकि जो ठोस गवाह होंगे उनकी गवाही कोर्ट रुम में सभी पक्षों से बातचीत के बाद करायी जा सकती है। प्रवीण त्यागी के अनुसार इसके बाद ही सभी जिला बार एसोसिएशन की संयुक्त समिति ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया था। लेकिन आज मांग मान लेने के बाद समिति ने हड़ताल वापसी की घोषणा कर दी है।

**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
Tel: 011-25774212-214, Email id: rekha.srivastava2016@gmail.com
CIN: L52324DL1981PLC012033

**43वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये **फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड** के शेयरधारकों की 43वीं वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार 30 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 10.00 बजे अमराई फार्म्स, खसरा नं. 375, गांव कापसहेड़ा, निकट पुलिस चौकी, पुरानी दिल्ली–गुड़गांव रोड, कापसहेड़ा, नई दिल्ली–110037 में आयोजित की जाएगी।

43वीं एजीएम की सूचना और वर्ष 2024–25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां सभी शेयरधारकों को जिनके ई–मेल आईडी कम्पनी के आरटीए, पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, शेयरधारक जिनके ई–मेल आईडी कम्पनी के पास पंजीकृत नहीं है, वार्षिक रिपोर्ट की प्रति या तो कम्पनी की वेबसाइट (http://fortuneinternational.in) अथवा बीएसई की वेबसाइट (https://www.bseindia.com) से प्राप्त कर सकते हैं।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार, 24 सितम्बर 2025 से मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 तक दोनों दिन मिलाकर, एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

सदस्यों को एनएसडीएल द्वारा एजीएम के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली (''दूरस्थ ई-वोटिंग'') का उपयोग करते हुये 43वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी प्रस्तावों पर अपना मत देने की सुविधा प्रदान की गई है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

- 43वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार सामान्य बिजनेस का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है।
- दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा शनिवार 27 सितम्बर 2025 (पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी) को आरम्भ होगी और सोमवार 29 सितम्बर 2025 (अप. 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि व समय के उपरांत दूरस्थ ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मत देने की पात्रता निर्धारित करने के लिये कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2025 है।
- कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वह मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
- सदस्य नोट करें कि (ए) मत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी, (बी) जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से एजीएम से पहले अपना मतदान कर दिया है वे एजीएम में भी उपस्थित हो सकते हैं परन्तु अपना मत पुनः देने के पात्र नहीं होंगे, (सी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किये गये लाभप्राप्तकर्ता मालिकों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि के अनुसार दर्ज है केवल वे ही दूरस्थ ई–वोटिंग के साथ-साथ मत पत्र के माध्यम से एजीएम में मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
- 43वीं एजीएम की सूचना, डाउनलोड करने हेतु, कम्पनी की और बीएसई की वेबसाइट www.fortuneinternational.in/www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
- किसी पूछताछ के सम्बन्ध में आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूएस) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध सदस्यों हेतु दूरस्थ ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं।

विस्तृत एजीएम सूचना हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें ⇨

दिनांक : 08.09.2025
स्थान : नई दिल्ली

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
निवेदन भारद्वाज
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन-00040191)

### दलालों और इंस्पेक्टरों से मुक्ति पाएंगे संपत्ति मालिक

# अब ऑनलाइन कैलकुलेटर से होगा प्रॉपर्टी टैक्स आसान

दया राम ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम ने राजधानी के संपत्ति मालिकों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए संपत्ति मालिकों को न तो निगम इंस्पेक्टरों के चक्कर लगाने होंगे और न ही किसी दलाल के जाल में फंसना पड़ेगा। निगम प्रशासन ने सैकड़ों शिकायतों के बाद 'ऑनलाइन प्रॉपर्टी टैक्स कैलकुलेटर' लॉन्च कर दिया है और जल्द ही इसे और आसान बनाने के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो भी जारी करने निर्णय लिया है। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय स्थित संपत्तिकर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि संपत्ति मालिक समय पर टैक्स देना चाहते हैं, लेकिन जटिल प्रक्रिया और पारदर्शिता की कमी के चलते अक्सर वे दलालों और इंस्पेक्टरों पर निर्भर हो जाते थे। कई बार टैक्स भरने के बाद भी निगम से नोटिस मिलने पर उन्हें पता चलता था कि पूरा टैक्स जमा नहीं हुआ है। इस तरह की सैकड़ों शिकायतों को देखते हुए निगम ने व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने का फैसला किया है। अधिकारी के अनुसार, निगम की कोशिश है कि यह नई व्यवस्था 'जनहित में गेम चेंजर साबित हो' और राजधानी में टैक्स वसूली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जा सके।

नई व्यवस्था के तहत दिल्ली नर निगम की वेबसाइट https://mcdonline.nic.in पर ऊपर की तरफ दायीं तरफ 'पेप्रोपर्टी टैक्स' का विकल्प होगा। इस पर क्लिक करने के बाद बायीं तरफ ऊपर की तरफ 'प्रोपर्टी टैक्स कैलकुलेटर' का नया विकल्प खुलेगा और इस विकल्प पर क्लिक करने के बाद विभिन्न संबंधित बॉक्स खुलेंगे। यहां संपत्ति मालिक को केवल अपनी संपत्ति से जुड़ी जानकारी (जैसे क्षेत्र, श्रेणी, निर्माण वर्ष, आदि) भरनी होगी। जानकारी डालते ही स्क्रीन पर तुरंत प्रॉपर्टी टैक्स की गणना दिखाई दे जाएगी।

### क्या होंगे इसके फायदे

संपति कर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संपति मालिक सीधे ऑनलाइन सही टैक्स की गणना कर सकेंगे। दलालों और संपति कर इंस्पेक्टरों पर निर्भरता खत्म होगी। निगम को समय पर राजस्व प्राप्त होगा, जिससे जनहित में विकास कार्य तेजी से होंगे। टैक्स प्रणाली में पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा।



### खतरे के निशान से नीचे आया यमुना का जलस्तर

# गाद को लेकर बाढ़ प्रभावित लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना का जलस्तर अब खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे 205.22 मीटर पर आ गया है। वहीं जलस्तर घटने पर बाढ़ ग्रस्त इलाकों में जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। हालांकि बाढ़ के पानी के साथ आई गाद को लेकर बाढ़ प्रभावित लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि जब तक गाद सूख नहीं जाती है तब तक उसे साफ नहीं किया जा सकता है। इसलिए उन्हें मजबूरन अभी कुछ दिन राहत शिविरों में ही काटने पड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर पिछले बृहस्पतिवार को 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस मौसम का सबसे उच्चतम स्तर था। इसके बाद से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सोमवार सुबह छह बजे जलस्तर 205.24 मीटर पर था। बाढ़ नियंत्रण बुलेटिन के अनुसार, सोमवार रात आठ बजे तक जलस्तर 205.02 मीटर पर पहुंच जाएगा तथा इसमें गिरावट जारी रहेगी। यमुना का जलस्तर घटने के साथ ही प्रभावित लोग अपने घरों को लौटने लगेंगे। हालांकि, उनके सामने अगली बड़ी चुनौती अपने घरों की साफ-सफाई और कारोबार को फिर से शुरू करने की होगी। यमुना ने मंगलवार को खतरे का निशान पार कर लिया था, जिसके कारण पुराने रेलवे पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया था। इस स्थिति के कारण करीब 10 हजार लोग प्रभावित हुए।



## डेंगू-मलेरिया से निपटने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग कर्मियों की साप्ताहिक छुट्टियां रद्द

**नई दिल्ली।** राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश और मच्छरों के प्रजनन की बढ़ती समस्या को देखते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वेक्टर जनित बीमारियों (डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया) से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। दिल्ली नगर निगम में चिकित्सा राहत एवं जन स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष चड्डा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सक्षम प्राधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि 6 सितंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक शनिवार और रविवार को भी जलजनित बीमारियों से जुड़े सभी कर्मचारी काम करेंगे। इस आदेश के तहत सभी उपस्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ), एपिडेमियोलॉजिस्ट, एंटोमोलॉजिस्ट और सहायक चिकित्सा अधिकारी (एएमओ) को सप्ताह के सातों दिन ड्यूटी पर रहना होगा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शनिवार और रविवार को काम करने वाले जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को 1 दिसंबर 2025 के बाद उतनी ही संख्या में प्रतिपूरक अवकाश दिया जाएगा। दिल्ली में पिछले वर्षों की तरह इस साल भी बारिश के मौसम में डेंगू और मलेरिया का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि समय पर कदम उठाना बेहद जरूरी है ताकि बीमारी फैलने से पहले ही नियंत्रण किया जा सके। जनहित में जारी इस फैसले से उम्मीद जताई जा रही है कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में तेजी आएगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल सकेगी।

### विनय कुमार सक्सेना ने राजनिवास में बुलाई बैठक, सीएम व मंत्री रहे मौजूद

# यमुना की सफाई को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा की सरकार बने करीब 7 महीने हो चुके है। ऐसे में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना सफाई को लेकर सोमवार को राजनिवास में एक अहम बैठक बुलाई। जिसमें एलजी के अलावा सीएम रेखा गुप्ता व कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा, कई आला अधिकारी व कई कॉरपोरेट कंपनियों के लोग शामिल हुए। जानकारी अनुसार यमुना को पुनर्जीवित करने की इस महत्वपूर्ण योजना में सीएसआर फंड यानी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े फंड को लेकर बेहद गंभीरता से चर्चा हुई है। बैठक के बाद मंत्री प्रवेश ने कहा कि सरकार राजधानी दिल्ली में यमुना की साफ सफाई और रिवर फ्रंट विकसित करने को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं है हमारी मां है। यमुना राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की धड़कन, हमारी सांस्कृतिक और अमिट आध्यात्मिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि यमुना नदी को साफ सुथरा करे जीवनदायिनी रूप में पुनर्जीवित करना भाजपा सरकार सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए सरकार के अलावा इस कार्य में कॉर्पोरेट जगत, समाज सहित सबको




अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए। प्रवेश ने दावा किया कि यह बैठक कोई चर्चा तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि ठोस कार्य योजना और उसके क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि सीएसआर फंड कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ा एक फंड होता है, जिसमें कंपनियां अपने लाभ का कुछ हिस्सा समाज, पर्यावरण और सामुदायिक विकास के कार्यों में लगाती हैं। भारत में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कुछ कंपनियों के लिए अपने लाभ का एक निश्चित फंड इन सामाजिक पहलों पर खर्च करना अनिवार्य होता है। इस फंड का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। इसलिए एलजी ने यमुना की सफाई के लिए सीएसआर फंड का भरपूर उपयोग करने के लिए चर्चा कर शुरुआत कर दी है। सनद रहे कि केंद्र सरकार के निर्देश पर यमुना नदी के पुनरुद्धार के मामले को लेकर अब केवल दो मुख्य समितियां ही काम करेंगी बाकी सभी को समाप्त कर दिया गया है। दोनों समितियां एक, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दूसरी मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ही गठित की गई है। बीजेपी सरकार बनने के बाद यमुना को लेकर तीन बड़े फैसले लिए गए थे। जिनमें दिल्ली की सीवेज अवसंरचना को सुधारने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की योजना की घोषणा हुई जिसमें 40 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) का निर्माण करना शामिल है। गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर दिल्ली में यमुना रिवर फ्रंट के विकास की योजना को साकार करना, जिसका लेकर साबरमती रिवरफ्रंट बनाने वाली संस्था के साथ अनुबंध भी हो चुका है।

मिलेनियम डिपो के पास 25 हेक्टेयर में एक प्रमुख रिवर फ्रंट, जिसमें शॉपिंग सेंटर, टोपियरी पार्क, केंद्रीय पियाज़ा, और नदी किनारे प्रोमेनेड शामिल हैं। इसके अलावा आईटीओ से पुराना रेलवे ब्रिज तक आसिता ईस्ट और आसिता वेस्ट क्षेत्रों में जल निकाय, हरित क्षेत्र, इको-ट्रेल्स व पैदल मार्ग बनाए जा रहे हैं। निजामुद्दीन से डीएनडी फ्लाईवे तक कालिंदी अविरल व कालिंदी बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र व जैव विविधता को बढ़ावा देंगे। यमुना नदी के सोनिया विहार से जगतपुर के बीच करीब 7 किलोमीटर के बीच एक फेरी व क्रूज सेवा शुरू करने की योजना घोषित हो चुकी है।

## कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी गठन न होने से सैकड़ों शिक्षकों के पद पड़े है खाली, जल्द भरे सरकार : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली की सरकार की लापरवाही का एक नमूना यह भी है कि राजधानी के 28 कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी का गठन नहीं होने से सैकड़ों शिक्षकों के पद खाली पड़े है। यादव ने रेखा गुप्ता सरकार से मांग की है कि वह इस ओर ध्यान दें और तुरंत गवर्निंग बॉडी का गठन करें और रिक्त पदों को भरे। उन्होंने कहा कि हजारों शिक्षकों की भर्ती लंबित होने से छात्रों को शैक्षणिक नुकसान हो रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के 91 कॉलेजों में 28 कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी पिछले वर्षों से नहीं है। जबकि इन 28 कॉलेजों में वह 12 कॉलेज भी शामिल है जिनका 100 प्रतिशत वित पोषण दिल्ली सरकार करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र शुरु हो चुका है ऐसे में 12 कॉलेजों में लगभग 1000 शिक्षकों के स्थायी पद रिक्त पड़े है। जबकि दिल्ली सरकार और प्रबंध समिति ने इन कॉलेजों में शिक्षकों के 1512 पद स्वीकृत किए थे और वर्तमान में इन 12 कॉलेजों में केवल 528 ही स्थायी शिक्षक है। चिंताजनक है कि पिछली सरकार के कार्यकाल में ढाई वर्ष पहले 28 कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, जबकि नई सरकार भी 7 महीने में कुछ नहीं कर पाई। यादव ने कहा कि अपने राजनीतिक हितों में व्यवस्त आम आदमी पार्टी और भाजपा की सरकारों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 28 कॉलेजों में लंबित पड़े गवर्निंग बॉडी के गठन पर अभी तक ध्यान ही नही दिया।

# शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने डीटीयू के विद्यार्थियों को समर्पित की योगी गोस्वामी क्लीन एनर्जी प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ऊर्जा एवं शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में योगी गोस्वामी क्लीन एनर्जी प्रयोगशाला का उद्घाटन कर छात्रों को समर्पित की। यह प्रयोगशाला दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ऊर्जा संक्रमण में नोडल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत प्रो. योगी गोस्वामी (क्लास ऑफ 1969), दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र के उदार योगदान से स्थापित की गई है। इस अवसर पर प्रो. योगी गोस्वामी, डॉ. डी.डी. अग्रवाल अंजली सहारावत, निदेशक, डी.टी.टी.ई, प्रो. प्रतीक शर्मा, कुलपति, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रो. नरेंद्र कुमार, रजिस्ट्रार, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा प्रो. विशाल वर्मा, निदेशक,



एनसीईईटी.उपस्थित रहे। शिक्षा एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने प्रयोगशाला को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक मील का पत्थर तथा देश की आत्मनिर्भरता के विज़न का प्रतीक बताया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा हिस्सेदारी का लक्ष्य वर्ष 2025 में ही प्राप्त कर लिया है, अर्थात पांच वर्ष पूर्व। जून 2025 में देश की कुल विद्युत उत्पादन में 31 प्रतिशत योगदान स्वच्छ स्रोतों से आया, जबकि कोयले पर निर्भरता 3 प्रतिशत कम हुई। भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता अब 224.8 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है, जिसमें 117 गीगावॉट सौर ऊर्जा और 51.7 गीगावॉट पवन ऊर्जा शामिल है। पिछले दस वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन में 4000 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2024 में विद्युत क्षेत्र में किए गए कुल निवेश का 83 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा में गया है। मंत्री सूद ने कहा कि डीटीयू की यह क्लीन एनर्जी प्रयोगशाला न केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता दिलाने में सहायक होगी बल्कि ऐसे स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचारों को प्रेरित करेगी जो दिल्ली और उससे आगे तक ऊर्जा उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे।

## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगेगी चित्र प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और दिल्ली स्टडी ग्रुप अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक चित्र प्रदर्शनी दिल्ली में आयोजित की जा रही है। डॉ. जौली ने बताया कि इस फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक 11 वर्षों के सुशासन और उसकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। डॉ जौली ने बताया कि वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा देश के नागरिकों के लिए शुरू की गई सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं को रंगीन कैनवस स्टैंडियों पर हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित किया जायेगा। यह चित्र प्रदर्शनी कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, डिप्टी स्पीकर हॉल, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01 पर आगामी वृहस्पतिवार, 11 सितंबर 2025 को दोपहर 12.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक चलेगी। डॉ. जौली ने बताया कि इस अवसर पर सूरीनाम के विश्व विख्यात भोजपुरी गायक कृष रामखेलावन द्वारा रचित विशेष वीडियो गीत पीएम मोदी के नेतृत्व का गुणगान करते, सेल्फी विद मोदी के संग दिल्ली स्टडी ग्रुप द्वारा निर्मित व निर्देशित लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी। इस अवसर पर कई देशों के विदेशी राजनयिकों ने भाग लेने के लिए अपनी सहमति भी दे दी है।

## निगम ने रोहिणी में चलाया सफाई अभियान

**नई दिल्ली।** स्वच्छता केवल सरकार या निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। हम सबको मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ व सुंदर दिल्ली बनाने का संकल्प लेना होगा। दिल्ली के उपमहापौर जय भगवान यादव ने सोमवार को दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत रोहिणी सेक्टर-24 में नाले से लेकर हैलीपैड तक व्यापक सफाई अभियान के संचालन के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम का हर कर्मचारी दिन रात इस अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य कर रहा है ताकि दिल्ली को और साफ व सुंदर शहर बनाया जा सके। इस दौरान उपायुक्त राकेश कुमार व निगम के क्षेत्रीय अधिकारी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मौसम बदलने से बिजली की मांग में होने लगी बढ़ोत्तरी, एक दिन में खपत 500 मेगावाट बढ़ी

**नई दिल्ली।** मौसम की मेहरबानी के चलते राजधानी दिल्ली में गत करीब एक पखवाड़े से भी अधिक समय से बिजली की मांग छह हजार मेगावाट से कम बनी हुई थी। लेकिन अब मौसम के बदले मिजाज के बाद बिजली की मांग में उछाल देखने को मिल रहा है। रविवार की तुलना में सोमवार को बिजली की मांग में 500 मेगावाट की भारी बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जिसके चलते अधिकतम बिजली की मांग बढ़कर 6119 मेगावाट पर पहुंच गई। जबकि रविवार को यह आंकड़ा 5518 मेगावाट दर्ज हुआ था। लेकिन दूसरी तरफ न्यूनतम बिजली की मांग में कमी देखने को मिली है। सोमवार को न्यूनतम मांग 3999 मेगावाट रही जबकि रविवार को यह आंकड़ा 4049 मेगावाट रहा था। बिजली कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि यह सामान्य बढ़त है। क्योंकि जैसे ही गर्मी बढ़ेगी बिजली की मांग में इजाफा होगा। गत लंबे दिनों से दिल्ली में अच्छी बारिश के चलते मौसम में ठंडक के चलते बिजली की मांग में कमी बनी हुई थी। लेकिन अब जैसे ही बारिश की गतिविधियां कम होने लगी है तो उमस व गर्मी बढ़ने से बिजली की मांग बढ़ना तय है।

### एक वर्ष में जनता के लिये खुलेगा मार्ग

# दशकों से अटका बारापुला फेज-तीन को सीईसी से मिली मंजूरी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दशकों से अटका बारापुला फेज तीन एलिवेटेड कॉरिडोर को केंद्रीय सशक्त समिति (सीईसी) ने मंजूरी दे दी है। इससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को नई गति मिलेगी और पूर्वी एवं मध्य दिल्ली में सुरक्षित, सहज व हरित कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त होगा। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। गौरतलब है कि फेज-एक और दो की निरंतरता के रूप में तैयार किया गया फेज-तीन, सराय काले खां को मयूर विहार फेज-ए से जोड़ेगा। इसे 2014 में स्वीकृति मिली थी और अप्रैल 2015 में निर्माण कार्य आरंभ हुआ



था। शुरुआती अनुमानित लागत 964 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर लगभग 1 हजार 330 करोड़ रुपए हो गई है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि कार्यालय संभालने के बाद से ही मेरा ध्यान इस मंजूरी को हासिल करने पर केंद्रित रहा ताकि दिल्लीवासियों को आवश्यक यातायात राहत मिल सके। संयुक्त सर्वेक्षण और साइट विजिट के दौरान सीईसी और वन विभाग द्वारा दिए गए सहयोग और मार्गदर्शन के

- **इस कॉरिडोर से एनएच-24-रिंग रोड, डीएनडी फ्लाईओवर पर घटेगा ट्रैफिक**

लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। हमने पियर प्लेसमेंट को दोबारा इंजीनियर किया, स्पैन को बढ़ाया और छंटाई व प्रत्यारोपण के जरिए अधिकतम पेड़ों को बचाने का प्रयास किया। इस मंजूरी के साथ अब हम शेष कार्य तेजी से पूरा करेंगे और जल्द ही बारापुला फेज-तीन को जनता के लिए खोलेंगे। इससे जिससे एनएच-24, डीएनडी और रिंग रोड पर यातायात का दबाव कम होगा और यमुना के बाढ़ क्षेत्र की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। आने वाले एक वर्ष के भीतर यह कॉरिडोर पूरी तरह तैयार होगा और लोग गर्व व सुविधा के साथ इसका उपयोग कर पाएंगे। मंत्री प्रवेश ने कहा कि इस परियोजना को उन्होंने व्यक्तिगत रूप से निरंतर मॉनिटर किया और सभी प्रक्रियात्मक, कानूनी और पर्यावरणीय पहलुओं को अंतिम रूप तक पहुंचाया। उनकी सतत नेतृत्व और सक्रिय पहल के चलते ही यह जटिल परियोजना मंजूरी के सभी चरण पार कर सकी।

मंत्री प्रवेश ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अब तुरंत वन विभाग की देखरेख में पेड़ों की छंटाई और प्रत्यारोपण कार्य प्रारंभ करेगा तथा मुख्य कैरिजवे, लूप और गैर-मोटराइज्ड ढांचे को पूरा करेगा। परियोजना की प्रगति से संबंधित नियमित अपडेट जारी किए जाएंगे, ताकि दिल्ली धीरे-धीरे एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम शहरी यातायात व्यवस्था की ओर आगे बढ़ सके।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने परियोजना की विशेषताओं के बारे में बताया कि इस परियोजना की कुल लंबाई 3.5 किलोमीटर है। इस परियोजना की संरचना की बात की जाए तो यमुना पर पियर-सपोर्टेड एलिवेटेड स्ट्रक्चर व एक्स्ट्राडोस्ड ब्रिज बनाए जाएंगे ताकि यमुना के सक्रिय प्रवाह क्षेत्र में पियर्स की संख्या न्यूनतम रहे। प्रत्येक दिशा में यह तीन लेन का कॉरिडोर होगा। वहीं इस कॉरिडोर पर कुल आठ लूप बनेंगे। जिनमें चार सराय खाले खां पर और चार मयूर विहार में बनेंगे।

**खबर संक्षेप**

### बैंक कर्मचारी बताकर 11 लाख रुपए की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता धारक व खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-82 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसको यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की फरीदाबाद ब्रांच मे अपनी लाईफ सर्टीफिकेट जमा करवानी थी।

### गोली चलाने के मामले में 2 आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े और गोली चलाने के मामले में अपराध शाखा सैंट्रल की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना तिगांव में नितिन वासी तिगांव ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 जून को उसके पिता उनके अनाज मंडी वाले प्लॉट पर गये तो वहां कुछ लोगों ने उन पर पिस्तौल, हथौड़े व अन्य हथियारों से हमला कर दिया।

### मारपीट के मामले 2 आरोपी पकड़ाए



**फरीदाबाद।** सूदखोरी को लेकर दुकानदार के साथ मारपीट करने के एक मामले में 2 आरोपियों को पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में नरेश निवासी दुर्गा कॉलोनी सरूरपुर ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने मोनू भाटी व विपिन से ब्याज पर पैसे लिये थे।

# युवा कवयित्री शैलजा सिंह के गीत संग्रह मैं गीतों की जादूगरनी' का भव्य लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

तारांजलि और हिंदी विभाग राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में युवा कवयित्री शैलजा सिंह के डायमंड बुक्स, दिल्ली से प्रकाशित गीत संग्रह 'मैं गीतों की जादूगरनी' का लोकार्पण एवं काव्य-गोष्ठी का भव्य आयोजन राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार प्रमिला भारती ने की।

राजधानी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दर्शन पांडेय का विशेष सान्निध्य रहा। वरिष्ठ साहित्यकार, केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल जोशी मुख्य वक्ता थे। वरिष्ठ कवि-दोहाकार और वयम के अध्यक्ष नरेश शांडिल्य और वरिष्ठ साहित्यकार और तारांजलि की अध्यक्ष डॉ तारासिंह 'अंशुल' वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ गीतकार-ग़ज़लकार और वयम के उपाध्यक्ष शशिकांत ने पुस्तक पर अपना आलेख-पाठ प्रस्तुत किया। राजधानी कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रभारी प्रो. जसबीर त्यागी कार्यक्रम के समन्वयक रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि-ग़ज़लकार और वयम् के महासचिव अनिल मीत ने किया। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंत्रोच्चार हिमांशु दुबे ने किया। दिल्ली विश्वविद्यालय का कुल गीत प्रस्तुत किया गया।

**काव्य-गोष्ठी का भव्य आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में हुआ**



तत्पश्चात सभी मंचस्थ अतिथियों का शॉल ओढ़ा कर स्वागत-सत्कार किया गया। वयम की ओर से शैलजा सिंह और उनके पतिदेव राजबीर सिंह को शॉल व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवयित्री शैलजा सिंह ने अपनी रचना प्रक्रिया के बारे में कहा कि लेखन की शुरुआत नियमित डायरी, मुक्त छंद की कविताओं से हुई और बाद में गीतों की ओर स्वतः रुझान बढ़ा। प्रेम, विरह, देश भक्ति, सामाजिक समस्याओं आदि सभी विषयों पर गीत लिखे गए हैं। गीतों में प्रेम विरह अकेलेपन की दर्द, संघर्ष, पारिवारिक सामाजिक बदलाव ने बहुत प्रभावित किया शैलजा ने रचना प्रक्रिया को जटिल बताते हुए कहा - एक रचनाधर्मी प्रसव पीड़ा जैसे दर्द से होकर गुजरता है तब जाकर ही कुछ रच पाता है? शैलजा सिंह ने सस्वर अपने कुछ गीत भी प्रस्तुत किए।

**जिनमें कुछ विशेष**

**जाने किसकी नज़र लग गई अपनी**
**सोन चिरैया को**
**ये लाओ तो वो है कम आटा लाओ**
**दाल ख़त्म**
**यही ज़िंदगी की हलचल**
**थोड़ी मुश्किल थोड़ा हल**
**आदि गीत शामिल रहे**

मुख्य वक्ता अनिल जोशी ने शैलजा सिंह के गीतों की सराहना करते हुए कहा कि प्रेम और विरह के भावप्रवण गीतों के साथ-साथ शैलजा ने अपने गीतों में अनेक विचारोत्तेजक विषयों पर भी सार्थकता से लिखा है, जिन्हें अलग से रेखांकित किया जाना चाहिए। प्रो. दर्शन पाण्डेय ने शैलजा के गीतों की सहजता और पठनीयता के वैशिष्ट्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## समर्पण सेवा, नवाचार और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, सेवा, नवाचार और समाज निर्माण में योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से विस्टामाइंड सोशल फाउंडेशन द्वारा एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रीराम मॉडल स्कूल, सेक्टर-21 में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमती संगीता रानी संस्थापक एवं अध्यक्ष, डॉ. इंदु वर्मा सचिव, राजेश कुमार निदेशक, ए.डी. भट्ट उपाध्यक्ष तथा डॉ. एस. के. वर्मा सलाहकार सदस्य द्वारा किया गया। इस विशेष अवसर पर डॉ. अमृता ज्योति सिंधु ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में राजेश लोहन एसीपी सराय फरीदाबाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया, जबकि कर्नल अनिल उनियाल, भारतीय वायुसेना विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इनके अतिरिक्त कई शिक्षाविद, समाजसेवी और स्थानीय गणमान्य अतिथि भी समारोह में शामिल हुए। समारोह में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, नवाचार, सामाजिक सेवा और विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**खास बातें**

- आयोजन श्रीराम मॉडल स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ
- ज्योति सिंधु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की
- कार्यक्रम में समाजसेवी और स्थानीय गणमान्य अतिथि शामिल हुए

**शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र देकर सराहना की**



शिक्षकों को स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं सम्मान पत्र देकर उनके कार्य की सराहना की गई। मुख्य अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक विचार सांझा करते हुए कहा कि शिक्षकों का योगदान राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में जागरूकता, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।समारोह में शिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक शिक्षण तकनीकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान और छात्रों में रचनात्मकता बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा की गई।

**दिया संदेश शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि समाज निर्माण का महान मिशन है**

*विस्टामाइंड सोशल फाउंडेशन ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने की दिशा में भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। शिक्षकों के बिना कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता। यह सम्मान समारोह उन शिक्षकों को प्रेरित करने का प्रयास है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का कार्य किया। समारोह ने यह संदेश दिया कि शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि समाज निर्माण का एक महान मिशन है।*

# अमरजीत सिंह बिड्डी ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दो लाख 51 हजार रुपए का चेक जयंत को सौंपा

**मंत्री ने कहा सहयोग एक जुटता का प्रतीक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने सोमवार को पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दो लाख 51 हजार रुपए का चेक केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को सौंपा।

देवेंद्र व योगेंद्र पतला के अलावा रालोद के अनिल कुमार मंत्री सांसद डॉ राजकुमार सांगवान सांसद चंदन चौहान नेता सदन रालोद राज्यपाल बालियान, विधायक अशरफ अली खान विधायक प्रसन्न चौधरी' विधायक मिथिलेश पाल विधायक अजय कुमार विधायक गुलाम मोहम्मद' एमएलसी योगेश नौवार विधायक मदन भैया पूर्व विधायक नूर सलीम राणा, पूर्व विधायक राव वारिस, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, वरिष्ठ नेता सुनील रोहटा पीतम प्रमुख जी प्रमुख प्रतीक भरंगर प्रदेश सचिव विजय कौशिक, रालोद के वरिष्ठ नेता विश्वास आदि ने भी चौधरी जयंत सिंह को चेक देकर सहयोग किया। जयंत चौधरी ने कहा कि यह सहयोग एक जुटता का प्रतीक है इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को सफल बनाने में जी जान से जुट जाएं भाजपा कार्यकर्ता: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा फरीदाबाद महानगर द्वारा सेवा पखवाड़ा को लेकर सीकरी स्थित रॉयल वाटिका में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की जबकि मुख्य वक्ता के रुप अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, संदीप जोशी, श्रीमती नीरा तोमर मौजूद रहे। कार्यशाला में विशेष तौर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, नीरा तोमर पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, संदीप जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, विजय लोहिया, बलदेव अलावलपुर, बिजेंद्र नेहरा, सुखवीर मलेरना, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित भाजपा पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारीगण और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को दी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की जानकारी**



कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सेवा पखवाड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। 17 सितंबर से कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरु की जाएगी, जो कि 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। सोहन पाल सिंह कार्यक्रमों की रुपरेखा रखते हुए बताया कि 6 सितंबर से 10 सितंबर तक जिला स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा वहीं 11, 12, 13 सितंबर को मंडलों की वर्कशॉपों का आयोजन कर उन्हें संपूर्ण कार्यक्रमों के बारे जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को पहले चरण की शुरुआत होगी और इस दिन जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष हवन यज्ञ आयोजित होगा वहीं सामुदायिक केंद्र में स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। साथ ही साथ प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी चित्रकला व प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। दूसरा चरण 18 से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर आयोजित होगा वहीं 21 सितंबर को तीन किलोमीटर की मोदी युवा मैराथन आयोजत की जाएगी, वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जाएगा।

## गाड़ी चालान होने का लिंक भेजकर 2.47 लाख की लगाई चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाजों ने एक युवक को गाड़ी का चालान होने का लिंक मैसेज भेजकर बैंक खाते से 2.47,486 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने लिंक पर तीन बार क्लिक किया था और उसी रात बैंक खाते से राशि कट गई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-7 निवासी अंबरीश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 23 जुलाई को उसके व्हाट्सएप पर आरटीओ द्वारा गाड़ी का चालान होने का मैसेज मिला था। इस मैसेज में यूआरएल लिंक भी था। जब यह लिंक खोलने का प्रयास किया तो वह नहीं खुला। अंबरीश अग्रवाल ने तीन बार में लिंक पर क्लिक किया। उसी रात को अंबरीश अग्रवाल के एचडीएफसी के बैंक खाते से चार बार में कुल 2.47,486 रुपए कट गए। अंबरीश अग्रवाल ने पुलिस को अज्ञात जालसाज के खिलाफ लिखित शिकायत देकर रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

कब्जे से वाहन एवं आरएसएस झंडा व स्टीकर बरामद

# आरएसएस का स्टिकर व भगवा झंडा लगाकर लोगों पर रौब जमाने वाला फर्जी जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम क्राईम ब्रांच व थाना विजयनगर पुलिस ने सोमवार को इनोवा गाड़ी पर आरएसएस जिलाध्यक्ष लिखाकर लोगो पर रोब जमाने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार है। उनके कब्जे से वाहन एवं आरएसएस झंडा व स्टीकर बरामद किया है। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि। स्वाट टीम क्राईम ब्रांच को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विजयनगर क्षेत्र में कार एक इनोवाक्रिस्टा गाड़ी रजिस्ट्रेशन नम्बर यूपी14एफए5858 रंग सफेद के चालक द्वारा गाड़ी के आगे बोनट पर आरएसएस रंग भगवा का झंडा लगाए हुए है।

**चालक लोगों पर रौब झाड़ता था**



गाड़ी के आगे व पीछे के शीशों पर आरएसएस जिला अध्यक्ष का स्टीकर लगा रखा है। जिस पर राष्ट्रीय चिंह अशोक स्तंभ भी लगा है । उसका चालक लोगों पर रॉब झाड़ते हुए रेलवे स्टेशन की ओर आ रहा है। जिसे रेलवे रोड उत्सव भवन के पास गाड़ी को रोककर वाहन चालक नाम पता पूछा तो अपना नाम ओमवीर निवासी सेक्टर – 122 डी - 159 थाना सैक्टर – 113 जिला गौतमबुद्धनगर बताया। गाड़ी पर लगे आरएसएस झंडे व स्टीकर के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जबाव नही दे सका। वाहन चालक ओमवीर को कार्यवाही करते हुए हिरासत पुलिस लिया गया तथा मौके से बरामद गाड़ी को नबंर यूपी14एफए5858 इनोवाक्रिस्टा को थाना विजयनगर पर लाकर दाखिल किया गया। वाहन चालक के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछने पर बताया कि मैने अपनी गाड़ी नबंर यूपी14एफए5858 इनोवाक्रिस्टा पर आरएसएस का झंडा लगा रखा है तथा गाड़ी के शीशों पर आरएसएस जिलाध्यक्ष का स्टीकर भी लगाया हुआ है।

## ट्रेन में सीट पर सो रही महिला से सोने की चेन झपटी

**गुरुग्राम।** मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन में 18 अगस्त को महिला यात्री के गले से सोने की चेन झपटने की शिकायत गुरुग्राम रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में 20 दिन बाद दर्ज कराई है। केंद्रीय सचिवालय में तैनात में अधिकारी की शिकायत पर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने से जीरो एफआईआर भेजी गई है। जीआरपी थाने की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दिल्ली के कर्त्तव्य पथ क्षेत्र स्थित सेंट्रल विस्टा टावर निवासी व केंद्रीय सचिवालय में तैनात में अधिकारी हेमंत लक्षर ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने में शिकायत दी है। 18 अगस्त को वे अपनी पत्नी के साथ मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन-22996 में जयपुर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन सफर कर रहे थे। गुरुग्राम क्षेत्र के गढ़ी हरसरू जंक्शन के पास सुबह करीब 5.20 बजे ट्रेन रुकने के बाद चली थी तो सीट पर सो रही उनकी पत्नी के गले से एक व्यक्ति ने 12 ग्राम सोने की चेन व दोग ग्राम पैडल झपटकर भाग गया।

**अदालत में पेश होने का नोटिस**

जबकि आप, **प्रतिवादी संख्या 4, मेसर्स लिब्रा हुंडई, 122, टैगोर पार्क, डॉ मुखर्जी नगर, नई दिल्ली** को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **FIR No. 538/2017, Dated: 14.08.2017, U/s 279/304A IPC,** पुलिस थाना रणहोला, दिल्ली के मामले में प्रतिवादी संख्या 4, मेसर्स लिब्रा हुंडई के रूप में मामला दिनांक **22.09.2025** को माननीय न्यायालय श्री सचिन गुप्ता, पीओ–एमएसीटी–02, पश्चिम, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली में सूचीबद्ध है।

आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **22.09.2025** को न्यायालय के समक्ष आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन गुप्ता**
**पीओ–एमएसीटी–02, पश्चिम**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11897/OD/2025**

**आरोपियों से छह मोबाइल और 85.43 लाख रुपए नकदी बरामद**

# देशभर में 77.38 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले 40 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देशभर में 77.38 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले 40 आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस की साइबर टीमों ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से छह मोबाइल और 85,43,822 रुपए नकदी बरामद की है। सभी छह मोबाइल का इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच कराने पर पता चला कि आरोपियों के खिलाफ कुल 16,393 शिकायतें और 532 मामले दर्ज हैं।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ करने पर सामने आया कि वे फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, सेक्सटॉर्सन, निवेश कराने, फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी व ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। गुरुग्राम पुलिस की साइबर टीमों ने इन आरोपियों को दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 के मध्य विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ गुरुग्राम सहित हरियाणा के अन्य कई जिलों में 21 मामले दर्ज हैं। गुरुग्राम के साइबर अपराध थाना पूर्व में चार मामले और साइबर अपराध थाना दक्षिण में एक मामला दर्ज है।

साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने अजय कुमार, मोहमद अनस, जतिन, प्रणय प्रताप, रियाजू, राजवीर, प्रवीन, नरेंद्र उर्फ छोटियां, मुकेश मारू, मोहक गोस्वामी, विकास, आकाश, रवि कुमार, प्रवीण राजेंद्र बोरकर, कपिल, सुमित, प्रकाश चंद्र, रजत, विकास उर्फ विक्की, सुनील कुमार उर्फ लक्ष्मण, दीपक उर्फ मोनू, ताहिर नसीम, दीपक, रणदीप, नवीन कुमार, दीपांशु, धीरज, राहुल, सुरेंद्र सिंह उर्फ सूरज, मितेश रमनलाल, अशोक कुमार, खुशबू कुमारी और सौरव को गिरफ्तार किया है। वहीं, साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस ने सुरजीत दिनकर, भूमकांति शिवा सुब्रह्मण्यम प्रदीप, रचूरी कृष्णा, पूपांडी बी, शिवा शुभ्रमणि, युवराज रामराज और नसीबा जौहर को गिरफ्तार किया है।

*आरोपियों पर दर्ज 16,393 शिकायतों का गुरुग्राम पुलिस ने किया खुलासा*

*पुलिस ने आरोपियों से छह मोबाइल, 85 हजार नगदी बरामद की*

**राशि फ्रीज करवाते**

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने कहा कि साइबर ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुग्राम पुलिस की साइबर टीमें मामलों की गहनता से छानबीन करते हुए आरोपियों तक पहुंच रही हैं। कई मामलों में ठगी गई राशि को फ्रीज कराया जाता है ताकि पीड़ित को अपनी मेहनत की कमाई वापस मिल पाए।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह करीब 6.45 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बिलासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घाषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतकों की पहचान बादशाहपुर क्षेत्र स्थित खोरा कॉलोनी गांधी नगर निवासी प्रदीप कुमार (31 वर्ष) और झारखंड निवासी अनिल कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक प्रदीप कुमार के भाई सुमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई प्रदीप कुमार (31 वर्ष) सेक्टर-70 स्थित जीपीएल इंडन लाइट्स कंपनी में नौकरी करता था। रविवार की रात को वह अपनी कंपनी के सुपरवाइजर अनिल कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर कापड़ीवास गांव में किसी जानकार के पास एक कार्यक्रम में गए हुए थे। सोमवार की सुबह जब वे कापड़ीवास गांव से बादशाहपुर लौट रहे थे तो करीब 6.45 बजे बिलासपुर स्थित पार्क इन होटल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल होने से उनकी मौत हो गई। सोमवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान पुत्र** मनवर **निवासी** मकान नं. 325, गली नं0–25, चांद बाग, भजनपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 119/15, U/S 379/34 IPC, पुलिस स्टेशन कोतवाली, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 119/15, U/S 379/34 IPC, पुलिस स्टेशन कोतवाली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय),**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं0–272,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11987/N/2025**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### मंदिर में श्रद्धालुओं से भिड़े निजी सुरक्षाकर्मी



**मथुरा।** बांकेबिहारी मंदिर के भीतर महिला श्रद्धालुओं ने हाईवोल्टेज ड्रामा किया। सोमवार को निजी सुरक्षाकर्मियों ने महिला श्रद्धालुओं से आगे बढ़ने को कहा। इस पर महिला श्रद्धालु आग बबूला हो गईं। इसके बाद श्रद्धालु महिलाओं ने निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए पुलिसकर्मियों पर भी महिला श्रद्धालुओं ने हाथ छोड़ दिए। गिरेबां खींचकर पीटा।

### सूर्या हंसदा की मौत पर सीबीआई जांच की मांग

**रांची।** झारखंड में कथित मुठभेड़ में मारे गए सूर्या हांसदा की मौत के बाद राजनीति गरमाई हुई है।



भाजपा लगातार सूर्या की मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग कर रही है। अब इस मांग को पार्टी और बुलंद करने वाली है। झारखंड भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी 11 सितंबर को राज्य के 216 प्रखंडों में प्रदर्शन करेगी।। मरांडी ने कहा कि रांची के अस्पताल परियोजना के लिए आदिवासी किसानों से जबरन ली गई ।

### छात्रा का अपहरण करने वाले दो बदमाशों से मुठभेड़



**बस्ती ।** यहां एक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से लापता हुई कक्षा छह की छात्रा का अपहरण करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने मुठभेड़ में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने पुलिस लाइन में घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि विद्यालय से बिना बताए अपने घर जाने के लिए 25 अगस्त को निकली 15 वर्षीय छात्रा देह व्यापार करने वाले गैंग के चंगुल में फंस गई थी।

## गर्ल्स हॉस्टल से चल रहा था सेक्स ट्रैफिकिंग का रैकेट,10 हिरासत में

एजेंसी ▶▶ रांची

पुलिस ने एक सेक्स ट्रैफिकिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया जो रांची के लालपुर इलाके में लड़कियों के एक हॉस्टल से चलाया जा रहा था। रांची के पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि इस अपराध में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में 10 महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने एक हॉस्टल के मैनेजर को भी दबोचा है।

रांची के डिप्टी एसपी सिटी केवी रमन ने कहा कि पुलिस के एक अधिकारी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग संगठित तरीके से दूसरे राज्यों से लड़कियों को यहां ला रहे हैं। इन लड़कियों से सेक्स वर्कर का काम कराया जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस की एक टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने ओम गर्ल्स हॉस्टल में छापा मारा।

पुलिस टीम ने वहां से 10 लड़कियों को हिरासत में लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस काम में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है।

पुलिस सेक्स ट्रैफिकिंग रैकेट में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लड़कियां अलग-अलग व्यवसायों से जुड़ी हैं। ये लड़कियां ज्यादातर पश्चिम बंगाल की हैं। सभी बालिग हैं।

## एशिया कप विजेता खिलाड़ियों को 10 लाख, स्टाफ को 5 लाख

नीतीश कुमार ने कहा कि राजगीर में अवस्थित राज्य खेल अकादमी-सह-बिहार खेल विश्वविद्यालय के परिसर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने विलक्षण जीत दर्ज कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

एजेंसी ▶▶ पटना

भारतीय हॉकी टीम एशिया की सरताज बन गई। हरमनप्रीत सिंह की टीम ने इस जीत के साथ अगले विश्वकप का टिकट भी कटा लिया जो 14 से 30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाएगा। बिहार सरकार एशिया कप हाकी विजेता टीम के खिलाड़ियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। सरकार खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपए और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को 5 लाख रुपए देगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ट्वीट कर यह जानकारी खुद दी।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पोस्ट पर सीएम ने कहा कि राजगीर में अवस्थित राज्य खेल अकादमी-सह-बिहार खेल विश्वविद्यालय के परिसर में पहली बार आयोजित हीरो एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने विलक्षण जीत दर्ज कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हीरो एशिया कप 2025 जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों एवं सहयोगी स्टाफ के उत्साहवर्द्धन हेतु राज्य सरकार ने सम्मान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### विश्व कप में अपना स्थान पक्का कर लिया




भारतीय हॉकी टीम को सीएम नतीश का तोहफा

इससे पहले भारतीय टीम की कामयाबी पर हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए इनाम की घोषणा की है। टीम के सभी खिलाड़ियों को तीन-तीन लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, सपोर्ट स्टाफ को भी डेढ़-डेढ़ लाख रुपए मिलेंगे। इस जीत के साथ ही भारत ने अगले साल होने वाले विश्व कप में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

## सीएम योगी ने 1,112 कनिष्ठ सहायकों को जॉइनिंग लेटर दिए, बोले-

# नौकरियों में निष्पक्ष व पारदर्शी चयन प्रक्रिया नए उत्तर प्रदेश की पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में बिना किसी सिफारिश और बिना किसी लेनदेन के नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब युवाओं को बिना किसी सिफारिश और बिना किसी लेनदेन के नियुक्ति पत्र मिलता है। उन्हें नौकरी के लिए किसी से सिफारिश नहीं करनी पड़ती है। युवा अपनी योग्यता और दक्षता के आधार पर नौकरी पा रहे हैं। ये सब तब हो पाता है जब एक जिम्मेदार सरकार हो। पहले जाति और धर्म देखकर नौकरियां दी जाती थीं। सिफारिश लगानी पड़ती थी और रिश्वत देनी पड़ती थी पर अब नियुक्ति प्रक्रिया समय से पूरी हो रही है। नौकरियों में पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया नए उत्तर प्रदेश की पहचान है।

उन्होंने कहा कि जब भर्ती पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो रही है और समय से हो रही है तो मेरी भी आपसे अपेक्षा है। वो ये है कि अपने कार्यस्थल पर किसी के साथ भेदभाव न करें जो कि गरीब, ग्रामीण या जरूरतमंद आता है पूरी प्रतिबद्धता के साथ उसकी समस्या का समाधान करें। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### खास बातें

- युवा अपनी योग्यता और दक्षता के आधार पर पा रहे नौकरी
- स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग में अब तक 12 हजार से अधिक पदों पर तैनाती




### पहले एक व्यक्ति 8-8 जगह कर रहा था नौकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन दिनों एक भर्ती का प्रकरण चल रहा। एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नौकरी कर रहा था। मामले की जांच चल रही है। ऐसे लोग जेल जाएंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह भर्ती 2016 की है। एक ही परिवार के रिश्ते अब सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी 2016 में एक्सरे टेक्नीशियन के पदों पर हुई भर्ती में हुए फर्जीवाड़े पर बोल रहे थे जिसमें अर्पित के नाम पर छह और अंकुर के नाम पर दो नियुक्ति पत्र जारी होने का खुलासा हुआ है।

### बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए योगी सरकार ने किया मुआवजा का ऐलान

अन्नदाताओं को मिलेगा मुआवजा उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश की वजह से नदियों में आए उफान के बाद आई बाढ़ से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। अब यूपी की योगी सरकार ने बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया है। योगी सरकार बाढ़ पीड़ित अन्नदाताओं को मुआवजा देगी और इसके लिए जल्द ही किसानों की फसलों का सर्वे किया जाएगा, इसकी घोषणा खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। सहारनपुर में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बाढ़ पीड़ितों हेतु राहत सामग्री के वाहनों का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया।सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के में जिन किसानों की फसलें बाढ़ की चपेट में, जल-प्लावन की चपेट में आई हैं, उसका सर्वे करने का आदेश दिया गया है। सर्वे की रिपोर्ट आते ही तत्काल उन अन्नदाता किसानों को उनकी धनराशि, नुकसान की भरपाई, सरकार के स्तर पर प्रारंभ कर दी जाएगी।

## महागठबंधन में सीट शेयरिंग

# सीपीआई- एमएल ने ठोका 40 पर दावा, तेजस्वी को लिस्ट सौंपा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी बड़ी खबर है। महागठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हुआ है। लेकिन, सीटों की हिस्सेदारी को लेकर दावेदारी शुरू हो गई है। कांग्रेस, वीआईपी के बाद सीपीआई-एमएल ने बड़ा ऐलान किया है। पार्टी के राज्य सचिव ने कहा है कि उन्हें 40 सीटें चाहिए जिनकी लिस्ट महागठबंधन नेतृत्व को सौंप दी गई है। इसे सीट शेयरिंग के लिए खींचतान के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इंडिया अलायंस की आधिकारिक घोषणा से पहले ही सीपीआई एमएल ने मीडिया में अपनी बात जारी कर दी है।

### आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई सूची

मोतिहारी में प्रेस को बुलाकर पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल ने बताया कि उनकी पार्टी राज्य की चालीस सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी मे है। इसकी सूची उनकी ओर से को-ऑर्डिनेशन कमेटी को सौंप दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जहां भी उनकी पार्टी को लड़ाया गया वहां बेहतर माहौल बना और महागठबंधन को मजबूती मिली। कार्यकर्ताओं के मेहनत से पार्टी के साथ साथ गठबंधन का भी फायदा हुआ है। दिल्ली से लेकर पटना तक इंडिया गठबंधन की कई दौर की बैठक हो चुकी है पर अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर कोई बात आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। उससे पहले घटक दलों का सीट राग खास संकेत देता है।

### कांग्रेस को चाहिए 70 व वीआईपी को 60 सीटें

सीटों पर दावा करने वाली भाकपा-माले पहली पार्टी नहीं है। इससे पहले कांग्रेस की ओर 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की जा चुकी है। वीआईपी के मुकेश सहनी तो एक कदम आगे हैं। उनकी पार्टी 60 सीटों के साथ साथ डिप्टी सीएम पर भी दावा ठोक रही है। तेजस्वी को सीएम बताते हुए मुकेश सहनी खुद को डिप्टी सीएम बताते नहीं थकते। लेकिन कांग्रेस ने इस पर अभी तक पत्ता नहीं खोला है। तेजस्वी को सीएम पद का चेहरा बताने पर राहुल गांधी और अल्लावारू और राहुल गांधी ने अभी तक सहमति नहीं दी है।

## पेज एक का शेष

### नेपाल में सोशल मीडिया बैन...

लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। काठमांडू में संसद भवन के सामने 'जेन जी' के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवाओं की दंगा-रोधी पुलिस के साथ झड़प हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ आंदोलनकारी संसद परिसर में घुस गए, इसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियां चलानी पड़ी, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का सहारा लेना पड़ा। सराकर ने भुटवल, भैरवाह और पोखरा समेत कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं नेपाल में चल रहे इस विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय सुरक्षाबलों ने सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी है। काठमांडू जिला प्रशासन ने संसद भवन के आसपास के क्षेत्रों में अशांति को रोकने के लिए अपराह्न 12:30 बजे से रात 10:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की। मुख्य जिला अधिकारी छवि लाल रिजाल ने एक नोटिस में कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में लोगों के आवागमन, प्रदर्शन, बैठक, सभा या धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। नेपाल पीएम केपी ओली शर्मा से इस्तीफे की मांग तेज हो गई है।

**फेसबुक, वॉट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध :** नेपाल सरकार ने गुरुवार को बैठक के बाद 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को प्रतिबंधित करने का फैसला किया था। सरकार ने कहा था कि जो भी प्लेटफॉर्म में बिना पंजीकरण के चल रहे थे, उन सभी को बैन कर दिया गया है। इसे लेकर पहले ही संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग की मंत्रालय के अधिकारियों से बैठक हुई थी। इसमें नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के प्रतिनिधि, टेलीकॉम ऑपरेटर और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां शामिल हुईं। स्थानीय प्रशासन ने बाद में ये प्रतिबंधात्मक आदेश राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री कार्यालय के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में भी लागू कर दिए। नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर चार सितंबर को फेसबुक, वॉट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध उन्हें विनियमित करने के लिए लगाया गया है, लेकिन आम जनता में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा और सेंसरशिप की नौबत आ सकती है।

### 'हामी नेपाल' के बैनर तले...

सोमवार सुबह 9 बजे से प्रदर्शनकारी काठमांडू के मैतीघर में एकत्रित होने लगे। हाल के दिनों में नेपो किड और नेपो बेबीज जैसे हैशटैग ऑनलाइन ट्रेंड कर रहे हैं। सरकार की ओर से अपंजीकृत प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक करने के फैसले के बाद इसमें और तेजी आई है। काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार हामी नेपाल ने इस रैली का आयोजन किया था। इसके लिए पूर्व अनुमति ली गई थी।

### 5 साल पहले सुप्रीम...

निचली अदालत या सार्वजनिक प्राधिकरण को ऐसे सार्वजनिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बाध्य किया जा सकता है, जिसे उसने गलत तरीके से निभाने से इनकार कर दिया गया या अनदेखा किया गया। इससे कोर्ट किसी के कानूनी अधिकार या सार्वजनिक कर्तव्य के निर्वहन को सुनिश्चित करता है।

### ठीक 50 दिन...

पटनायक की पार्टी बीजेडी उपराष्ट्रपति चुनाव में किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेगी। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सदस्य हैं। दिल्ली के संसद भवन के सेंट्रल हॉल में सोमवार को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले बैठक और मॉक पोल सेशन किया। इसमें इडिया ब्लाक के बड़े नेता सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खरगे, तेजस्वी यादव समेत तमाम विपक्षी सांसद मौजूद रहे।

**तिवारी ने कहा- उपराष्ट्रपति पद का चुनाव योग्यता आधारित :** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव पार्टियों पर नहीं, बल्कि योग्यता पर आधारित होता है और मुझे लगता है कि हमारे उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी इस पद के लिए पूरी तरह योग्य हैं क्योंकि वह राज्यसभा के वास्तविक सभापति होंगे। भाजपा ने पहले जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाकर एक प्रयोग किया था, लेकिन वह असफल रहा। अब हमें एक मौका दिया जाना चाहिए और मुझे विश्वास है कि हम भारी बहुमत से जीतेंगे क्योंकि सभी दलों के लोग हमारे उम्मीदवार को वोट देंगे।

**एनडीए के प्रत्याशी की जीत तय... 458 वोट मिलने की उम्मीद :** इस वक्त राज्यसभा में 239 और लोकसभा में 542 सांसद हैं। दोनों को मिलाकर सांसदों की संख्या 781 हो जाती है और उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को जीत के लिए आधे सांसदों यानी 391 वोटों की जरूरत होगी। इन आंकड़ों के अनुसार, एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत लगभग तय है। राधाकृष्णन को 458 वोट मिलने की उम्मीद है, जो जगदीप धनखड़ की जीत से काफी कम है। तीन साल पहले हुए चुनाव में पूर्व उपराष्ट्रपति ने 528 मतों से जीत हासिल की थी।

### उपराष्ट्रपति पद के चुनाव ...

प्राथमिकताएं अंकित करनी पड़ती हैं। वोटों की गिनती इन प्राथमिकताओं के आधार पर होती है, जो ईवीएम की मौजूदा तकनीक से संभव नहीं है।

### आप (रेड्डी) किस तरह...

भ्रष्टाचार के मामले में, आप जाकर उससे मिलते हैं। वह व्यक्ति वोटर भी नहीं है। आप क्या देश की आत्मा की बात कर रहे हैं? यह गंभीर दिखावा है, आप कृपया करके देश की आत्मा की बात न करें। लालू यादव पर कई मामले हैं, आप उनसे जाकर मिलते हैं। जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के इस व्यवहार की हम निंदा करते हैं।

### 15 सितंबर को कोलकाता में...

सम्मेलन का विषय 'सुधारों का वर्षः भविष्य के लिए परिवर्तन' रखा गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में पीएम के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के अधिकारी और अन्य मंत्रालयों के सचिव भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

**सुधार और परिवर्तन पर होगा ध्यान :** मंत्रालय के मुताबिक, संयुक्त कमांडर सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और परिचालन संबंधी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह आयोजन एक शीर्ष स्तरीय विचार-मंथन मंच है। जिसमें देश के शीर्ष नागरिक, सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तरों पर विचारों को आपस में बांटने का मौका मिलता है। सम्मेलन के दौरान होने वाली चर्चाएं संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण को लेकर सशस्त्र सेनाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। साथ ही बहु-क्षेत्रीय परिचालन तत्परता के उच्च-स्तर को बनाए रखती हैं। इस गहन विचार-विमर्श का उद्देश्य सशस्त्र सेनाओं को और अधिक मजबूत बनाना होगा। जो निरंतर जटिल होते भू-रणनीतिक परिदृश्य में चुस्त और निर्णायक हैं। मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन के जरिए समावेशी जुड़ाव की परंपरा को जारी रखते हुए सशस्त्र सेनाओं के विभिन्न रैंकों के अधिकारियों और कर्मियों के साथ संवादात्मक सत्र होंगे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्षेत्र-स्तरीय दृष्टिकोण उच्चतम स्तर पर चर्चाओं को समृद्ध करें।

### जनगणना 2027: पूरी...

2027 की पूरी प्रक्रिया को सुचारु ढंग से संचालित कर सके।

**कागजी डेटा की भी होगी डिजिटल एंट्री :** अगर किसी कारणवश गिनतरीकर्मी डेटा कागज़ पर दर्ज करते हैं, तो उन्हें उसे एक समर्पित वेब पोर्टल पर सीधे भरने की सुविधा दी जाएगी। इसका अर्थ है कि भविष्य में अलग से स्कैनिंग या मैनुअल डेटा एंट्री की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आंकड़े न केवल तेज़ी से बल्कि सटीक रूप से इलेक्ट्रॉनिक डेटा में बदल जाएंगे।

**34 लाख कर्मियों के लिए बड़ा बदलाव :** अधिकारियों के मुताबिक, देशभर के लगभग 34 लाख कर्मियों को इस नए डिजिटल तंत्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें यह सिखाया जाएगा कि किस प्रकार अपने निजी मोबाइल फोन पर ऐप डाउनलोड कर उसका इस्तेमाल करना है। सरकार का मानना है कि इससे डेटा कलेक्शन की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित हो जाएगी।

**मिलेगा 'सेल्फ एन्यूमरेशन' का विकल्प :** सूत्रों के अनुसार, इस बार नागरिकों को भी स्वयं अपने विवरण भरने का मौका मिलेगा। लोग ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का डेटा स्वयं दर्ज कर सकेंगे। अधिकारियों का मानना है कि यह सुविधा विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेहद कारगर साबित होगी।

**तेजी और पारदर्शिता पर जोर :** अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल जनगणना से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि डेटा उपलब्धता में तेजी आएगी। पहले की तरह वर्षों तक आंकड़ों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि डेटा जल्द ही सरकार और नीतिगत संस्थाओं के पास उपलब्ध हो जाएगा।

**पहली बार होगी डिजिटल जनगणना :** भारत की जनगणना हर दस साल में होती है। अब तक यह पूरी प्रक्रिया कागज और पेन के माध्यम से होती रही है। लेकिन 2027 में पहली बार यह पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें न केवल कर्मी बल्कि आम नागरिक भी ऑनलाइन हिस्सा ले सकेंगे।

### हिसार के सिसाय में बनेगा...

एग्रीकल्चर ड्रोन पैवेलियन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मेहनती युवा ड्रोन टेक्नोलॉजी में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहे हैं। प्रमाणित 388 ड्रोन पायलटों व तकनीशियनों में से 53 बेटियां हैं, जो महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'नमो ड्रोन दीदी' और 'किसान ड्रोन' जैसी योजनाएं ग्रामीण समुदाय और किसानों को सशक्त बना रही हैं। ड्रोन से खेती-किसानी में समय और श्रम की बचत हो रही है, साथ ही उत्पादन और आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने सभी पायलटों और तकनीशियनों को बधाई देते हुए कहा कि वे आने वाले समय में हरियाणा और देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि देश की कुल जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम प्रतिनिधित्व रखने के बावजूद हरियाणा ने हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आज की यह उपलब्धि हरियाणा को नई गति और ऊर्जा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, एवीपीएल इंटरनेशनल के दीप सिहाग, डॉ. प्रीत संधू और सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल आर.के. आनंद सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### वैश्विक खाद्य सुरक्षा को...

सुरक्षित करने हेतु महत्वपूर्ण नवाचारों की खोज करना और उन्हें गति प्रदान करना है। इस वर्ष भी सम्मेलन का विषय पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित डायलॉगनेक्स्ट के अनुरूप ही किसान उन्मुख है। इस वर्ष डायलॉगनेक्स्ट की थीम है- 'इसे किसान तक ले चलो'। इस सम्मेलन द्वारा वैश्विक दक्षिण में परिवर्तनकारी कृषि समाधानों की किसानों तक पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि उभरते वैश्विक मेगाट्रेंड कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जटिल चुनौतियाँ पेश कर रहे हैं, जिनके लिए छोटे किसानों को केन्द्र में रखकर, व्यवस्थित समाधानों और उनके त्वरित क्रियान्वयन की आवश्यकता है। सम्मेलन में निकोल प्रेंगर, वरिष्ठ निदेशक, वैश्विक कार्यक्रम तथा रणनीतिक संचार, वर्ल्ड फ़ूड प्राइज़ फाउंडेशन ने कहा कि डॉ. नॉर्मन बोरलॉग द्वारा भारत को अर्ध-बौने गेहूँ की खेती शुरू करने में मदद करने तथा एक दशक से भी कम समय में उत्पादन दोगुना करने के साथ-साथ संभावित अकाल की स्थिति को टालने के 60 साल बाद, भारत में इस सम्मेलन का आयोजन एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा कि डायलॉगनेक्स्ट को आने वाले दशकों में बढ़ती वैश्विक आबादी को स्थायी रूप से भोजन उपलब्ध कराने हेतु 'मूनशॉट' प्रयास के कार्य-योजना को गति देने के लिए डिज़ाइन किया गया था। इस सम्मेलन के लिए एशिया, यूरोप और अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, वैज्ञानिक और कृषि नेता जिनमें थिनले नामग्याल, सचिव, कृषि और पशुधन मंत्रालय, भूटान, गोविंदा प्रसाद शर्मा, सचिव, कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय, नेपाल, मैक्सिमो टोरेरो कुलेन, मुख्य अर्थशास्त्री, खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र भागीदारी के लिए आए हैं। साथ ही लोवा से अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल जिसमें शामिल किम रेनॉल्ड्स, गवर्नर, माननीय माइक नाइग, कृषि सचिव एवं ब्रेंट जॉनसन, अध्यक्ष, लोवा फार्म ब्यूरो फेडरेशन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की हैं।

### मुंबई में रेलयात्रियों से ...

सरकार के अधीन होती है फिर भी रेलमंत्रालय ने ऐसे जवानों के ख़िलाफ़ कड़े कदम उठाने की हिदायत संबंधित अधिकारियों को दी है।

**वसई रोड की घटना :** इसी तरह 13 जून को वसई रोड रेलवे स्टेशन पर एक दंपति से 15 हज़ार रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया। इसकी जांच के बाद पुलिस नाइक मिलिंद मरूति सातव और कॉन्स्टेबल सचिन अशोक वाहले व किरण बबन आवले को भी 1 अगस्त को निलंबित कर दिया गया।

**न्यायालय का सख्त रुख :** बॉम्बे सेंट्रल कांड में शामिल तीनों पुलिसकर्मियों ने अग्रिम जमानत की अर्ज़ी दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि घटना सीसीटीवी कैमरे की निगरानी से बाहर एक कमरे में हुई, जो "खराब नीयत" का सबूत है और तय एसओपी, मानक संचालन प्रक्रिया के विरुद्ध है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि जीआरपी की क्राइम ब्रांच ने अब नई मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने की पहल की है। इसमें बैगेज चेकिंग की वीडियोग्राफी, टीम का नियमित रोटेशन और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, आरपीएफ की सक्रिय भागीदारी शामिल होगी। अधिकारियों का कहना है कि इन कदमों से यात्रियों का भरोसा बहाल करने में मदद मिलेगी।

**पाँच महीने का ब्योरा :** पिछले पाँच महीनों में मुंबई के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर कम से कम चार वसूली की घटनाएँ दर्ज हुई हैं। इनमें कुल 13 पुलिसकर्मी निलंबित किए जा चुके हैं। विभागीय जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यात्रियों की चिंता :** इन घटनाओं ने मुंबई जैसे महानगर में रेलवे यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है। रोज़ाना करोड़ों लोग लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनों से सफर करते हैं और पुलिस पर उनकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है। अब सवाल उठ रहा है कि जब सुरक्षा बल ही यात्रियों से वसूली में शामिल हों, तो भरोसा कैसे कायम रहेगा।

### मोदी ने कहा कि चाहे ...

जाए और जो नियम है उनका पालन वोटिंग के वक्त किया जाए। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन करीब 40 मिनट का था। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सांसदों को नसीहत दी और भारत के आगे आने वाले दिनों में क्या चुनौतियां हैं, उसका भी जिक्र किया। उपराष्ट्रपति चुनाव में किन बातों का ध्यान रखना है? पीएम मोदी ने यह भी बीजेपी सांसदों को बताया। पीएम मोदी का कहना था कि निर्वाचन अधिकारी जो कलम दे उसी का सतर्कता से इस्तेमाल किया जाए और जो नियम है उनका पालन वोटिंग के वक्त किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जीएसटी दर कटौती से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है, जिसे जनता तक पहुंचाना जरूरी है। पीएम स्वनिधि योजना के विस्तार और गरीबों-छोटे व्यापारियों तक लाभ पहुंचाने की बात भी कही। उन्होंने एनडीए सांसदों से देशभर में 'स्वदेशी मेला' आयोजित करने की अपील की है, ताकि मेड-इन-इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहन मिले और लोगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ बैठकें करके इस कदम का लाभ समझाया जाए और लोगों को भरोसा दिलाया जाए कि सरकार उनके साथ है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल आत्मनिर्भरता का विचार नहीं है बल्कि देश के भविष्य की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि जब भारतीय उत्पादों की खपत बढ़ेगी तो न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी घटेगी। मोदी ने कहा कि चाहे निवेश कोई भी करे, उत्पादन भारतीय होना चाहिए और यही 'स्वदेशी मंत्र' है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 28 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में भी 'वोकल फॉर लोकल' पर बल दिया था। उस समय उन्होंने मंत्रियों से कहा था कि लोग ज्यादा से ज्यादा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदें और दुकानदार 'स्वदेशी वस्तु उपलब्ध है' के बोर्ड लगाएं। मोदी ने उस बैठक में कहा था कि भारत किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है और इसके लिए आत्मनिर्भरता सबसे बड़ा हथियार है।



# लैट रिलेशनशिप

## दूर रह कर साथ रहने का अहसास

लैट रिलेशन यानी दूर रहकर भी करीब रहने के अहसास के साथ रिश्ता बनाए रखने का चलन, तकनीकी सुविधाएं बढ़ने के बाद अपने देश-समाज में बढ़ रहा है। हालांकि इस तरह रिश्ते निभाने में कई तरह की सहूलियतें मिलती हैं लेकिन इसमें कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह रिश्ता तभी सहज ढंग से चल सकता है, जब पति-पत्नी दोनों इसके लिए मानसिक रूप से तैयार हों।

कवर स्टोरी
**सरस्वती रमेश**

हमारे समाज में शादी के बाद पति-पत्नी अमूमन साथ रहते हैं। अगर पति शहर के बाहर नौकरी या बिजनेस करता है तो शादी होते ही या कुछ समय बाद पत्नी भी उसके पास जाकर रहने लगती है। चाहे पत्नी को इसके लिए अपनी नौकरी ही क्यों न छोड़नी पड़े। कम से कम 90 प्रतिशत मामले में ऐसा ही होता रहा है। असल में शादी का मतलब ही होता है एक-दूसरे के साथ रहना और साथ निभाना। लेकिन आज के दौर में विवाह की यह पारंपरिक सोच बदल रही है। इस नई सोच के मुताबिक पति-पत्नी एक-दूसरे का साथ जरूर निभा रहे हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ रहे बिना। जी हां, लिविंग अपार्ट टुगेदर (लैट) यानी दूर रह कर साथ रहना, आजकल के शादी-शुदा कपल्स के बीच तेजी से बढ़ता ट्रेंड है। वैसे तो यह अवधारणा पश्चिमी देशों से आयातित है। लेकिन हमारे देश में भी यह तेजी से बढ़ रहा है।

**क्या है लैट रिलेशन:** जब शादीशुदा जोड़े शारीरिक रूप से एक साथ रहने की बजाय दूसरे शहर, राज्य या देश में रहकर भी दांपत्य रिश्ते में बंधे रहना स्वीकार करते हैं तो इसे लैट रिलेशनशिप कहा जाता है। अब तो कपल्स एक ही शहर में अलग-अलग घरों में रहने का विकल्प भी चुन रहे हैं। कई बार साथ रहने की सुलभता के बावजूद दूर रहना वो स्वेच्छा से चुन रहे हैं। इसके पीछे का तर्क यह दिया जा रहा है कि इससे उनके रिश्ते में नई ऊर्जा मिलती रहेगी। किसी से कभी-कभी मुलाकात होने पर हम उससे अतिरिक्त उत्साह से मिलते हैं, जबकि रोज मिलने वालों के साथ मिलने का उत्साह खत्म-सा हो जाता है। लेकिन यह लैट रिलेशन का कोई अकेला कारण नहीं है, और भी वजहें हैं।

**ट्रेंड बढ़ने की वजहें:** कई शोधों से यह साबित हो चुका है कि आज की पीढ़ी में सहन करने की क्षमता कम हुई है। उनमें छोटी-छोटी बातों को लेकर एग्रेशन बढ़ा है। पति-पत्नी को भी गीला तौलिया बेड पर रखने, एसी का टेंपरेचर कम/ज्यादा करने या घर के छोटे-मोटे कामों के बंटवारे को लेकर झगड़ते हुए देखा जा सकता है। पश्चिमी देशों में लैट रिलेशन की यह भी एक बड़ी वजह है, लेकिन हमारे देश में इसकी बड़ी वजह है, पति-पत्नी के करियर और जॉब से जुड़ी जरूरतें। ज्यादातर मामलों में पति और पत्नी अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़े होते हैं। उनकी जरूरतें, ऑफिस टाइमिंग, वर्किंग फील्ड सब कुछ अलग होता है। एक समय ऐसी परिस्थिति में पत्नी सहजता से अपनी नौकरी छोड़ कर अपने पति के साथ रहना स्वीकार कर लेती थी। आज भी अधिकतर मामलों में ऐसा ही होता है, लेकिन अपने करियर के लिए समर्पित महिलाएं शादी के बाद भी अब जॉब छोड़ना स्वीकार नहीं कर रही हैं। बल्कि पति से दूर रहकर अपने सपनों को पूरा करने में लगी हुई हैं। पति भी अपने जीवन साथी की भावनाओं को समझते हुए उन्हें ऐसा करने में सहयोग कर रहे हैं। रिश्तों को निभाने के लिए पारंपरिक शर्तें अब कोई शर्त नहीं रही। जोड़े अब अपनी सुविधा से अपने नियम बना रहे हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि दूरी एक-दूसरे के प्रति लगाव और प्रशंसा की भावना बढ़ाती है।

**खुद पर फोकस:** ज्यादातर मामलों में पति-पत्नी का नेचर, पसंद, हॉबीज, जिंदगी के प्रति नजरिया सब अलग-अलग होते हैं। शादी के बाद अमूमन हर व्यक्ति को अपने पार्टनर का ख्याल रखना पड़ता है, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष। जैसे पसंद का खाना, हॉबीज, मत, जरूरतें आदि। ऐसे में खुद की इच्छा कहीं पीछे छूट जाती है। लेकिन लैट रिलेशन में व्यक्ति खुद पर पूरा फोकस करता है, साथ ही अपने पार्टनर को खुद पर फोकस करने का पूरा मौका भी देता है। इसके अलावा आज की पीढ़ी के लिए पर्सनल स्पेस एक बड़ी जरूरत बन चुकी है। संयुक्त या एकल परिवारों में रह रहे महिला और पुरुष भी अब पर्सनल स्पेस चाहते हैं। थोड़ा या कुछ ज्यादा समय, जो सिर्फ उनका हो। ऐसी परिस्थितियां जिनमें शारीरिक या भावनात्मक रूप से किसी की टोका-टोकी या खलल न हो, वे अपनी मर्जी से जी सकें। व्यक्तित्व के समुचित विकास के लिए आज यह पर्सनल स्पेस काफी महत्वपूर्ण बन चुका है। लैट रिलेशन में रह रहे जोड़ों को बिन मांगे यह मुराद पूरी हो रही है।

**विदेश में शादियां:** अब मध्यवर्ग की लड़कियां भी एनआरआई दूल्हे के सपने देख रही हैं। लेकिन यदि लड़की अपने देश में ही किसी अच्छी जॉब में है तो शादी के बाद भी यहीं रुकना उसकी मजबूरी है। ऐसे कपल्स दूर रहकर भी लैट रिलेशन में अपने रिश्ते को बनाए रखते हैं। बीच-बीच में कुछ समय साथ बिताते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। ऐसे संबंधों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जब जीवन साथी साथ न रहे, तो जिम्मेदारियों, काम के बंटवारे को लेकर बार-बार की एडजस्टमेंट नहीं करनी पड़ती। इससे किटपिट कम होता है। साथ ही यदि कोई लड़की शादी के बाद भी अपने माता-पिता के साथ रहकर उनकी देखभाल करना चाहे तो इस रिलेशन में रहकर वह कर सकती है।

**चुनौतियां:** अलग-अलग रहकर साथ होने के अपने नुकसान भी हैं। लैट रिलेशन कुछ खास तरह के जोड़ों के लिए, उपयोगी हो सकता है, लेकिन ज्यादातर के लिए नहीं।

**आर्थिक भार:** पहली बात तो यह कि ऐसी अवधारणा को मूर्त रूप सिर्फ अमीर लोग ही दे सकते हैं। दो घर यानी दो अलग-अलग गृहस्थियां चलाना महंगा पड़ता है। लैट रिलेशन में पति-पत्नी अपने इनकम को पूरी तरह अपने मुताबिक खर्च कर सकते हैं, लेकिन आगे परिवार बढ़ाने की प्लानिंग और बचत जैसे मुद्दों पर एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग और साथ चाहिए होता है। दूसरी बात, इस तरह लंबे समय तक रहना व्यावहारिक नहीं जान पड़ता।

**भावनात्मक दूरी:** कहते हैं पति-पत्नी के बीच छोटी-मोटी तकरार उनके संबंध को और गहरा बनाती है, लेकिन जब मिलना ही नहीं होगा तो तकरार और दांपत्य की छोटी-छोटी खुशियों और गम भी एक-दूसरे से साझा नहीं हो पाएंगे। इस तरह लंबे समय तक अलगाव भावनात्मक दूरी भी बढ़ा सकता है।

**अकेलेपन की समस्या:** देखा जाए तो लैट रिलेशन अकेलेपन या अलगाव की भावनाओं को और बढ़ा सकता है। खासकर यदि व्यक्ति किसी अपरिचित स्थान पर हो और उसका कोई मजबूत सामाजिक दायरा न हो। वैसे भी आजकल की पीढ़ी काम की अधिकता और जीवन की जटिलताओं के कारण डिप्रेशन में चली जा रही है। अकेले रहने से पति-पत्नी एक-दूसरे को भावनात्मक संबल नहीं दे पाते हैं। इससे उनका आपसी जुड़ाव कमजोर होता है।

### कब-कैसे हुई लैट रिलेशन की शुरुआत

**सुनने में** लैट रिलेशन टर्म हमें जितना नया लग रहा है, असल में यह इतना नया है नहीं। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में नीदरलैंड में हुई थी। सबसे पहले इस टर्म को 'फ्रैंक एन इवा' फिल्म में दिखाया गया था। फ्रैंक और इवा न तो साथ रह पा रहे थे, न ही अलग होना चाहते थे। तब दोनों ने रिश्ते में रहते हुए दूर-दूर रहने का फैसला किया। अंग्रेजी भाषा में यह फिल्म 'लिविंग अपार्ट टुगेदर' नाम से रिलीज हुई थी। वहीं से यह शब्द मिला। लैट रिलेशन में पति-पत्नी शारीरिक रूप से दूर रहने के बावजूद भावनात्मक रूप से दांपत्य बंधन में बंधे हुए होते हैं। विज्ञान और तकनीक की प्रगति ने इस चलन को बढ़ावा दिया है। चूंकि आज हजारों किलोमीटर दूर रहते हुए भी मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से जुड़े रहना संभव हो गया है, इसलिए ऐसे संबंधों को जरूरी ईंधन मिलता रहता है। भारतीय समाज में देखें तो यह शब्द अभी नया है, प्रचलन में नहीं है। अनेक पुरुष अपनी पत्नियों को गांव, कस्बे में छोड़कर रोजगार के लिए शहरों में चले जाते हैं। कई बार तो वो विदेशों में कमाने के लिए चले जाते हैं, कई वर्षों बाद वापस आते हैं। मतलब दूर रहते हुए भी अपने रिश्ते को जीवित रखते हैं।



# खिलौनों को लेकर रहें सजग

आजकल बाजार में मिलने वाले प्लास्टिक या धातु के खिलौने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रहे हैं। ये खिलौने ऑटिज्म को बढ़ा रहे हैं। इसलिए जरूरी हो गया है, बच्चों को पैरेंट्स लकड़ी, मिट्टी, कपड़े और धागे से बने परंपरागत देसी खिलौने दें, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं हैं।



बच्चे और आप
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बीते दिनों एम्स द्वारा किए गए रिसर्च में सामने आया कि ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के शरीर में लेड, क्रोमियम, मर्करी, मैंगनीज, कॉपर, आर्सेनिक, कैडमियम जैसे भारी धातु पाए गए हैं, जो कि बच्चों में ऑटिज्म बीमारी बढ़ने का कारण बन रहे हैं। पैरेंट्स को ध्यान देना होगा कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली ये धातुएं प्रदूषित भोजन, सिगरेट के धुएं, प्रदूषित हवा, औद्योगिक कचरे और खिलौनों के जरिए बच्चों के शरीर में पहुंच रही हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि अध्ययन में ऑटिज्म से पीड़ित 3 से 12 साल के 180 बच्चों और 180 स्वस्थ बच्चों को शामिल किया गया। इनमें 32 प्रतिशत ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों में 7 तरह के हेवी मेटल्स ज्यादा पाए गए, जबकि स्वस्थ बच्चों में यह समस्या नहीं मिली। ऐसे में पैरेंट्स का बच्चों के शरीर में पहुंचते नुकसानदेह रसायनों और धातुओं को लेकर जागरूक रहना आवश्यक है। देखने में आता है कि खिलौनों से बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर आज भी अवेयरनेस की कमी है।



**ट्रेडिशनल खिलौने दें:** बच्चों को खिलौनों से दूर नहीं किया जा सकता। बालमन के मनोरंजन और खेलने के लिए खिलौने जरूरी हैं। ऐसे में जागरुकता के साथ, जज्बाती जुड़ाव के इस मोर्चे पर हमारा परंपरागत खिलौनों की ओर लौटना जरूरी है। लकड़ी, मिट्टी, कपड़े और धागे जैसे सामानों से बने देसी खिलौने ना केवल परंपरा वाहक हैं। बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवनशैली को समझने का जरिया भी हैं। इनसे बच्चों के स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं होता। वहीं प्लास्टिक और अन्य सामानों से बने विदेशी खिलौनों में मौजूद रसायन बच्चों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। यही वजह है कि सेहत सहेजने और बच्चों को सहज और संवेदनशील जीवनशैली का पाठ पढ़ाने के लिए परंपरागत खिलौनों की बहुत अहमियत है। हमारे अधिकतर देसी खिलौने ग्रामीण जन-जीवन की झलक और प्रकृति से जुड़ाव का सबक लिए होते हैं। ट्रेडिशनल खिलौने बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ ही जमीनी जुड़ाव और समझ को पोषित करने वाले साथी बन सकते हैं।

**स्वास्थ्य के लिए कैसे हानिकारक हैं खिलौने:** परवरिश के कई संजीदा पक्ष खिलौनों से जुड़े हैं। बाल स्वास्थ्य से जुड़े अनगिनत जोखिमों के बावजूद प्लास्टिक या धातु के खिलौने बच्चों के हाथ में थमा दिए जाते हैं। अब तो बाजार इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों से भी अटा पड़ा है। देखने में आता है कि नुकसानदेह रसायन ही नहीं, कई तरह की तकनीक से लैस स्वचालित खिलौने बच्चों की मनः स्थिति पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। खिलौने बच्चों की शारीरिक-मानसिक सेहत को कई तरह से प्रभावित करते हैं। इसीलिए इस विषय में डॉक्टर से भी चर्चा करनी चाहिए। कई बार तो कुछ खास तरह के इंफेक्शन का कारण मुंह में डाले जाने वाले खिलौने भी होते हैं। दांत निकलने के समय तो बच्चे खिलौने को खूब चबाते हैं। मुंह में डालने से कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया के बच्चों के शरीर में जाते हैं। ऐसे में गंदे खिलौनों से पेट और मुंह के इंफेक्शन ही नहीं, स्किन इंफेक्शन की समस्या भी हो सकती है। बीमार होने पर बच्चों के टॉयज की डॉक्टर को भी जानकारी दें। घर में भी खिलौनों की साफ-सफाई को लेकर सजग रहें। स्वच्छ रखें और कभी-कभी धूप भी दिखाएं।

बागवानी
**अनु आर.**

अगर आप चाहती हैं कि आने वाली सर्दियों में अपने गार्डन में उगी ताजी, ऑर्गेनिक और तरह-तरह की सब्जियों का आनंद लें तो इसी महीने कुछ सब्जियों के बीज बो दें। आप कौन सी सब्जियां कैसे लगा सकती हैं, दे रहे हैं कुछ उपयोगी सलाह।

# इसी महीने बो दें इन सब्जियों के बीज



मानसून का अंतिम महीना माना जाता है सितंबर माह को, जब वातावरण में नमी बढ़ने लगती है और मौसम ठंडा होने लगता है। कई सारी सब्जियों को उगाने के लिए यह सबसे अनुकूल मौसम होता है। ऐसे में हम आपको बताते है, कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में, जिन्हें आप इस माह अपने गार्डन में उगा सकती हैं। इस माह में आप अपने गार्डन में हरी मटर, फूलगोभी, गाजर, टमाटर, ब्रोकली और मूली जैसी सब्जियों को लगा सकती हैं। इस मौसम में लगाई गई ये सब्जियां सर्दी के मौसम में तैयार हो जाएंगी।

**फूल गोभी:** फूल गोभी हमारे देश में पूरे साल उपलब्ध होती है और किसान इसकी खेती पूरे साल करते हैं। लेकिन मुख्य तौर पर ठंडे मौसम की फसल है। इस महीने में इसे लगाकर सर्दियों में आप अपने बगीचे में उगी गोभी का स्वाद ले सकती हैं। फूल गोभी 6 से 7 के बीच पीएच मान वाली और अच्छी निकास वाली कार्बनिक पदार्थों से भरपूर मिट्टी में अच्छी तरह पनपती है। इसकी मिट्टी को लगातार नम रखें और ज्यादा नाइट्रोजन वाली खाद डालकर इसको अच्छी तरह उगा सकती हैं।

**टमाटर:** सर्दी के मौसम में ताजे टमाटर खाने के लिए इसी महीने टमाटर के बीज बो दें। इसे ग्रो बैग में लगाएं, गमले में या जमीन पर। इसके लिए दोमट मिट्टी सबसे अनुकूल होती है। टमाटर की फसल बहुत जल्द तैयार हो जाती है।



**ब्रोकली:** हरी फूल गोभी की तरह दिखने वाली ब्रोकली की सर्दी के मौसम में बहुत मांग बढ़ जाती है। कैल्शियम और आयरन से भरपूर यह सब्जी अगर आप इस महीने में अपने घर के गार्डन में लगाती हैं तो पूरी सर्दियां आप इसका स्वाद ले सकेंगी। ब्रोकली के पौधे को कम गीली मिट्टी में ऐसी जगह पर लगाएं जहां अच्छी धूप आती हो।


**हरी मिर्च:** भोजन में स्वाद जगाने वाली और सेहत से भरपूर हरी मिर्च को इस माह गमलों में लगा सकती हैं। इसके दो-चार पौधों से ही काफी मात्रा में हरी मिर्च प्राप्त हो जाती हैं। इसके लिए दोमट मिट्टी बेहतरीन होती है और कुछ ही दिनों बाद पौधे में खूब सारी हरी मिर्च लगना शुरू हो जाती हैं।



**मूली:** मूली को अगर गमले में लगाना हो तो मिट्टी में खाद डालकर उसमें अच्छी-सी नमी लाकर गमले की मिट्टी में ऊपर से इसके बीज बिखेरें और इसमें समय-समय पर पानी देती रहें। 40 से 60 दिन के बाद मूली की फसल तैयार हो जाएगी।

**गाजर:** सर्दी के मौसम में सब्जी के रूप में, सलाद के तौर पर गाजर खूब खाई जाती है। इसका हलवा भी लोग चाव से खाते हैं। इसके लिए आपको इसी महीने में गाजर के बीज बो देने चाहिए। बीज बोने से पहले मिट्टी को अच्छी तरह से तैयार कर लें। इसे ऐसी जगह पर रोपें, जहां अच्छी धूप आती हो।

**हरी मटर:** सर्दी के दिनों में अपने गार्डन में उगी ताजा और मीठी मटर खाने का मजा ही अलग होता है। इसके लिए आपको इन्हीं दिनों में मटर बो देना चाहिए। मटर उगाने के लिए इन्हें कार्बनिक पदार्थों से भरपूर अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में बोएं। बारिश के बाद जब मौसम सूखा हो, तो इनकी बेलों को चढ़ाने के लिए डंडे या दीवार का सहारा जरूर दें। पौधों को चूहों से बचाने के लिए इन्हें जाल से कवर कर सकती हैं।



स्किन केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# सूखे नीबू से स्किन बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग

नीबू के छिलकों में विटामिन-सी, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे कई मिनरल्स के अलावा एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट बनाने के साथ-साथ स्किन से फाइन लाइंस, झुर्रियों, टैनिंग, मुंहासों और दाग-धब्बों को कम करने जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं। ताजे नीबू की तरह ही सूखे हुए नीबू के छिलकों को भी अपने ब्यूटी रुटीन में आप अलग-अलग तरीके से शामिल कर सकती हैं। नीबू के छिलके का पावडर बनाने के लिए सबसे पहले इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर धूप में सूखा लें और मिक्सर में डालकर पीस लें। अब इस मिश्रण को स्टोर करने के लिए किसी एयर टाइट कंटेनर में रख दें। आप इस मिश्रण का इस्तेमाल लिप बाम, क्लींजर या फिर फेस मास्क के लिए कर सकती हैं।



**फेस पैक:** नीबू के छिलके से बने फेस पैक ऑयली स्किन वाली महिलाओं को काफी राहत मिलती है। फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच बेसन में एक छोटा चम्मच नीबू के छिलके का पावडर और गुलाब जल मिक्स करके लगा लें और जब यह मिश्रण स्किन पर नेचुरल तरीके से सूख जाए तो इसे ताजे पानी से धो लें। इस मिश्रण के साथ आप दही का यूज भी कर सकती हैं। इस फेस पैक से आपकी स्किन और भी सॉफ्ट और अट्रैक्टिव दिखेगी।

**स्क्रब:** बॉडी और फेस स्क्रब बनाने के लिए आप एक मिक्सर में थोड़ी सी चीनी, शहद और नारियल के दूध के साथ सूखे नीबू के छिलकों के पावडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें। शहद, एक्सफोलिएशन में मदद करता है, जबकि नारियल का दूध स्किन को फ्रेश और सॉफ्ट बनाता है। चेहरे की थकावट को दूर करने के लिए येह फेस स्क्रब काफी मददगार साबित हो सकता है। नीबू में साइट्रिक एसिड होता है, जिसकी वजह से यह स्किन की ड्राई सेल्स में जमी परत को एक्सफोलिएट करता है। इसे लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार दिखती है। शहद में पाए जाने बाले एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण मुंहासों के उपचार के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**हर्बल टी भी है कारगर:** लेमन हर्बल टी बनाने के लिए सूखे नीबू को छोटे टुकड़ों में काटकर उनके छिलकों को रातभर पानी में छोड़ दें। सुबह इनके छिलकों को पानी में थोड़ी देर के लिए उबालकर इसे छान लें। इसके बाद इसे चीनी या शहद से मीठा कर सकती हैं। आप इस चाय में अदरक, तुलसी और इलायची के साथ या फिर किसी जड़ी-बूटी को भी डाल सकती हैं। इसे पीने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और एक्सट्रा बॉडी वेट को घटाने में भी मदद मिलेगी।



मेडिकल एडवाइस
**डॉ. रवींद्र गुप्ता**
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, एनसीआर

# ऐसे रहेगा कंट्रोल बैड कोलेस्ट्रॉल



अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट के कारण हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लगती है। इससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का रिस्क बढ़ने लगता है। क्या हैं बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण, इसके लक्षणों के साथ ही इससे बचाव के बारे में जानिए।

हमारे शरीर के सेल्स में पाया जाने वाला कोलेस्ट्रॉल नामक पदार्थ पिघले मोम की तरह चिपचिपा और वसा का ही एक रूप है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता, जिससे लिपोप्रोटीन पार्टिकल्स ब्लड फ्लो की मदद से इसे शरीर के सभी भागों में पहुंचता है। लेकिन बैड कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, नजर कमजोर होना, अल्जाइमर और शरीर में दर्द-अकड़न जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।

**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल मौजूद होते हैं। पहला हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल), यानी गुड कोलेस्ट्रॉल। यह हार्मोंस के स्राव को नियंत्रित करना, नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाना, विटामिन की पाचन क्रिया के साथ नई सेल्स की दीवारों और विटामिन डी को बनाने में भी मदद करता है।

दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एलडीएल), यानी बैड कोलेस्ट्रॉल। यह ब्लड वेसेल्स के अंदर की दीवारों में चिपककर उन्हें संकरा बना देता है, जिससे ब्लड फ्लो में रुकावट पैदा होने की वजह से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, नजर का कमजोर होना और शरीर के कुछ भागों में हमेशा दर्द रहता है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण :** हमारे शरीर में 20 प्रतिशत बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा डायटरी, सैचुरेटेड और ट्रांस फैट से आती है, जैसे, रेड मीट, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन करने से बढ़ता है। इसके अलावा 80 प्रतिशत फैट लिवर में तैयार होता है। मैदा, चीनी, चावल, सूजी, ओट्स, एल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स और जंक फूड जैसी चीजों में कार्ब की मात्रा अधिक होने से लिवर इनमें मौजूद कार्ब्स को बैड कोलेस्ट्रॉल में बदल देता है। एक्सरसाइज न करना भी इसकी मात्रा बढ़ने की बड़ी वजह है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण :** शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपको अलग-अलग लक्षण देखने को मिल सकते हैं। आंखों के सफेद हिस्से पर काले या भूरे रंग का घेरा नजर आना, शरीर में अकड़न, पसीना आना, दिल की धड़कन बढ़ने के साथ सीने, कंधे और गर्दन में दर्द होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा जरूरत से अधिक बढ़ने पर यह ब्लड वेसेल्स में जमा होकर प्लाक बनाता है, जिससे ब्लड फ्लो में रुकावट के कारण दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक होने का रिस्क बढ़ सकता है।

### बचाव और उपचार के तरीके

बैड कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो लिपिड प्रोफाइल नामक जांच अवश्य कराएं। इससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जा सकता है। आमतौर पर स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई है तो शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर किसी तरह के लक्षण नजर नहीं भी आते तब भी चालीस पार के लोगों को साल में एक से दो बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवानी चाहिए। बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल में रखने के लिए नियमित एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। घी, तेल, मक्खन, मैदा और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स जैसी चीजों को अवॉयड करें। डॉक्टर की सलाह पर दवाओं की मदद से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है।

**प्रस्तुतिः विनीता**



# मुख्यमंत्री ने किया मऊगंज के बहुती जल प्रपात का अवलोकन, व्यू प्वाइंट से देखी दूधिया जलधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज जिले के प्रवास पर नई गढ़ी जनपद पंचायत के बहुती जल प्रपात का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वाटरफॉल के नजदीक जाकर व्यू प्वाइंट से जलप्रपात की गिरती हुई दूधिया जल धारा और वहा बनने वाले इंद्रधनुष की आभा को देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहुती जल प्रपात के समीप कार्यक्रम स्थल पर गौपूजन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री से जंगल में विचरण करने वाली गौमाताओं को अपनी एक आवाज में अपने पास बुलाने की कला रखने वाले रकरी गांव के गौसेवक सौखीलाल यादव ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदीओं ने सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

मुख्यमंत्री के बहुती पहुंचने पर पारंपरिक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज की लोक कला की छात्राओं ने बघेली शैली नृत्य और स्थानीय लोक कलाकारों के दल ने अहिरहाई लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पशुपालन डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक गिरीश गौतम, दिव्यराज सिंह और प्रदीप पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कमिश्नर रीवा बीएस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर संजय जैन एवं पुलिस अधीक्षक प्रजापति सहित नागरिक मौजूद थे।

### पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है विकसित



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवतालाब शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया।

कलेक्टर मऊगंज संजय जैन ने बताया कि बहुती जल प्रपात को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं जन सुविधाओं के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए लागत की कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। कलेक्टर ने बताया कि बहुती प्रपात के अप स्ट्रीम में स्टॉप डैम का निर्माण प्रस्तावित है। स्टॉप डैम में जल का संचय होने से वाटर फॉल की जल धारा का बारह माह सदा अविरल प्रवाह बना रहेगा। बहुती जल प्रपात रीवा से 75 किलोमीटर दूर मऊगंज जिले में स्थित है। यह विन्ध्य क्षेत्र ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। बहुती में सेलर नदी 650 फिट की ऊंचाई से दो धाराओं में विभक्त होकर गिरती है। नीचे सुंदर कुंड और चारों ओर घने वन हैं। बहुती में अनंत जलराशि लंबवत चट्टानों पर गिरती है। जुलाई से सितम्बर माह तक इस प्रपात का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। प्रपात के समीप ही अष्टभुजा देवी का प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है। प्रयागराज और बनारस से सड़क मार्ग से सीधे जुड़ा होने से उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। इसके पास भैंसहाई में प्रागैतिहासिक काल के भित्ति चित्र मिले हैं।

---

नायब ने राहत उपायों के लिए तत्काल 3.26 करोड़ जारी किए

# बारिश-बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएम सैनी ने खोला पिटारा

कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक के बाद सीएम ने किया ऐलान

मृतक के परिजनों को 4 लाख, घायलों के लिए 2 लाख की मदद दी जाएगी

किसानों को मुआवजे के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला, प्रति एकड़ 15,000 तक मदद

नुकसान की भरपाई के लिए क्राइटेरिया बनाया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए खजाने का पिटारा खोल दिया है। सीएम ने लोगों के लिए आर्थिक मदद का ऐलान किया है और एक क्राइटेरिया बनाते हुए तत्काल राहत उपायों के लिए जिलों को आरक्षित निधि के रूप में कुल 3 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि मंजूर कर दी है। इस धनराशि का उपयोग प्रभावित लोगों को भोजन, वस्त्र, अस्थायी आश्रय, तंबू, पशुओं के लिए चारा, पेट्रोल, डीजल व अन्य ईंधन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं, राहत सामग्री के परिवहन और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री यहां मंत्रिमंडल की अनौपचारिक बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। सीएम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार लोगों के साथ खड़ी है। इस प्राकृतिक आपदा में मकान ढहने से प्रदेश के 13 लोगों की जान चली गई। इनमें फतेहाबाद में 4, भिवानी में 3, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर में 2-2 और हिसार व फरीदाबाद में 1-1 व्यक्ति शामिल हैं। शोक संतप्त परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सरकार ने तुरंत 52 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता जारी की है। प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 4 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, घायलों को भी मदद के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं।

**उपायुक्तों को निर्देश दिए :** सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि जलभराव वाले क्षेत्रों में गिर गए अथवा आंशिक नुकसान वाले मकानों का सर्वे करवाया जाए। इसके अलावा, जो परिवार 20 वर्षों से पंचायती जमीन या इस प्रकार की अन्य जमीन पर काबिज हैं, उनके मकानों को भी यदि नुकसान हुआ है तो उनकी भी सूची तैयार की जाएगी और उन्हें भी मदद दी जाएगी।

**प्रदेश में बारिश में मकान ढहने से 13 की मौत**

| नुकसान | आर्थिक मदद |
|---|---|
| मृत्यु | 4 लाख |
| अंग हानि (40 से 60%) | 74,000 |
| अंग हानि (60% से अधिक) | 3.50 लाख |
| क्षतिग्रस्त मकान (मैदानी क्षेत्र) | 1.20 लाख |
| क्षतिग्रस्त मकान (पहाड़ी क्षेत्र) | 1.30 लाख |
| आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त (पक्के मकान) | 10,000 |
| आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त (कच्चे मकान) | 5,000 |
| फसल हानि सब्सिडी (प्रतिशत के आधार पर) | 7000-15000 |
| दुधारू पशु हानि (भैंस, गाय, ऊटनी) | 37500 |
| भेड़, बकरी, सूअर | 4000 |
| दूध न देने वाले पशु | 32,000 |
| मुर्गी पालन | 10,000 तक |
| **गांवों में दुकान, संस्थान, उद्योग** | |
| (100% नुकसान पर) | 1 लाख या वास्तविक हानि |
| 1-2 लाख के नुकसान पर | 1.75 लाख |
| 2-3 लाख के नुकसान पर | 2.35 लाख |
| 3-4 लाख के नुकसान पर | 2.75 लाख |
| 4-5 लाख के नुकसान पर | 3.05 लाख |
| 5 लाख से अधिक के नुकसान पर | 3.05+10% लाख |

**5217 गांवों के लोगों ने करवाया पंजीकरण**

सीएम ने कहा कि सरकार ने लोगों को हुई कठिनाइयों को कम करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। इसका उद्देश्य आम जनता द्वारा नुकसान व क्षति के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। प्रभावित लोगों को मुआवजे के वितरण की प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। अब तक क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 5217 गांवों के 2 लाख 53 हजार 440 किसानों ने 14 लाख 91 हजार 130 एकड़ पंजीकरण करवाया है। सत्यापन का काम जारी है। खराब फसलों के लिए प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा।

**स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए व्यापक प्रबंध**

सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीमें भेजकर उनकी चिकित्सा के व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रभावित लोगों को चिकित्सा शिविर लगाकर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस स्थिति में जल की स्वच्छता का ध्यान रखें और पानी को उबालकर पीएं।

---

पहली घटना में दो की मौत, दूसरे हादसे में एक गंभीर


# 12 घंटे के भीतर दो भीषण सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



नेशनल हाइवे 30 पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीती रात ही एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके 12 घंटे के भीतर ही दूसरी बड़ी घटना दहिकोंगा के पास हुई। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक चालक और टिप्पर में भिड़त हो गई। इस घटना में चालक घायल हो गए, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। बता दें कि कोण्डागांव जिले के दहीकोंगा नेशनल हाईवे-30 पर सोमवार की सुबह 6:30 बजे एक अनियंत्रित ट्राले ने सामने से आ रही हाईवा को टक्कर मार दी। जिससे हाईवा मौके पर ही पलट गई। घटना के दौरान पीछे चल रही 108 एंबुलेंस भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। इस घटना में एंबुलेंस का स्टाफ सुरक्षित रहा, उन्हें किसी भी तरह से कोई चोट नहीं आई। इस घटना में ट्रेलर का चालक हादसे में बुरी तरह फंस गया था।

## केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की कमी,आयुष्मान मित्रो के साथ सरकार कर रही सौतेला व्यवहार:डॉ व्यास



**चंडीगढ़।** आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) के तहत कार्यरत आयुष्मान मित्रों की वेतन वृद्धि, प्रोत्साहन और कार्य-स्थितियों को लेकर गंभीर असमंजस और असमानता की स्थिति सामने आई है।इसका खुलासा डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास द्वारा दायर आरटीआई के जवाब में हुआ।हरियाणा में जब स्टेट हेल्थ अथॉरिटी, पंचकुला से आयुष्मान मित्रो की वेतन वृद्धि के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उसने जिम्मेदारी नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (NHA) पर डाल दी। वहीं, आरटीआई के जवाब में NHA ने साफ कहा कि आयुष्मान मित्रों से संबंधित सभी वेतन, कार्य-स्थितियां, अवकाश और संख्या संबंधी जानकारी केवल संबंधित राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों (SHA) से ही उपलब्ध कराई जा सकती है।डॉ व्यास की अध्यक्षता में आयुष्मान मित्रों के लिए अनेक कार्य किए। 30 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को लिख चुके पत्र। 5 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव से चंडीगढ़ सचिवालय में हुई मुलाकात । 25 अप्रैल को आयुष्मान मुख्य अधिकारी संगीता तेतरवाल से पंचकूला में हुई मुलाकात आरटीआई से सामने आए । योजना का क्रियान्वयन NHA की गाइडलाइन्स के अनुसार होता है,लेकिन राज्यवार कार्यान्वयन व नीतियों में भिन्नता है। वेतन व मानदेय राज्य सरकारें तय करती हैं। वेतन वृद्धि संबंधी शिकायतों का निपटारा भी SHA के स्तर पर होगा।

## बिना रायल्टी के गाड़ी नहीं चलाएंगे क्रेशर मालिक

■ भोपाल स्टोन क्रेशर ऑनर्स एसो ने किया बैठक का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी में रविवार को भोपाल स्टोनक्रेशर आनर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी क्रेशर मालिकों ने हिस्सा लिया। एसासिएशन ने इस अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। जिसमें सभी क्रेशर मालिक बिना रायल्टी के गाड़ी नहीं चलाएंगे और न ही किसी गाड़ी वाले को बिना रायल्टी गाड़ी भरने की अनुमति प्रदान करेंगे। बिना रायल्टी गाड़ी पकड़ाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

---

कांग्रेस नेता ने किया सड़कों का मुआयना

## चांद पर इतने गड्ढे नहीं होंगे जितने शहर में हैं: शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण पूरे शहर में चांद की सतह जैसे गड्ढे हो गए है। ऐसा कोई गली-मोहल्ला या रोड नहीं जहां गड्ढे, जल जमाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति ना हो।

इस दुर्दशा के विरोध में भोपाल के करोंद सब्जी मंडी गेट पर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। मनोज शुक्ला अन्तरिक्ष यात्री बन सड़को पर बने गड्डों में बैठकर गड्डों का मुआयना किया और सभी गड्डों पर भाजपा के निशान लगा कर भाजपा और महापौर मालती राय की लापरवाही उजागर की गई।

## सीएम डॉ. यादव को ज्ञापन सौंपने जा रहे कांग्रेसी नेताओं की पुलिस से झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेरीकेड्स तोड़कर की आगे बढ़ने की कोशिश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को मउगंज दौरे पर थे। इस दौरान खाद की समस्या को लेकर कांग्रेसी नेतओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सीएम को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे। इसके लिए वे मऊगंज बायपास से होकर देवतालाब जा रहे थे तभी रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ता एक दूसरे से भिड़ गए। पूर्व कांग्रेस विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में करीब तीन से चार हजार किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं की पुलिस की जमकर झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के लगाए बैरिकेड्स तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने पूर्व विधायक समेत अन्य प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उनको छोड़ दिया। इस दौरान पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह ने कहा कि हम यहां पिकनिक मनाने नहीं आए हैं, बल्कि उन किसानों और छात्रों की आवाज बनने आए हैं, जिन पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाई जा रही हैं। उन मरीजों के लिए खड़े हैं, जिन्हें अस्पतालों में इलाज और पोस्टमॉर्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

### कच्ची दीवार गिरने से युवक की मौत

**बालोद।** जिले के गुंडरदेही थाना क्षेत्र के चैनगंज गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें पैदल जा रहे युवक के ऊपर अचानक कच्ची दीवार गिर गई। हादसे में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पूरा मामला वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिससे घटना की पुष्टि हुई है। मृतक की पहचान विनय कुमार चंद्रनिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विनय अपने परिवार के साथ बहन का इलाज कराने के लिए कोकपुर (छुरिया ब्लॉक) से चैनगंज अपने बड़े पापा के घर आया हुआ था। रविवार सुबह नाश्ता करने के बाद वह घर से करीब 20 कदम दूर दुकान की ओर जा रहा था।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 22481/22482 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर एक्सप्रेस (प्रतिदिन) को **बड़ी खाटू** स्टेशन पर दिनांक 10.09.2025 से ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ी सं. 22481/22482 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर (प्रतिदिन) एक्सप्रेस का बड़ी खाटू स्टेशन पर अतिक्ति ठहराव

| रेलगाड़ी सं. 22481 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22482 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 20:26 | 20:29 | डेगना जं. | 07:01 | 07:04 |
| **20:44** | **20:46** | बड़ी खाटू | **06:44** | **06:46** |
| 20:52 | 20:54 | छोटी खाटू | 06:36 | 06:38 |

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2723/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

विराट संस्कृत विद्वत-सम्मेलन के दौरान बोले मुख्यमंत्री विष्णुदेव

## विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान है संस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय संस्कृति की आत्मा संस्कृत में निहित है, जो हमें विश्व पटल पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है। संस्कृत भाषा व्याकरण, दर्शन और विज्ञान की नींव है, जो तार्किक चिंतन को बढ़ावा देती है। ये बातें छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के संजय नगर स्थित सरयूपारीण ब्राम्हण सभा भवन में आयोजित विराट संस्कृत विद्वत-सम्मेलन में कहीं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संस्कृत शिक्षा आधुनिक युग में भी प्रासंगिक और उपयोगी है। संस्कृत भाषा और साहित्य हमारी विरासत का आधार हैं, जिन्हें हमें संरक्षित और संवर्धित करना चाहिए। देववाणी संस्कृत पर चर्चा के साथ यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने का एक महान प्रयास है।

**सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के प्रयासों की सराहना**

*मुख्यमंत्री श्री साय ने संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ और सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा में संस्कृत भाषा को शामिल करने से विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास सुनिश्चित होगा। संस्कृत में वेद, उपनिषद और पुराण जैसे ग्रंथों का विशाल भंडार है, जो दर्शन, विज्ञान और जीवन-मूल्यों का संदेश देते हैं। वेदों में वर्णित आयुर्वेद, गणित और ज्योतिष आज भी प्रासंगिक हैं और शोध का विषय हो सकते हैं। इन ग्रंथों में कर्म, ज्ञान और भक्ति के सिद्धांत स्पष्ट रूप से प्रतिपादित हैं, जो आधुनिक जीवन में शांति और संतुलन ला सकते हैं। ऐसे में संस्कृत शिक्षा आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक और उपयोगी है।*

**संस्कृत साहित्य से युवाओं को जोड़ने पर बल**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदों और उपनिषदों के ज्ञान को अपनाकर हम अपनी विरासत को संजोने के साथ-साथ अपने जीवन को भी समृद्ध बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को संस्कृत साहित्य से जोड़ने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि वे इस ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुँचा सकें। तकनीक के माध्यम से संस्कृत शिक्षा को आकर्षक और प्रासंगिक बनाया जा सकता है। राज्य में संस्कृत विद्वानों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें संस्कृत विद्या के प्रचार-प्रसार और अगली पीढ़ी को जोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने सरयूपारीण ब्राह्मण सभा, छत्तीसगढ़ के प्रचार पत्रक का विमोचन भी किया। विराट संस्कृत विद्वत-सम्मेलन का आयोजन संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ एवं सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।*

## अस्थाई कर्मचारियों का तीन दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन 21 सितंबर से

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश के हजारों अस्थाई कर्मचारी अपनी स्थाई करने की मांग के समर्थन में तीन दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन 21 सितंबर से आंबेडकर मैदान तुलसी नगर में करेंगे। यह निर्णय मप्र कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की बैठक में लिया गया। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के अस्थाई कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिकों, आउटसोर्स कर्मचारी, नल जल चालक, पंचायत चौकीदार आदि को नियमित करने की मांग लंबे समय से कर्मचारी मंच कर रहा है लेकिन अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग को अनदेखा किया जा रहा है।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, गुरूग्राम | भंडवारी लैंडफिल स्थल गुरूग्राम (फेज-XI) में लीगेसी कचरे के रिमीडियेशन और भूमि रिक्लेमेशन तथा फ्रैक्शन्स के वैज्ञानिक निपटान के लिए एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह + 2 अन्य कार्य। | 06.09.2025 29.09.2025 | 96,30,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38498/I/88/7 दि. 08.09.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमा में 11 सप्ताह के लिए स्वच्छ अभियान 2025 हेतु रात्रि समय के दौरान जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली के प्रावधान हेतु आकलन। | 04.09.2025 11.09.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक के क्षेत्र में मेडिकल मोड पर एलईडी स्क्रीन का प्रावधान व फिक्सिंग + 1 कार्य। | 04.09.2025 12.09.2025 | रु. 81.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सुनारियां कलां, रोहतक में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 04.09.2025 12.09.2025 | रु. 55.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एलीवेटेड रेलवे ट्रैक, रोहतक के साथ लगते बजरंग भवन से रोड का निर्माण। | 03.09.2025 15.09.2025 | रु. 56.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/38475/I/88/7 दि. 08.09.25

चिंतन

# युवा शक्ति की ताकत को समझें सरकारें

जब भी राजतंत्र असफल होता है, समस्याएं विकराल होने लगती है तो सबसे पहले युवा पीढ़ी मुखर होती है। बात चाहे श्रीलंका की हो, बांग्लादेश की या फिर अब नेपाल की। युवा बगावत का ऐसा बिगुल फूंकते हैं कि सरकारें असमर्थ नजर आती है। नेपाल में ओली सरकार के खिलाफ युवाओं ने बगावत कर दी है। राजधानी काठमांडू में युवा बेकाबू हो गए और चीन समर्थित ओली सरकार घुटनों पर आ गई। युवाओं को कंट्रोल करने के लिए पहले पुलिस ने लाठिया भांजी, फिर पहुंची सेना ने गोली चला दी, जिसमें अभी तक 20 युवाओं की मौत हो गई। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह कि प्रदर्शनकारी छात्र रोष जता रहे थे कि अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिए हैं, लेकिन चीनी सोशल मीडिया एक्टिव हैं। इस प्रदर्शन को शुरू करने के लिए भी चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया गया। असल में नेपाल में अचानक शुरू हुए इस प्रदर्शन के पीछे की वजह ओली सरकार का हालिया फैसला है। सरकार ने नियमों का हवाला देकर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। जिनमें यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर भी शामिल थे। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार का कहना था कि इन कंपनियों ने नेपाल सरकार के साथ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की, इसलिए यह कार्रवाई करनी पड़ी। लेकिन छात्रों और युवा वर्ग का आरोप है कि यह फैसला उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। युवाओं का कहना है सरकार अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए उनके आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, साल 2020 से ही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया कंपनियों के बिना लाइसेंस विज्ञापन और सामग्री प्रसारण को लेकर कई याचिकाएं लंबित थीं। पिछले दिनों नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि सभी विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देश में ऑपरेट करने के लिए कानूनी अनुमति और रजिस्ट्रेशन करवाएं। इसके बाद नेपाल के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ के नेतृत्व में एक हाई लेवल बैठक की गई। जिसमें सभी गैर-रजिस्टर्ड प्लेटफॉर्म्स को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया। बावजूद इसके डेडलाइन बीतने के बाद भी फेसबुक, मेटा, एक्स, यूट्यूब और लिंक्डइन जैसी कंपनियों ने नेपाल सरकार से कोई बातचीत नहीं की। इसी से गुस्साई सरकार ने चार सितंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अचानक लगे बैन ने युवाओं को हैरान कर दिया। आज के जमाने में जब लोगों के हाथों से एक सेकंड फोन नहीं छूट पाता, वहां बिना सोशल मीडिया के जिंदगी की कल्पना करना भी मुश्किल है। बैन लगा तो युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। वैसे भी वे लंबे समय से ओली सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे थे। इस कदम ने उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। आंदोलनकारियों ने सीधे संसद पर हमला किया था। बांग्लादेश में भी यही मॉडल था। हजारों की संख्या में छात्रों ने संसद को घेर लिया। हजारों की संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और भ्रष्टाचार बंद करो, सोशल मीडिया बैन हटाओ जैसे नारे लगाते हुए संसद का घेराव किया। इशारा साफ है कि युवा किसी भी सरकार की मनमानी सहने को तैयार नहीं है। दुनिया में कहीं भी हो वो मुखर हो रहे हैं और अपने अधिकार लेकर दम ले रहे हैं। ऐसा ही नेपाल में भी हुआ, सरकार को तुरंत कड़े फैसले लेने पड़े। उम्मीद करें कि नेपाल को देखकर दुनियाभर की सरकारें युवाओं की ताकत को समझेंगी।



स्वदेशी चिप
रोहित माहेश्वरी

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

> भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में गिग्ज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है।


भारत में बीते दिनों पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, जी हां भारत ने 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर सेमीकॉन इंडिया 2025 लॉन्च की गई। भारत में बनी यह पहली स्वदेशी चिप है। इस चिप का नाम है विक्रम। इस चिप को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। किसी भी देश के लिए ये गर्व का क्षण है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना अहम है कि दुनिया भर में बनने वाली चिप डिजाइनिंग का 20 प्रतिशत काम भारत में होता है।

कुछ साल पहले तक भारत में चिप निर्माण को असंभव मान लिया गया था, लेकिन अब इस साल से भारत में चिप का कमर्शियल निर्माण होने लगेगा। मतलब डेटा प्रोसेसिंग, स्टोरेज, कंट्रोल्स और कम्युनिकेशन्स जैसे कामों को अंजाम देने वाला सेमीकंडक्टर न सिर्फ मोबाइल, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अहम साबित होगी, बल्कि खेती-किसानी में भी किसानों को बड़ी राहत देगी। स्मार्ट सिंचाई, फसल की निगरानी और मौसम पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग खेती की तस्वीर बदल सकता है। कुछ सालों में भारत इस चिप का निर्यातक भी बन जाएगा।

इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विक्रम प्रोसेसर को बनाया है। यह भारत का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है। यह लॉन्चिंग के दौरान मुश्किल हालातों में भी काम करने के लिए तैयार है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से सिर्फ चार साल में भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना की घोषणा की है। इसमें से लगभग 65,000 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं।

अभी चिप के लिए भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता है। अभी दुनिया में ताइवान, अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया जैसे देश चिप का निर्माण करते हैं। ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। लेकिन मोबाइल फोन, आईटी और औद्योगिक उपयोग अभी भी सबसे ज्यादा कमाई वाले सेक्टर हैं। इन तीनों से लगभग 70 प्रतिशत तक होती है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। वर्तमान में चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन



कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं।

दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है।

हमारे देश में 1962 के प्रयास किया गया था सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग का एक इकोसिस्टम बने, जो पॉलिसी रही उस समय कि वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में सेमीकंडक्टर का एक अच्छा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत में इनकी बढ़ती मांग से नौकरियों के नए अवसर भी पैदा होंगे। साल 2024-25 में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 52 अरब डॉलर की थी। अब 2030 तक इस मार्केट के 13 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई से भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपोलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
रवि शंकर



# मोहन युग में बदला बदला नजर आ रहा मध्यप्रदेश

पूऋग्वेद से ली गई एक संस्कृत सूक्ति "सम गच्छध्वं सम वदध्वं" जिसका अर्थ है कि हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें और हमारे मन एक हों। यह संस्कृत सूक्ति एकता, सामंजस्य और आपसी समझ की भावना को बढ़ावा देने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे प्राचीन देवता अपने-अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करते थे। इसी भावना के साथ काम करते हुए मध्यप्रदेश आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गया है जिसे मोहन युग कहा जा सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश की बागडोर संभाले हुए डेढ़ साल का समय हो गया है। बीते डेढ़ साल का आकंलन किया जाए तो डॉ. मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं। लगभग दो दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व और कार्य क्षमता की बदौलत सीएम मोहन यादव ने 18 महीने के भीतर ही प्रदेशवासियों में अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि पार्टी आलाकमान भी उनका कायल हो गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को राज्य की सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश में कई अहम योजनाओं और पहलों को अमलीजामा पहनाया है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में कई क्षेत्रों में विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। सीएम ने न केवल प्रशासनिक सुधार किए, बल्कि पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, उद्योग, निवेश,स्वच्छता और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी काम किया है। उन्होंने पिछली सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं को आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की। दरअसल, डॉ. मोहन यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सुशासन की प्राथमिकता को आगे बढ़ाते हुए विकास पर जोर दिया। यू कहें प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र 'ज्ञान'(गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी) के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर लागू करने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता बनाए रखते हुए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए निवेश पर फोकस किया, लेकिन संघ और बीजेपी की हिंदुत्व की लाइन को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। बेशक, मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था। हालांकि, डॉ. यादव ने अपनी कूटनीति और रणनीति से हर चुनौतियों का डटकर सामना किया। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश बीजेपी के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए,बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सफल रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां बीजेपी को यूपी जैसे राज्यों में काफी नुकसान का सामना करना पड़ा, वहीं मध्यप्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर विपक्ष और राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक की देशभर में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी,यह काम बड़े-बड़े राजनीतिक धुंरधंर नहीं कर पाए थे,लेकिन मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी ने 26 साल बाद कांग्रेस का सबसे मजबूत किला ढहा दिया। मोहन यादव ने प्रदेश की कमान संभालने के बाद निवेश पर सबसे ज्यादा फोकस किया,इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह सरकार लगभग हर महीने ही क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन करवा रही है। इंदौर,उज्जैन,रीवा और सागर जैसे शहरों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए करोड़ों का निवेश मध्य प्रदेश में आने वाला है। जबकि सीएम मोहन यादव के विदेश दौरे पर भी 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मध्य प्रदेश को मिले हैं। जिससे इस सरकार की उपयोगिता को समझा जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## विशाल बद्री के दर्शन



उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए सोमवार को खुले रहे। भक्तों ने बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए।

आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है। - *सतीश पटेल, धमतरी*

करंट अफेयर

## गुयाना के राष्ट्रपति अली ने दूसरी बार शपथ ली



गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने पिछले सप्ताह हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद रविवार को दूसरी बार पद की शपथ ली। चुनाव आयोग ने अली की जीत की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने 'भारी बहुमत' से चुनाव जीता है और उनकी 'पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी' ने संसद की 65 में से 36 सीट पर जीत हासिल की है। उनकी यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब यह दक्षिण अमेरिकी देश अपतटीय तेल और गैस उत्पादन से अप्रत्याशित लाभ कमा रहा है। ब्राजील, वेनेजुएला और सूरीनाम के बीच स्थित गुयाना ने एक दशक पहले अपतटीय क्षेत्र में खोजे गए विशाल तेल भंडारों और खनिज संपदा के कारण अधिकाधिक ध्यान आकर्षित किया है। अली को तेल संपदा का कुछ हिस्सा सामाजिक योजनाओं में लगाने के लिए सराहना मिली है। शपथ ग्रहण भाषण में 45 वर्षीय अली ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया और कहा कि आने वाले पांच वर्ष देश के लिए निर्णायक होंगे। उन्होंने मुफ्त उच्च शिक्षा, पेंशन दोगुनी कर 500 अमेरिकी डॉलर करने और अगले वर्ष तक बिजली बिल आधा करने का वादा किया। चुनाव में उनका मुकाबला 38 वर्षीय व्यापारी अजरुद्दीन मोहम्मद से था, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप में अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए हैं।

ऑफ बीट

## जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

ट्रेंड

### गौरव का क्षण



बिहार में आयोजित एशिया कप 2025 में शानदार जीत के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। यह जीत इसलिए और भी खास है क्योंकि उन्होंने गत विजेता दक्षिण कोरिया को हराया है। यह भारतीय हॉकी के लिए गौरव का क्षण है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गलती को स्वीकारना



मिच्छामी दुक्कड़म। जाने-अनजाने में गत वर्ष अगर मुझसे कोई भी भूल-चूक हुई हो, तो मैं आप सभी से हृदय से क्षमा चाहता हूँ। सबसे क्षमा, सबको क्षमा, उत्तम क्षमा। क्षमा हृदय की सबसे बड़ी ताक़त है। क्षमावाणी पर्व हमें यही सिखाता है कि सच्चा साहस अपने अहंकार को छोड़कर गलती को स्वीकारना।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### मानस की यात्रा



तीन साल पहले कन्याकुमारी के सागर तट से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी। वह सिर्फ़ पैदल नहीं, बल्कि मानस की यात्रा थी। भारत को पुनः खोजने की यात्रा। 'दक्षिणायन' पर उस दिन कही बातें अब भी भीतर और बाहर की यात्रा में गूंज रही हैं।
- योगेंद्र यादव, अध्यक्ष भारत स्वराज

### मैं फैशन करूं



कल मिलने गया मां दुलारी को। शुरू हो गईं कि मैं लेफ्ट हैंड में कुछ नहीं पहनता हूँ।वो चाहती है की मैं फैशन करूं। राजू भाई साहब ने फुल पैंट पहनी हुई थी। मां के नज़रिए से राजू ने वेट भी कम किया है।
- अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# सुप्रीम आदेशः पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में जाना जाए

देश की सबसे बड़ी अदालत में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'हम यहां पर यह साफ कर दे रहे हैं कि आधार कार्ड सिर्फ निवास के प्रमाण के लिए है न कि नागरिकता तय करने के लिए


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कि एसआईआर में पहचान के उद्देश्य से आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज़ के रूप में माना जाए। मतदाता सूची में किसी मतदाता को शामिल,बहिष्कृत करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड को भी ध्यान में रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाता की पहचान के लिए आधार को दस्तावेज मानने पर विचार करने को कहा, इसने स्पष्ट किया कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। चुनाव आयोग ने सुनवाई के दौरान कहा, 7.24 करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए हैं। पिछले आदेश में 65 लाख लोगों के लिए आधार की अनुमति दी गई थी। अब उनके लिए किसी भी याचिकाकर्ता ने यह नहीं बताया है कि बड़ी संख्या में लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया है।

### कोर्ट ने ये भी कहा

**7.24** करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए

**याचिकाकर्ता** ने यह नहीं बताया है कि लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया



### आधार कार्ड को लेकर कोर्ट ने दूर की भ्रम की स्थिति

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अकेले आधार को भी 11 मान्य दस्तावेजों के बराबर माना जाए। कोर्ट ने कहा कि आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग आधार का सत्यापन कर सकता है (आधार सही या नहीं)। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम साफ कर दे रहे है कि आधार सिर्फ निवास के प्रमाण के लिए है न कि नागरिकता तय करने के लिए।

### अवैध प्रवासियों को अनुमति देने के लिए नहीं कह रहे

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, कोई भी अवैध प्रवासियों को अनुमति देने के लिए नहीं कह रहा है। हम जानते हैं कि आधार पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। मान लीजिए कि यह बारहवां दस्तावेज़ है तो इसमें क्या समस्या है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा, संशोधित मतदाता सूची प्रक्रिया में शामिल या बहिष्कृत लोगों की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से आधार अधिनियम 2016 के तहत जारी आधार कार्ड को स्वीकार किया जाएगा और इसे 12वें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा। हालांकि अधिकारी प्रस्तुत किए गए कार्ड की प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं और आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा।

### 99.6% ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए

इससे पहले याचिकाकर्ताओं ने कहा, पैरा लीगल वालंटियर की नियुक्ति की जानी थी, लेकिन उनकी नियुक्ति नहीं हुई। चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वे अवैध प्रवासियों के लिए ऐसा चाहते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कोई नहीं चाहता कि अवैध प्रवासी मतदाता सूची में शामिल हों। चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार के 99.6% नागरिकों ने पहले ही 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में से एक पेश किया है। चुनाव आयोग के अनुसार, 7.24 करोड़ में से 99.6 प्रतिशत ने पहले ही दस्तावेज़ जमा कर दिए हैं। पिछले आदेश में 65 लाख लोगों के लिए आधार की अनुमति दी गई थी। अब उनके लिए किसी भी याचिकाकर्ता ने यह नहीं बताया है कि बड़ी संख्या में लोगों को गलत तरीके से बाहर रखा गया है।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 15 को करेंगे एयरपोर्ट का शुभारंभ

**पूर्णिया।** पटना, गया, दरभंगा के बाद पूर्णिया में 15 सितंबर को बिहार के चौथे एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। इस एयरपोर्ट की खासियत यह होगी कि इसका रनवे राज्य का सबसे बड़ा रनवे होगा, जिसकी लंबाई 09 हजार मीटर होगी। इस एयरपोर्ट की घोषणा पीएम मोदी ने की थी। अब ये घोषणा पूरी होने जा रही है।



### चोरी हुआ एक करोड़ का कलश बरामद

**हापुड़।** लाल किला के सामने 15 अगस्त पार्क में चल रहे जैन समाज के धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ से अधिक कीमत का कलश चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कीमती कलश भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी का नाम भूषण वर्मा है और वो हापुड़ का रहने वाला बताया जा रहा है।



### एसी फटने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एसी फटने के कारण लगी आग में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान चली गई। दम घुटने से पति सचिन कपूर, उनकी पत्नी रिंकू कपूर और बेटी सुजान कपूर की मौत हो गई, हादसे में उनका पालतू कुत्ता भी नहीं बचा।



### बस और मोटरसाइकिल की टक्कर, 3 की मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की बस और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, नासिक जिले के भंवरपाड़ा फाटा के पास एक बस अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई।




### कंकाल के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

**मंगलुरू।** कर्नाटक के धर्मस्थल में कथित तौर पर दुष्कर्म, हत्या और शवों को दफनाने के मामले की जांच कर रहे विशेष दल को बंगले गुड्डे इलाके में मानव कंकाल के अवशेष मिले। पुलिस ने बताया कि यह अवशेष दिवंगत छात्रा के रिश्तेदार की मौजूदगी में मिले। वही छात्रा है, जिसकी 2012 को दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।



---

## ईईपीसी के प्लेटिनम जयंती समारोह में केंद्रीय मंत्री गोयल का दावा

# आगामी दो-ढाई वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा

पीयूष गोयल ने देश में ही उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण और बिक्री की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं के प्रति अपनी प्राथमिकता बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें आज दुनिया द्वारा भारत में दिखाए जा रहे विश्वास को बनाए रखना चाहिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए तैयार है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो से ढाई वर्षों में भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला है। गोयल ने एक दशक पहले दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से लेकर अब शीर्ष पांच में शामिल होने तक के भारत के सफर पर प्रकाश डाला।

विज्ञान भवन में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के प्लेटिनम जयंती समारोह में बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत 2014 में दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से आगे बढ़कर 2025 में शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। आने वाले दो-ढाई वर्षों में, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। कार्यक्रमें राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू भी उपस्थित रहीं।

लोगों से स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्राथमिकता बढ़ाने का आग्रह | भारत एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक की भूमिका निभा रहा

### आम आदमी को मिलेगा लाभ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया

पीयूष गोयल ने नए अवसर पैदा करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे सुधारों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार बहुत व्यापक है। सरलीकरण और दरों में कटौती से देश की अर्थव्यवस्था और भी आगे बढ़ेगी। नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लोग ज्यादा खर्च करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

#### भारत की 7.8% जीडीपी का रिकॉर्ड

मंत्री पीयूष गोयल ने हालिया आर्थिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसे उन्होंने एक रिकॉर्ड बताया। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि 2047 तक भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा ।

#### देश की विकास गाथा
### इंजीनियरिंग निर्यात 116 अरब डॉलर पहुंचा

*ईईपीसी के बारे में बोलते हुए, मंत्री गोयल ने देश की विकास गाथा में इंजीनियरिंग निर्यात की भूमिका की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि साल 1970 में, ईईपीसी ने 1 करोड़ डॉलर मूल्य का माल निर्यात किया था। आज, ईईपीसी का निर्यात 116 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने देश में ही उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण और बिक्री की आवश्यकता पर जोर दिया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं के प्रति अपनी प्राथमिकता बढ़ाने का आग्रह किया। गोयल ने कहा कि हमें आज दुनिया द्वारा भारत में दिखाए जा रहे विश्वास को बनाए रखना चाहिए।*

#### चुनौती से लड़ने के लिए पर्याप्त ताकत

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने में एक ज़िम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौती के सामने, भारत एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक की भूमिका निभा रहा है। वैश्विक स्थिरता प्रयासों में भारत शीर्ष तीन देशों में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, देश में पर्याप्त ताकत है। भारत किसी भी चुनौती से न तो डरता है और न ही झुकता है।

#### भारत का 2014 से प्रगति का सफर

विज्ञान भवन में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के प्लेटिनम जयंती समारोह में बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत 2014 में दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से आगे बढ़कर 2025 में शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। आने वाले दो-ढाई वर्षों में, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा।

#### जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे

नए अवसर पैदा करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे सुधारों को श्रेय दिया। नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लोग ज्यादा खर्च करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

---

## भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर लगाया किसान के अपमान का आरोप

# भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस एवं राहुल गांधी पर उछाले कई सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

◆ *हिमाचल में सरकारी कर्मचारियों की सेलरी में कटौती पर कांग्रेस को लिया आड़े हाथ*

भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि एक किसान अपनी फसल बर्बाद होने का दर्द लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के पास गया, लेकिन खरगे ने उसकी व्यथा को 'दिखावा' और 'पब्लिसिटी' कहकर किसान को बेइज्जत किया। यह किसानों का अपमान है। हिमाचल प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की सेलरी बढ़ा कर राहत दी थी लेकिन कांग्रेस की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की सेलरी में कटौती कर दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने आज सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी द्वारा कलबुर्गी के किसान के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार द्वारा राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेलरी में कटौती के निर्णय को लेकर कांग्रेस एवं राहुल गाँधी पर सवाल उछाले।

प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी के सामने कलबुर्गी, कर्नाटक का एक गरीब किसान अपनी व्यथा लेकर पहुँचा। उसके पास चार एकड़ या चार बीघा जमीन थी, लेकिन बाढ़ और बारिश में उसकी पूरी फसल बर्बाद हो गई। वह किसान अपनी पीड़ा बताने गया था। पर, मल्लिकार्जुन खरगे जी ने उसे डांट दिया और कहा कि यहाँ क्यों आए हो? तुम्हारा दिखावा क्या है? तुम्हारे पास तो केवल चार बीघा है, मेरा तो 40 एकड़ बर्बाद हो गया। प्रश्न यह है कि खरगे का यह कौन सा अहंकार है? एक किसान अपनी फसल बर्बाद होने का दर्द बताने आया था, क्योंकि कर्नाटक में उनकी कांग्रेस की सरकार है। वह अपनी सरकार के मुखिया के रूप में उनके पास आया। लेकिन उन्होंने उसकी व्यथा को 'दिखावा' और 'पब्लिसिटी' कहकर खारिज कर दिया। यह किसानों का अपमान है।

भाजपा सांसद ने कहा कि किसानों के बारे में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले राहुल गांधी आजकल कहां हैं? अच्छा होता अगर राहुल गांधी कर्नाटक जाते, अच्छा होता यदि वे पंजाब जाते, जहां किसान बाढ़ और बारिश से तबाह हैं, परेशान हैं। लेकिन वे कहीं और छुट्टी मनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश की कहानी सुनिए, वहाँ जब भाजपा की सरकार थी तो उन्होंने सरकारी कर्मचारियों की सेलरी बढ़ा कर राहत दी थी लेकिन कांग्रेस की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की सेलरी में कटौती कर दी।

---

## चीन सीमा के पास युमथांग घाटी तक की अनुमति

# चार महीने बाद टूरिस्ट के लिए खुला सिक्किम का लाचुंग

एजेंसी ▸▸ गंगटोक

खराब सड़कों की वजह से चार महीने से बंद पड़े उत्तर सिक्किम के कई पर्यटन स्थल अब फिर से रौनक बिखेरने को तैयार हैं। त्योहारों का मौसम नजदीक है और ऐसे में लाचुंग, युमथांग घाटी और जीरो प्वाइंट जैसे हसीन नजारों को देखने की राह तक रहे यात्रियों को आखिरकार राहत मिली है। राज्य सरकार का यह फैसला न सिर्फ यात्रियों के लिए रोमांच लेकर आया है, बल्कि पर्यटन उद्योग से जुड़े कारोबारियों के चेहरों पर भी



मुस्कान बिखेर गया है। सिक्किम सरकार ने उत्तर सिक्किम के कुछ पर्यटन स्थलों को दोबारा खोलने का फैसला किया है। लंबे इंतजार के बाद यह खबर पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों और यात्रियों दोनों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

## असम से खुलेगी हरित क्रांति की नई राह

# पीएम मोदी 14 को समर्पित करेंगे बांस बायोरिफाइनरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के हरित ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी 14 सितंबर 2025 को असम के गोलाघाट ज़िले के नुमालिगढ़ में स्थापित देश की बांस-आधारित बायोरिफाइनरी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह परियोजना न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में क्रांतिकारी पहल है बल्कि पूर्वोत्तर भारत को हरित औद्योगिक परिवर्तन का केंद्र बनाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा



सरमा ने सोशल मीडिया प्लैटफ़ॉर्म एक्स पर परियोजना की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, यह भारत की पहली बांस-आधारित बायोरिफाइनरी परियोजना है। पीएम 14 सितंबर को इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 1700 करोड़ से अधिक निवेश होगा।

## उपराष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी

# उपराष्ट्रपति चुनाव से बीजेडी और बीआरएस ने बनाई दूरी, जयराम रमेश ने साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव की गहमागहमी के बीच बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। अब तक विधायी कार्यों में संसद के अंदर भाजपा को समर्थन करने वाली ओडिशा की बीजू जनता दल और तेलंगाना की भारतीय राष्ट्र समिति ने ऐलान किया है कि वे न तो भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ जाएंगी और न ही विपक्षी गठबंधन को समर्थन देंगी। दोनों दलों ने स्पष्ट कहा कि वे चुनाव से दूरी बनाते हुए मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर, विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने सभी दलों के सांसदों से अपील करते हुए कहा है कि उपराष्ट्रपति के चुनाव में सभी संबंधित दलों के हितों को देखते हुए नहीं बल्कि राष्ट्रहित में वोट करें।

#### पार्टी हमेशा समान दूरी की नीति पर चलती है

बीजेडी प्रमुख और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा "समान दूरी" की नीति पर चलती है। वहीं, बीआरएस ने भी यही रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्रीय गठबंधन से फिलहाल उनका लेना-देना नहीं है। दोनों दलों के इस फैसले के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इस राजनीतिक घटनाक्रम पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा के नेतृत्व में चल रहा गठबंधन धीरे-धीरे "कमज़ोर और बिखरा हुआ" हो रहा है, और जो दल कभी एनडीए की ताक़त गिनाए जाते थे, वे अब खुद को अलग कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यह भाजपा की "अत्यधिक दबाव वाली राजनीति" और "अहंकारपूर्ण रवैये" का नतीजा है। ये बात अलग है कि दोनों ही दल कभी औपचारिक रूप से भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा नहीं रहे। विशेषज्ञों का मानना है कि बीजेडी और बीआरएस का यह कदम आने वाले लोकसभा चुनावों से पहले क्षेत्रीय दलों की रणनीति को दर्शाता है। दोनों दल यह संकेत देना चाहते हैं कि वे अपनी-अपनी जमीन पर स्वतंत्र राजनीतिक विकल्प बनाए रखना चाहते हैं।

---

## उत्तराखंड में भूस्खलन से गिरा मलबा, ट्रेन की आवाजाही बंद, सड़कें भी अवरुद्ध

# मथुरा-वृंदावन में यमुना मचा रही तबाही...बांके बिहारी मंदिर मार्ग हुआ जलमग्न, अयोध्या नगर में गिर गया मकान

एजेंसी ▸▸ मथुरा/देहरादून

यमुना का जलस्तर बढ़ने से मथुरा और वृंदावन में घर डूबते जा रहे हैं। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर पानी पहुंच गया है। वहीं मथुरा के अयोध्या नगर में हुए जलभराव से एक मकान गिर गया। गनीमत ये रही कि इस हादसे में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। बांकेबिहारी मंदिर जाने वाले मार्ग में भी यमुना का पानी पहुंच गया है। दाऊजी तिराहे तक सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इस वजह से यहां के दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं मथुरा के लक्ष्मी नगर के अयोध्या नगर में रविवार को बाढ़ का पानी भरने से एक मकान गिर गया।

*उत्तराखंड के सीएम धामी ने की समीक्षा बैठक दिए जरूरी निर्देश*



#### रेलवे ट्रैक से भागकर बचाई जान

लक्ष्मी नगर के ईसापुर में एक मंजिल तक पानी भरने के बाद बाढ़ प्रभावित लोग रेलवे ट्रैक को पार करके सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। सोमवार दोपहर 1:00 बजे दर्जनों लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे थे, इसी दौरान हाथरस की तरफ से तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। लोगों ने जैसे तैसे रेलवे ट्रैक से भाग कर अपनी अपनी जान बचाई।

### हरिद्वार में मलबा आने से रेलवे ट्रैक और देहरादून में 233 सड़कें बंद



हरिद्वार में पहाड़ी से भूस्खलन से बड़ा खतरा पैदा हो गया है। सोमवार सुबह काली मंदिर के पास पहाड़ी से भू स्खलन होने के कराण बड़ी तादात में मलबा रेलवे ट्रैक पर गिर गया। लोहे की जालियों को तोड़ते हुए बड़े बड़े पत्थर रेलवे ट्रैक पर जमा हो गये हैं जिससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है।

#### वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं राशन की पर्याप्त उपलब्धता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसुविधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए।

## मनोज जरांगे ने दी चेतावनी

# 17 से पहले मराठों को प्रमाण-पत्र देना शुरू करें, वरना...

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग अभी थमी नहीं है। मराठा आरक्षण का चेहरा बन चुके मनोज जरांगे ने एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने मांग की है कि महाराष्ट्र सरकार 17 सितंबर से पहले मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पिछले सप्ताह जारी किए गए सरकारी आदेश को लागू करे। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह फिर से 'कठोर निर्णय' लेने के लिए बाध्य होंगे। छत्रपति संभाजीनगर के अस्पताल में जरांगे ने संवाददाताओं से कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार राज्य के तालुका स्तर के कार्यालयों से जीआर पर कार्रवाई करने को कहेगी। हमें उम्मीद है कि 17 सितंबर से पहले काम शुरू हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मुझे कड़े फैसले लेने होंगे। गौरतलब है कि बीते सप्ताह मुंबई में अपना आंदोलन वापस लेने के बाद से वह अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। सर्टिफिकेट का वितरण से पहले जीआर के आधार पर शुरू हो जाना चाहिए।



भारत वैश्विक स्तर पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है

# भारत व्यापार समझौतों में किसानों, एमएसएमई के हित सुरक्षित रखने को प्रतिबद्ध : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को 'समान, न्यायसंगत और संतुलित' बनाना चाहता है क्योंकि सरकार किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही।

- ट्रंप के टैरिफ वार से भारत के निर्यातकों के सामने आई समस्या

यह बयान ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में माल भेजने वाले निर्यातकों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। सरकारी सूत्रों ने कहा, ''भारत अपनी प्राथमिकताओं, खासकर किसानों, मछुआरों, एमएसएमई क्षेत्र और डेयरी को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ काम करता है। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए भारत वैश्विक स्तर पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है। (लेकिन) इसमें परस्परता होनी चाहिए और यह समान, न्यायसंगत और संतुलित होना चाहिए।''

**खास बातें**

- भारत अपनी प्राथमिकताओं के साथ बेहद संवेदनशील
- यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत

### अमेरिका से समझौते पर बातचीत फिलहाल रुकी

*भारत इस समय यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। इसके अलावा भारत की द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ भी बात चल रही है। हालांकि, शुल्क मुद्दों पर जुड़े तनाव के बीच इस समझौते पर बातचीत फिलहाल रुक गई है।*



### यूरोपीय संघ के बीच एफटीए पर वार्ता का 13वां दौर शुरू

भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को अगले दौर की वार्ता शुरू की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के इस साल के अंत तक पूरा करने की समयसीमा को देखते हुए 13वें दौर की वार्ता काफी अहम मानी जा रही है। बातचीत का 12वां दौर ब्रसेल्स में हुआ था। अधिकारी ने कहा कि इस दौर की वार्ता पूरी होने के बाद यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मैरोस सेफ्कोविच 12 सितंबर को भारत आएंगे और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत में प्रगति की समीक्षा करेंगे।

### भारत कृषि व डेयरी क्षेत्र खोलने तैयार नहीं

अमेरिकी दल को छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आना था लेकिन शुल्क संबंधी घोषणाओं के बीच उसने इस यात्रा को टाल दिया। अभी नई तारीख की घोषणा भी नहीं की गई है। भारत कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को खोले जाने की अमेरिकी मांग को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। इसी वजह से दोनों पक्षों के बीच गतिरोध पैदा हो गया है।

### अमेरिका के साथ व्यापार 131.8 अरब डॉलर का रहा

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच वस्तु व्यापार 131.8 अरब डॉलर का रहा। इसमें भारत का निर्यात 86.5 अरब डॉलर और आयात 45.3 अरब डॉलर था। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार अमेरिकी शुल्क से प्रभावित भारतीय निर्यातकों के लिये एक व्यापक पैकेज पर काम कर रही है और इसका आकलन करने के लिये बहु-विभागीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी में रही मामूली तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 76 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की तेजी आई।

इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। कारोबार के आखिरी घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में वाहन, पेट्रोलियम और निजी बैंक शेयरों में तेजी के साथ 460.62 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 81,171.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को सीमित कर दिया। निफ्टी 32.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,773.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.97 प्रतिशत की तेजी रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इसके अलावा मारुति, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, ट्रेंट में 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड और सन फार्मा भी भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।



### निवेशक सकर्त दिखे

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका क्योंकि सत्र के आखिर में हुई बिकवाली ने 'गिरावट पर खरीदारी, तेजी पर बिकवाली' की प्रचलित रणनीति को प्रतिबिंबित किया। इससे निवेशक सतर्क दिखे।*

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that We, **(1) Sunil Kumar (2) Dilip Shrivastava both sons of Late Sh. Nirmal Chandra Shrivastava and (3) Samarth P. Shrivastava S/o Late Sh. Pradeep Kumar Shrivastava all R/o 14. Palam Marg, Vasant Vihar, New Delhi-110057,** are the joint owners of **Property No.14, Govt. Servant Co-operative House Building Society Ltd. Palam Marg, Vasant Vihar, New Delhi-110057,** lost/misplaced our original Perpetual Lease Deed, D-Form and Building Sanction Plan of the said property. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide LR No: 3190242/2025 dated 08/09/2025 any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.7738281063 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (CS) or Asstt, Director (CS), A-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

### भारत की बेरोजगारी दर जी20 देशों में सबसे कम

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अनुसार भारत की बेरोजगारी दर दो प्रतिशत है, जो जी20 देशों में सबसे कम है। मंत्री ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन हुआ है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीरज कुमार पुत्र बलजीत सिंह पताः गांव – कादीपुर, कुशक नंबर 1, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 93/2020 धारा 279/337 भा.द.स. के तहत** थानाः बुराड़ी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नीरज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नीरज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 93/2020 धारा 279/337 भा.द.स. के तहत थाना बुराड़ी, दिल्ली के उक्त नीरज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पायल सिंगल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09
(केंद्रीय जिला) कमरा नं. 286,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11993/N/2025

## जापान की अर्थव्यवस्था का अनुमान से बेहतर प्रदर्शन

**टोक्यो।** अमेरिकी शुल्क और घरेलू राजनीतिक अनिश्चितता की चिंताओं के बावजूद जापान की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अनुमान से कहीं अधिक तेजी से बढ़ी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत बढ़ा।

**मार्केट न्यूज**

## दिविता जुनेजा की एक्टिंग और चार्म ने जीता दिल, हीर एक्सप्रेस का ट्रेलर लॉंच, 12 सितंबर को रिलीज

**उमेश शुक्ला के निर्देशन और आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक संग दमदार स्टारकास्ट से सजी हीर एक्सप्रेस**

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फैमिली एंटरटेनर हीर एक्सप्रेस का दूसरा ट्रेलर आज जी म्यूजिक पर लॉंच किया गया। फिल्म 12 सितंबर को पूरे देश के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इससे पहले जून में रिलीज हुआ फिल्म का टीजर और पहला ट्रेलर सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है और अब इस दूसरे ट्रेलर ने दर्शकों की उम्मीदों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया है। फिल्म में टैलेंट और ग्लैमर का जबरदस्त संगम है। गार्जियस दिविता जुनेजा हीर एक्सप्रेस से सिल्वर स्क्रीन पर अपना ग्रैंड डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ नजर आएंगे चार्मिंग प्रीत कमानी। वहीं फिल्म में दिग्गज कलाकारों का भी तगड़ा तड़का है आशुतोष राणा, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक और लंदन के नामचीन कलाकारों ने भी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। निर्देशन की कमान संभाली है उमेश शुक्ला ने, जो ओह माय गॉड और 102 नॉट आउट जैसी हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अपनी सामाजिक और मनोरंजक फिल्मों के लिए मशहूर उमेश शुक्ला ने कहा 'हीर एक्सप्रेस' केवल एक कहानी नहीं, बल्कि इमोशन्स और रोमांच से भरी खूबसूरत यात्रा है, जिसे लंदन की फेमस लोकेशन्स पर शूट किया गया है।




# स्पेसएक्स ने इकोस्टार से स्पेक्ट्रम लाइसेंस खरीदा

एजेंसी ▶▶| हॉथोर्न (अमेरिका)

अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने स्पेक्ट्रम लाइसेंस खरीद के लिए इकोस्टार के साथ करीब 17 अरब डॉलर का समझौता किया है, जिससे स्टारलिंक की उपग्रह संचार सेवाओं को मजबूती मिलेगी। इस समझौते में इकोस्टार के एडब्ल्यूएस-4 और एच-ब्लॉक के स्पेक्ट्रम लाइसेंस शामिल हैं। इस सौदे में 8.5 अरब डॉलर तक नकद भुगतान और 8.5 अरब डॉलर तक के स्पेसएक्स के शेयर शामिल होंगे। सौदे के तहत स्पेसएक्स नवंबर, 2027 तक इकोस्टार के कर्ज पर करीब दो अरब डॉलर ब्याज का नकद भुगतान करेगा।

- मस्क की कंपनी ने 17 अरब डॉलर में किया समझौता

स्पेसएक्स और इकोस्टार एक दीर्घकालिक वाणिज्यिक समझौते में प्रवेश करेंगे, जिसके तहत इकोस्टार के बूस्ट मोबाइल ग्राहकों को स्पेसएक्स की अगली पीढ़ी की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा तक पहुंच मिल सकेगी। पिछले महीने एटी एंड टी ने भी कहा था कि वह इकोस्टार से वायरलेस स्पेक्ट्रम लाइसेंस खरीदने में 23 अरब डॉलर खर्च करेगी। इकोस्टार ने एक बयान में उम्मीद जताई कि एटी एंड टी के साथ सौदा और स्पेसएक्स के साथ यह लेनदेन अमेरिका में 5जी प्रौद्योगिकी तैनात करने से संबंधित अमेरिकी संघीय संचार आयोग (एफसीसी) की हालिया जांच का समाधान कर देगा।




### आय का कुछ हिस्सा कर्ज चुकाने में

कंपनी ने कहा कि इस लेनदेन की आय का कुछ हिस्सा कर्ज भुगतान में इस्तेमाल किया जाएगा और डिश टीवी, स्लिंग और ह्यूजेस सेवाओं के मौजूदा परिचालन पर इस सौदे का कोई असर नहीं पड़ेगा।

## बीएचईएल ने ईईपीसी इंडिया क्वालिटी पुरस्कार 2025 जीता



**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को पीएसयू श्रेणी में 'ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2025' के 5वें संस्करण में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो बीएचईएल द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने के अटूट प्रयास को दर्शाती है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कंपनी की उत्कृष्टता, क्षमता और गुणवत्ता में मजबूती के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कंपनी-व्यापी पहलों जैसे व्यावसायिक उत्कृष्टता, 5एस, गुणवत्ता चक्र, डिजिटलीकरण आदि द्वारा संचालित है। यह पुरस्कार आज श्री एस एम रामनाथन, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) ने श्री पीयूष गोयल, माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से प्राप्त किया।

## निसान ने ग्राहकों को दिया जीएसटी कटौती का पूरा लाभ

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने भारत सरकार द्वारा घोषित जीएसटी की नई दरों का स्वागत किया है। साथ ही कम्पनी यह सुनिश्चित करेगी कि ग्राहको तक जीएसटी कटौती का पूरा लाभ पहुंचाया जाए।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने हरियाणा के गुरुग्राम में नये अंचल कार्यालय का किया उद्घाटन

**गुरुग्राम।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने विस्तार अभियान के तहत हरियाणा राज्य के गुरुग्राम जिले में नये अंचल कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अंचल का उद्घाटन श्रीमान विपुल गोयल माननीय राज्य मंत्री आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं विकास एवं **ukxjhd mMM;u** मंत्री, हरियाणा सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अंचल के शुभारंभ के साथ यह बैंक का 50वां अंचल कार्यालय बन गया है। इस अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के गुरुग्राम अंचल के अंचल प्रबंधक श्री अभिषेक बिंदल, उप-अंचल प्रबन्धक श्री सनोज कुमार, कार्यपालकगण, समीपवर्ती शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अंचल कार्यालय के अधिकारी और उपस्थित ग्राहकों ने भाग लिया। नया अंचल से हरियाणा की शाखाओं का नियंत्रण करने एवं हरियाणा में शाखाओं का विस्तार करने में इस अंचल की अहम भूमिका रहेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश ठाकुर पुत्र श्री गोविंद ठाकुर, पताः झुग्गी नं.350, निकट शंकर मंदिर, फैज रोड, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 231/2020 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश ठाकुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 231/2020 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त आकाश ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
करणवीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं.26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11205/CD/2025

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्त्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के ठहरावों की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | स्टेशन | पूर्व निर्धारित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 12649 | यशवंतपुर | हज़रत निज़ामुद्दीन | महबूबनगर | 07.03.2025 | अगले आदेश तक |
| 12650 | हज़रत निज़ामुद्दीन | यशवंतपुर | | 08.03.2025 | |
| 12792 | दानापुर | सिकंदराबाद | जम्मीकुंटा | 12.09.2025 | |
| 22692 | हज़रत निज़ामुद्दीन | बेंगलूरु सिटी | यादगिर | 26.01.2026 | |
| 22691 | बेंगलूरु सिटी | हज़रत निज़ामुद्दीन | | 27.01.2026 | |
| 15023 | गोरखपुर जं. | यशवंतपुर | महबूबनगर | 02.02.2026 | |
| 12522 | एरणाकुलम जं. | बरौनी जं. | चीराला | 07.02.2026 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
2724/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

## सोना रिकॉर्ड स्तर से 200 रुपये फिसला और चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये टूटकर 1,06,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900-900 रुपये बढ़कर क्रमशः 1,07,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,07,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। चांदी भी बिकवाली के दबाव में रही और 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को चांदी 1,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। इस बीच, वायदा बाजार में, सोने और चांदी ने शुरुआती गिरावट के बाद तेजी से वापसी की और नए शिखर को छुआ। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में, अक्टूबर डिलिवरी वाले सोने की कीमत 447 रुपये बढ़कर 1,08,175 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

हरिभूमि **क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5983




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो–6
5.अनुक्षेपक,अंश –4
8.साथ–2
9.छोटी तलवार–3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार –2
11.दुश्मनी–4
12.इस जगह–2
14.अनवरत–4
16.लाचार,बेबस–3
18.धुलाई करना–4
20.न्यूनता,निम्नता–5
23.समुद्री यात्री–5
26.पूंजी,संपत्ति–4
27.असंयमी,स्वच्छंद–3
29.वन में रहनेवाला–4
30.उम्मीद,आशा–2
32.सौंठ,एक कंद–4
33.जोर,बल–2
35.बसंतकाल–3
36.जोश,उग्रता–2
37.पाताल–4
38.सभ्य,होनहार–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो–6
2.सांप,सर्प–2
3.दानेदार–4
4.जिगर,कलेजा–3
5.प्रेम,प्यार–3
6.पंख,पराया–2
7.मरियल, निर्बल–4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू–4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना–2
15.सुस्त,उनींदा–4
17.पदक–3
18.विश्वासघात–4
19.बहुमूल्य पत्थर–2
21.रानी,शहजादी–3
22.फलों का जूस–2
24.कुतरने वाला–4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी–2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित–4
28.पिता की बहन–2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत–4
31.बलवान–3
32.प्रार्थना–3
34.तिल,मस्सा–2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड–2

### शब्द पहेली- 5982 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# भारत ने जमकर किया अभ्यास, एशिया कप में खिताब पर टिकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| दुबई

*सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान और श्रीलंका के मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। एशिया कप इससे पहले टी-20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इसके बावजूद भारतीय टीम एशिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और इस बार तो पूरा शक्ति संतुलन उसके पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उसे हराना किसी भी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।*

## आज से एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट का आगाज

## भारत-पाकिस्तान के बीच 14 को होगी भिड़ंत




### आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना

भारतीय टीम को लेकर आत्मविश्वास इतना अधिक है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक बार भी एशियाई क्रिकेट परिषद की ओर से स्वीकृत 17 सदस्यीय टीम चुनने पर विचार नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना, भले ही इसका मतलब श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर रखना हो। नौवीं बार महाद्वीपीय खिताब जीतने से (सात बार वनडे प्रारुप में और वर्ष 2016 में एक बार टी-20 प्रारुप में) न तो सूर्यकुमार को और न ही गंभीर को कोई अतिरिक्त श्रेय मिलेगा। लेकिन ट्रॉफी से कम कुछ भी आलोचनाओं को आमंत्रित करेगा, क्योंकि साढ़े चार महीने बाद भारत और श्रीलंका टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।



### परिवर्तन के दौर से गुजर रही पाकिस्तान और श्रीलंका

पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों की टीम परिवर्तन के दौर से गुजर रही हैं और उनके लिए भारत की मजबूत टीम का सामना करना मुश्किल होगा। पाकिस्तान ने अपने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम में नहीं चुना है। उसकी सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली आक्रामक भारतीय बल्लेबाजी के सामने कैसी गेंदबाजी करते हैं।

### पर्याप्त आक्रामक नहीं बांग्लादेश

बांग्लादेश पूरे टूर्नामेंट में चुनौती बरकरार रखने के लिए पर्याप्त आक्रामक नहीं है। ग्रुप बी में हांगकांग के अलावा बांग्लादेश दूसरी ऐसी टीम है, जिसके शुरुआती चरण में बाहर होने की पूरी संभावना है। ऐसे में भारत के सामने एकमात्र बाधा अफगानिस्तान नजर आता है, जिसका स्पिन आक्रमण काफी मजबूत है और उसके पास अच्छे बल्लेबाज भी हैं। संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और हांगकांग के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। इस प्रतियोगिता में वह पिछले कुछ वर्षों में अपनी प्रगति का आकलन करना चाहेंगे।

## खबर संक्षेप



### लीजेंड्स टूर : रंधावा ने हासिल किया चौथा स्थान

**सैन सेबेस्टियन।** भारत के दिग्गज गोल्फर ज्योति रंधावा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 66 का स्कोर बनाया और यहां यूरोपीय लीजेंड्स कप में चौथे स्थान पर रहे। यह लीजेंड्स टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रंधावा के अंतिम राउंड के खेल में पाच बर्डी और एक ईगल बनाया और इस बीच केवल एक बोगी की। उन्होंने तीनों राउंड में कुल मिलाकर एक दर्जन बर्डी लगाईं। रंधावा के अंतिम राउंड का आकर्षण पार-4 के नौवें होल पर दो होल-आउट रहा। स्कॉट हेंड ने उत्तरी स्पेन के बासोज़ाबल में खेले गए इस टूर्नामेंट में एडिलसन दा सिल्वा और स्टीफन गैलाचर की चुनौती को समाप्त करके यूरोपियन लीजेंड्स कप दो शॉट से जीता।

### गावस्कर, शास्त्री, सहवाग कमेंट्री पैनल में



**नई दिल्ली।** सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और वीरेंद्र सहवाग के साथ-साथ पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण मंगलवार से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के बहुभाषी कमेंट्री पैनल का हिस्सा होंगे। इस टूर्नामेंट के 17वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले महाद्वीपीय वर्चस्व के लिए संघर्ष करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा।
भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री, गावस्कर, संजय मांजरेकर, रॉबिन उथप्पा, बाजिद खान, वकार यूनिस, वसीम अकरम, रसेल अर्नोल्ड और साइमन डूल उन कमेंटेटरों में शामिल हैं, जिन्हें प्रसारण के विश्व फीड के लिए चुना गया है। सहवाग, इरफान पठान, अजय जडेजा, पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर और सबा करीम हिंदी कमेंटेटरों के पैनल में प्रमुख नामों में शामिल हैं।

### ह्यूस्टन चैंपियनशिप: 50वें स्थान पर रहीं प्रणवी



**ह्यूस्टन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने चौथे दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद यहां ह्यूस्टन चैंपियनशिप में संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। अपने घरेलू टूर पर कई जीत हासिल कर चुकीं प्रणवी के लिए यह एक उतार-चढ़ाव भरा सप्ताह रहा, जिसमें उन्होंने 72-69-74 के कार्ड खेले। प्रतियोगिता में शामिल अन्य दो भारतीय खिलाड़ी अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक कट से चूक गईं थीं। प्राणवी आखिरी दौर में एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी (दूसरे, चौथे और 13वें होल पर) कर बैठी। स्पेन की नूरिया इटुरियोज ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया।

यानिक की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक तोड़ी

### सिनर पर दबदबा बरकरार रखते हुए हासिल की नंबर एक रैंकिंग

# अल्कराज बने अमेरिकी ओपन चैंपियन, छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। अल्काराज की सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह तीसरा मौका था जब दोनों लगातार ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़े। सिनर को हराकर 22 साल के अल्कराज, ब्योर्न बोर्ग के बाद छह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सिनर की हार्ड कोर्ट पर 27 मैचों की जीत की स्ट्रीक भी तोड़ दी। इस जीत के साथ, अल्कराज के नाम छह ग्रैंड स्लैम हो गए, जबकि सिनर के पास अभी चार बड़े खिताब हैं।



### 22 साल की उम्र में बनाया खास रिकॉर्ड

कार्लोस अल्कराज ने 22 साल और 125 दिन की उम्र में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम्स जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले मैट्स विलैंडर ने 24 साल और 6 दिन की उम्र में ये कमाल किया था और फिर राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच का नाम आता है। इसी के साथ कार्लोस अल्कराज ने पीआएफ एटीपी रैंकिंग्स में नंबर 1 पायदान हासिल कर लिया है। उन्होंने साल 2023 के बाद पहली बार ये रैंकिंग हासिल की है।

### परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया : सिनर

सिनर ने कहा, 'मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए।' सिनर ने कहा, 'आपने मुझसे बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। मैंने आज अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं कर सकता था।'



### अल्काराज ने की सिनर की तारीफ

खिताब जीतने के बाद, एल्कराज ने सिनर की जमकर तारीफ की। दोनों अक्सर बड़े टूर्नामेंट में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, और 2025 में यह तीसरा ग्रैंड स्लैम था। अल्कराज ने कहा, /"मैं यानिक से शुरू करना चाहता हूं। तुम पूरे सीजन में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हो, हर टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखा रहे हो। मैं तुम्हें अपनी फैमिली से ज्यादा देखता हूं। तुम्हारे साथ कोर्ट और लॉकर रूम शेयर करना शानदार है। मेरे आसपास के लोग, मेरी हर उपलब्धि आपकी वजह से है।

### कार्लोस पर पैसों की बारिश

22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज को यूएस ओपन 2025 का खिताब जीतने पर पिछले साल की तुलना में 39 प्रतिशत ज्यादा की इनामी राशि मिली। यूएस ओपन 2025 के सिंगल में विजेता को इनामी राशि के रूप में 5 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपए के अनुसार, करीब 44 करोड़ रुपए मिले हैं। बता दें कि, पिछले सीजन के विजेता को 31.74 करोड़ रुपए मिले थे। इसके अलावा रनर-अप रहे यानिक सिनर को 22 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले, जो की आईपीएल 2025 की आरसीबी को मिले प्राइज मनी से ज्यादा है।



### हांगकांग सुपर 500 में सात्विक-चिराग की जोड़ी करेगी अगुवाई

**हांगकांग।** विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी 9 जुलाई से शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इस जोड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन के बूते विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। यह जोड़ी मौजूदा सत्र में निरंतरता के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली जोड़ी रही है। वे बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारत, मलेशिया, चीन और सिंगापुर सहित कई प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चियु शिआंग चिएह और वांग ची-लिन के खिलाफ करेगी।

### सिंधू को बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में चीन की वांग झी यी को हराकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया था। उनका अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था। हांगकांग में सिंधू के सामने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टाफरसेन के खिलाफ अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। इस साल के उभरते सितारों में से एक यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ एक कठिन मुकाबला है। पूर्व विश्व नंबर छह लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक से चूकने के बाद से लय तलाश रहे है। वह चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई के खिलाफ आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

### युवा स्टार कंटेंडर टेटे टूर्नामेंट

# अनन्या-दिव्यांशी ने जीता अंडर-15 युगल का खिताब



एजेंसी ▶▶| स्कोपिया

अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की।

दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते।

अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

### जैसमीन विश्व चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में

**लिवरपूल।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया ने विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पहले पदक की ओर कदम बढाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि भारत के दो अन्य मुक्केबाज हारकर बाहर हो गए। तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रही जैसमीन ने महिलाओं के 57 किलो वर्ग के अंतिम 16 में ब्राजील की दो बार की ओलंपियन जूसीलेन सेरकीरा रोमेउ को 5-0 से हराया। दोनों के बीच जुलाई में अस्ताना टूर्नामेंट में भी स्वर्ण पदक के लिये मुकाबला हुआ था जिसमे जैसमीन विजयी रही थी। अब जैसमीन विश्व चैम्पियनशिप पदक से एक जीत दूर है। उनका सामना क्वार्टर फाइनल में एशियाई अंडर 22 चैम्पियन उजबेकिस्तान की कुमोराबोनू मामाजोनोवा से होगा। पुरूष वर्ग में अबिनाश जामवाल ने 65 किलो वर्ग में मैक्सिको के हुगो बैरोन को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## जूनियर हॉकी विश्व कप में चिली के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा मेजबान भारत

**चेन्नई।** मेजबान भारतीय टीम नवंबर दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान का आगाज 28 नवंबर को चिली के खिलाफ करेगी। पिछली चैम्पियन जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका के बीच मदुरै में उद्घाटन मैच खेला जायेगा। पहली बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में खेला जायेगा। एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री टी उदयनिधि स्टालिन , हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी में यहां आयोजित एक समारोह में टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई। इन 24 टीमों में पाकिस्तान भी शामिल है जिसे पहला मैच स्विटजरलैंड से 28 नवंबर को चेन्नई में खेलना है। पाकिस्तान ने हालांकि अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सुरक्षा कारणों का हवाला देकर बिहार के राजगीर में रविवार को समाप्त हुए एशिया कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी। भारत ने हालांकि कहा था कि पाकिस्तानी टीम को वीजा मुहैया कराया जायेगा।

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक

# हॉकी महिला एशिया कप : भारत ने सिंगापुर को 12-0 से दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| हांगझोउ (चीन)

नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां , 18वां , 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर -4 चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

### भारत ने पहले दो मिनट में गोल कर की शानदार शुरुआत

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाए जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया। इसकी शुरुआत नेहा ने रिबाउंड पर गोल कर की। मैच के 13वें मिनट में लालरेम्सियामी के गोल से टीम की बढ़त 3-0 हो गई।

### मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ एशिया कप हॉकी में टीम में बदलाव

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारतीय हॉकी टीम के लिए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को हटाकर युवा खिलाड़ियों को मौका देने का दांव एशिया कप में सही साबित हुआ, जिसके फाइनल में टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर आठ साल बाद इस खिताब जीतने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप का टिकट पक्का किया। यह जीत टीम को भविष्य में और बदलाव कर युवाओं को अधिक मौके देने के लिए प्रेरित करेगी। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के तीन खिलाड़ियों, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और नीलकंठ शर्मा को की जगह मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर शिलानंद लकड़ा को टीम में शामिल किया गया था। यह कदम एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि दोनों युवा खिलाड़ियों ने सिर्फ एक-एक गोल करने के बावजूद हाल ही में खत्म हुए टूर्नामेंट में काफी प्रभावित किया। भारत की कोर टीम में भविष्य में कुछ और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के बाद। अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप और जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत जूनियर विश्व कप के बाद कुछ होनहार जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर स्तर पर आजमा सकता है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | नागरिक हस्पताल, सोनीपत में वार्ड के लिए नेगेटिव एयर प्रैशर का प्रावधान + 1 कार्य। | 05.09.2025 12.09.2025 | 32.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज नारनौल | खैराना ब्लॉक कनीना-उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 04.09.2025 11.09.2025 | 92.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | रामसरन माजरा - गांव रामसरन माजरा, ब्लॉक बाबैन, जिला कुरूक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 04.09.2025 13.09.2025 | 72.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी (बाढड़ा) | गांव जीतपुरा ब्लॉक बाढड़ा में स्टेडियम की चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 04.09.2025 10.09.2025 | 55.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9671386870 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सिरसा | माधोसिंघाना - गांव माधोसिंघाना, ब्लॉक सिरसा, जिला सिरसा (एसएचसी) में सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 06.09.2025 12.09.2025 | 42.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक अर्थात जनरेटर सैट मदें निहित सूची। | 06.09.2025 01.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 58 मदों तक मदें निहित सूची (58 मदों का सिंगल लॉट)। | 06.09.2025 01.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/140/38472/I/88/7 दि. 08.09.25

# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ की दोहरी मार के लिए ट्रंप तैयार

## भारत की भी बढ़ेंगी मुश्किलें, अमेरिकी राष्ट्रपति के समर्थन में खड़े हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एक ओर यूक्रेन सरकार की आधिकारिक इमारतों पर मॉस्को के ड्रोन और मिसाइलों ने ताबड़तोड़ हमला बोला। तो दूसरी ओर उससे बौखलाए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर द्वितीयक पाबंदियों की धमकी के दूसरे चरण की तैयारियों का ऐलान कर दिया है। जिसकी जद में दुनिया के बाकी देशों के साथ भारत भी आएगा। जो रूस से लगातार कच्चे तेल की खरीद कर रहा है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की, ट्रंप के पक्ष में खड़े हो गए हैं और उन्होंने कहा है कि रूस से सौदा (तेल खरीद भी शामिल) करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का अमेरिका के राष्ट्रपति का निर्णय बिलकुल ठीक है। भारत पर अमेरिका ने पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है। जिसमें रूस से जारी तेल की खरीद पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ का 25 फीसदी भाग भी शामिल है। पिछले महीने 27 अगस्त से भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर यह पूरा टैरिफ लागू हो चुका है।




### ट्रंप पर भरोसा करना मुश्किल

बताते चलें कि अमेरिका के राष्ट्रपति का टैरिफ के दूसरे चरण की शुरुआत का जिक्र एक ऐसे समय पर किया गया है। जब बीते दिनों उन्होंने ट्रूथ सोशल पर की गई अपनी एक पोस्ट में पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त और महान प्रधानमंत्री बताया था। साथ ही कहा था कि भारत-अमेरिका के बीच विशेष संबंधों में चिंता की कोई बात नहीं है। उनकी इन भावनाओं को प्रधानमंत्री ने भी स्वीकार किया था। इन सबके बीच रूस से जारी तेल खरीद पर ट्रंप शुरुआत से ही भारत के सख्त खिलाफ रहे हैं। उनका ये कहना रहा है कि भारत, रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए उसे ईंधन (वित्तीय मदद) प्रदान कर रहा है। जिसकी वजह से ही उन्होंने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त दंडात्मक टैरिफ लगाया है।

### संघर्षविराम तक न पहुंचने से हुई निराशा

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ के दूसरे चरण की शुरुआत करने के बारे में बताया। उनसे पूछा गया था कि क्या वह रूस और उससे तेल खरीदने वालों पर एक नए चरण के साथ पाबंदियां (टैरिफ) लगाने के बारे में तैयार हैं? जवाब में ट्रंप बोले, हां मैं तैयार हूं। हालांकि इस बारे में उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं कहा। लेकिन टैरिफ के दूसरे चरण को लेकर अपने सख्त रवैये को जरूर जाहिर कर दिया। उनकी इस तैयारी के पीछे कहीं न कहीं बीते कुछ वक्त से रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने के लिए संघर्षविराम समझौते तक न पहुंचने की कुंठा भी एक वजह हो सकती है।

### अर्थव्यवस्था टूटेगी, पुतिन बातचीत करेंगे

राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के विचार को अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का भी समर्थन मिला है। एनबीसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे विचारों में बदलाव के साथ हम ये चाहते हैं कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) मिलकर रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर दूसरे चरण की पाबंदियां लगा सकते हैं। क्योंकि जब रूस की अर्थव्यवस्था की कमर टूटेगी, तभी पुतिन बातचीत की मेज पर आ जाएंगे।

### रूस से डील पर टैरिफ लगाना सहीः जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति को अपना समर्थन देते हुए कहा कि युद्ध के बीच में रूस से आर्थिक संबंध रखने वालों या उससे किसी भी तरह का सौदा करने वालों पर टैरिफ लगाना बिलकुल सही है। एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में जेलेंस्की ने यह जानकारी दी। उनसे तियानजिन में हालिया संपन्न हुए एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जिनपिंग-पुतिन और पीएम मोदी की मुलाकात की एक तस्वीर का जिक्र करते हुए ये प्रश्न पूछा गया था कि क्या ट्रंप की टैरिफ वाली योजना उलटा पड़ गई है? जवाब में जेलेंस्की ने कहा कि रूस से आने वाली किसी भी प्रकार की ऊर्जा या किसी भी अन्य चीज पर रोक लगानी चाहिए। इसका अर्थ यह है कि रूस के साथ किसी तरह की कोई डील नहीं होनी चाहिए। रूस से सौदा करने वालों पर टैरिफ लगाना बिलकुल जायज है।

### ईयू बंद करेगा रूसी तेल की खरीद?

वर्तमान में पहले चीन और उसके बाद भारत रूस से बड़े पैमाने पर तेल की खरीद कर रहा है। जबकि यूरोपीय संघ (ईयू) ने बीते वक्त में रूस पर से अपनी ऊर्जा निर्भरता को कम किया है। उनका कहना है कि 2027 तक ईयू में पूरी तरह से कटौती कर देगा। जिसके लिए उनके पास एक कार्य योजना भी मौजूद है।

### राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

रूस से तेल खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और उससे जुड़ी हुई तमाम धमकियों के बीच भारत पहले ही अपने रुख को साफ कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि सरकार अपने देश के नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। रूस से जारी उसकी तेल खरीद आम-जनता की ऊर्जा आवश्यकताओं और वैश्विक बाजार की परिस्थितियों पर पूरी तरह से निर्भर हैं। अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का निर्णय पूरी तरह से गलत और अविवेकपूर्ण है। ऐसे दौर में जब अमेरिका खुद रूस से व्यापार करने में लगा हुआ है तो वह भारत को ऐसा करने से कैसे रोक सकता है?

### टैरिफ के पहले राउंड का असर

*बताते चलें कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के पहले राउंड में भारत के अलावा दुनिया के जिन देशों पर ज्यादा टैरिफ लगाया है। उनमें ब्राजील पर भारत की ही तरह 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। जबकि चीन पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। दक्षिण-अफ्रीका पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का आंकड़ा चीन की तरह 30 फीसदी ही है। स्विट्जरलैंड पर 39 फीसदी, कनाडा पर 35 फीसदी, मैक्सिको पर अमेरिका ने 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। 15 फीसदी टैरिफ वाले देशों में जर्मनी, जापान, दक्षिण-कोरिया, इटली, फ्रांस, इजरायल, स्पेन, स्वीडन और नीदरलैंड जैसे देश शामिल हैं। जबकि जिन देशों पर अमेरिका ने 20 फीसदी टैरिफ लगाया है। उनमें वियतनाम, ताइवान मुख्य रूप से शामिल हैं।*

---

ब्राजील के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित की गई ब्रिक्स की आपातकालीन वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए बोले भारत के विदेश मंत्री

# ब्रिक्स का पूरा ध्यान अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने पर होना चाहिएः जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ की वजह से विश्व में बनी हुई आर्थिक उथल-पुथल के बीच सोमवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के आह्वान पर ब्रिक्स समूह की एक आपातकालीन वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल हुए। जबकि भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बैठक में भाग लिया। जयशंकर ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही टैरिफ संकट से पार पाने के लिए समूह को एक जरूरी सुझाव देते हुए कहा कि बीते कुछ वर्षों में दुनिया का सामना भीषण चुनौतियों और संघर्षों से हुआ है।

जिन्हें देखते हुए वर्तमान में ब्रिक्स का पूरा ध्यान वैश्विक अर्थव्यवस्था और वर्ल्ड ऑर्डर को स्थिर बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। साथ ही अमेरिका का नाम लिए बगैर उसे संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि विश्व को रचनात्मकता और सहयोग की भावना के साथ व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। बाधाओं को बढ़ाना और वित्तीय आदान-प्रदान को जटिल बनाना कहीं से भी मददगार साबित नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने ब्रिक्स देशों पर ही सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया है। जिसमें भारत पर 50 फीसदी, ब्राजील पर 50 फीसदी, चीन पर 30 फीसदी और दक्षिण अफ्रीका पर भी 30 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस पर द्वितीयक पाबंदियां बढ़ाने को लेकर भी अपनी मंशा साफ कर दी है। जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ में और अधिक बढ़ोतरी की आशंका गहरा गई है। भारत भी इसमें शामिल है।

### असफल साबित होती बहुपक्षीय व्यवस्था




उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से लेकर यूक्रेन, मध्य-पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों, व्यापार-निवेश संकट और अप्रत्याशित जलवायु संबंधी घटनाओं ने न केवल सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के हमारे एजेंडे की रफ्तार को धीमा किया है। बल्कि दुनियाभर में फेल हो रही बहुपक्षीय व्यवस्था के सच को भी उजागर कर दिया है। गंभीर तनाव के कई मुद्दे आज भी बिना किसी समाधान के यूं ही पड़े हुए हैं। जिनका विश्व व्यवस्था पर प्रभाव पड़ रहा है। यह एक सामूहिक चिंता का मसला है।

### संघर्षों से प्रभावित होती सप्लाई चेन

जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स हालांकि विविधतापूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करता है। जिस पर उक्त घटनाक्रमों का गहराई से प्रभाव पड़ता है। पूर्व में समूह देश अपनी राष्ट्रीय नीतियों के मद्देनजर एक समान विचार को खोजते थे। जिसके तहत हमें आगे बढ़ना होता था। लेकिन आज हमारा ध्यान वैश्विक अर्थव्यवस्था और वर्ल्ड ऑर्डर की स्थिरता पर केंद्रित होना चाहिए। लेकिन यहां ये भी महत्वपूर्ण है कि हम अपना ध्यान संघर्षों पर भी लेकर जाएं। क्योंकि इनका विकास और सप्लाई चेन प्रभावों से सीधा संबंध है। उन्होंने ब्रिक्स के अन्य भागीदार देशों के राष्ट्राध्यक्षों का ध्यान न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के आगामी सत्र की ओर ले जाते हुए कहा कि यह हमारे लिए अवसर होगा। जब हम बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधारों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। यूएनएससी और यूएन में सुधारों की नितांत आवश्यकता पर जयशंकर ने बल देते हुए कहा कि ब्रिक्स को इसके लिए सामूहिक रूप से आवाज उठानी चाहिए।

### विश्व व्यापार के कायदों का पालन जरूरी

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मूलभूत सिद्धांतों में खुलापन, स्वतंत्रता, पारदर्शिता, गैर-भेदभाव वाली प्रणाली, समावेशी रुख और समानता के साथ ही विकासशील देशों के साथ नियम आधारित विशेष व्यवहार शामिल रहा है। भारत को यह विश्वास है कि इसे संरक्षण के साथ ही बढ़ावा दिया जाएगा। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में व्यापार पैटर्न और बाजारों तक पहुंच बड़े मुद्दे बनकर उभरे हैं। व्यापार में बाधाओं को बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं निकलेगा। समूह देश आपस में व्यापार प्रवाह का आकलन कर इस संबंध में उदाहरण पेश कर सकते हैं। भारत की चिंता ब्रिक्स देशों के साथ हमारे व्यापार घाटे के संदर्भ से जुड़ी हुई है। जिनका हम जल्द समाधान चाहते हैं। भारत को उम्मीद है कि आज की बैठक के परिणामों में इस मामले को भी शामिल किया जाएगा।

### ग्लोबल साउथ की अनदेखी पड़ेगी भारी

विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में जारी संघर्षों का तत्काल समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। ग्लोबल साउथ के देश खासतौर पर खाद्य, ऊर्जा और उर्वरक संकट से जूझ रहे हैं। जब शिपिंग को निशाना बनाया जाता है तो उससे केवल व्यापार ही नहीं बल्कि जीविका पर भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। चुनिंदा संरक्षण वैश्विक जवाब नहीं बन सकता है। शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और कूटनीति के मार्ग पर लौटना ही एक मजबूत और वास्तविक समाधान है। उन्होंने कहा कि भले ही दुनिया नीतिगत चुनौतियों का सामना कर रही है। लेकिन हमें बड़ी समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन से मुंह नहीं चुराना चाहिए। यह बेहद दुखद है कि आज की हकीकत में जलवायु कदम और जलवायु न्याय जैसे मुद्दे पिछड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस संबंध में हमें नए विचारों और कदमों की जरूरत है। जयशंकर ने भारत द्वारा उठाए गए ग्लोबल सोलर अलायंस, सीडीआरआई और ग्लोबल बॉयोफ्यूल अलायंस का भी उल्लेख किया।

---

मेहुल चोकसी लाया जाएगा हिंदुस्तान!

# बेल्जियम सरकार को लिखे पत्र में भारत ने बताया देंगे जेल में सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ की कथित धोखाधड़ी के मामले में आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी के चार महीने बाद भारत ने वहां की सरकार को एक आश्वासन पत्र भेजा है। गृह मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार पांडे ने 4 सितंबर को बेल्जियम के अधिकारियों को भेजे एक पत्र में कहा कि भारत सरकार ने भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए चोकसी के बेल्जियम से प्रत्यर्पण की मांग की है। इस पत्र में भारत ने कहा है कि अगर मेहुल चोकसी को भारत लाया गया, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड जेल परिसर में ही रखा जाएगा। पांडे ने अपने पत्र में कहा कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। अगर वह दोषी पाया जाता है, तो उसे संभावित हिरासत की पूरी अवधि के दौरान एक ऐसी कोठरी में रखा जाएगा, जहां उसे कम से कम तीन वर्ग मीटर की निजी जगह मिलेगी। उसे जिस डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा, वहां उसे एक साफ और मोटी सूती चटाई, तकिया, चादर और कंबल दिया जाएगा। अगर मेडिकल जरूरत हुई तो उसे लकड़ी का चारपाईनुमा बिस्तर भी दिया जा सकता है।



---

कुलगाम में आतंकियों संग मुठभेड़ जारी

# 2 आतंकी ढेर, एक जवान शहीद 2 घायल, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर पुलिस के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुड्डर जंगल में मुठभेड़ हो रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एसओजी काम पर हैं। तलाशी अभियान के दौरान जंगल में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की है, सुरक्षाबलों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना के अनुसार, अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया। अभियान जारी है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने जंगल को घेर लिया है। सुरक्षा बल ने आर.एस. पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है।



---

भारत और इजराइल के मध्य हुआ समझौता

# दोनों देशों ने द्विपक्षीय 'निवेश संधि' पर किए हस्ताक्षर, मुक्त व्यापार समझौते पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इजराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार और इजराइल सरकार ने आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजालेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। अप्रैल 2000 से जून 2025 के दौरान, भारत को इजराइल से 337.77 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ है। इस समझौते पर हस्ताक्षर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं।

### वित्त मंत्री को इजराइल आने का दिया निमंत्रण




दोनों देशों के मंत्रियों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी नवाचार, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, वित्तीय विनियमन और डिजिटल भुगतान कनेक्टिविटी के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक और वित्तीय सहयोग बढ़ाने और पारस्परिक आधार पर निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने पर सहमत हुए। इजराइल के वित्त मंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री को इजराइल आने का निमंत्रण भी दिया।

### साइबर सुरक्षा, रक्षा, नवाचार और उच्च प्रौद्योगिकी में करेंगे सहयोग

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इजराइल में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के समक्ष आतंकवाद के खतरे को स्वीकार किया और एक-दूसरे के प्रति एकजुटता व्यक्त की। इजराइली वित्त मंत्री ने सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बावजूद उच्च आर्थिक विकास हासिल करने में दोनों देशों की मजबूत साझा पृष्ठभूमि का जिक्र किया। इजराइल के वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा, रक्षा, नवाचार और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109